# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 255
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
शनिवार | 29 जून, 2024


## दो हजार करोड़ से यूपी में स्थापित होगा बायो प्लास्टिक पार्क: योगी

- सीएम योगी ने परियोजना को तेजी से पूरा करने के दिये निर्देश
- पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में मददगार होगा बायो प्लास्टिक पार्क
- लखीमपुर खीरी में 1000 हेक्टेयर में बनेगा पार्क, जमीन की तलाश तेज
- बलरामपुर चीनी मिल फर्म द्वारा कुंभी गांव में बनेगा बायो प्लास्टिक पार्क



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

बायो प्लास्टिक के निर्माण के जरिए पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में जुटी योगी सरकार प्रदेश में दो हजार करोड़ से बायो प्लास्टिक पार्क की स्थापना करने जा रही है। प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद के गोला गोकर्णनाथ तहसील के कुम्भी गांव में 1000 हेक्टेयर में स्थापित होने वाले इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये हैं। इस पार्क को बलरामपुर चीनी मिल फर्म द्वारा बनाया जाएगा, जिससे यहां ने केवल बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा बल्कि बायो प्लास्टिक पार्क बनने से क्षेत्र में कई अन्य सहायक उद्योग भी स्थापित हो सकेंगे। पार्क के विकास के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीडा को नोडल बनाया जाएगा।

### निर्मित किये जा सकेंगे कई प्रकार के औद्योगिक उत्पाद

बायो प्लास्टिक एक प्रकार का प्लास्टिक होता है जो प्राकृतिक सामग्रियों, जैसे कि मक्का, सूरजमुखी या शक्कर के कणों से बनाया जाता है। इसे प्राकृतिक प्लास्टिक भी कहा जाता है। यह तेजी से विघटित हो जाता है, जिससे इसका पर्यावरण में प्रदूषण प्रभाव कम होता है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देता है, बल्कि इसका उपयोग अलग-अलग उद्योगों में भी किया जा सकता है, जैसे कि पैकेजिंग, रेडिमेड वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य औद्योगिक उत्पाद। इसके विकास और उपयोग से प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे को कम करने में मदद मिलती है और पर्यावरणीय स्थिति में सुधार करने में यह बहुत ही ज्यादा सहायक साबित हो सकता है।

### पार्क में होंगे वैज्ञानिक अनुसंधान

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास से नए वैज्ञानिक व तकनीकी क्षेत्र में नौकरी के अवसर भी उत्पन्न होंगे ही साथ ही ये पार्क वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा, जहां वे नवीनतम प्रौद्योगिकियों और अनुसंधानों के माध्यम से प्लास्टिक निर्माण की क्षमताओं को विकसित कर सकते हैं। इस पार्क में प्लास्टिक से जुड़ी विभिन्न प्रौद्योगिकियों का विकास और अध्ययन भी किया जाएगा। पार्क में वैज्ञानिक अनुसंधान होंगे, जिससे प्लास्टिक के प्रभावी उपयोग और पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीकी उत्पाद विकसित किए जा सकेंगे। इसके जरिए प्लास्टिक से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान निकाला जा सकेगा। साथ ही प्लास्टिक के प्रदूषण को कम करने और प्रदूषित प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीकियों का अध्ययन किया जाएगा।

## आयुर्वेदिक चिकित्सालय की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला

- लखनऊ पुलिस की सरकार विरोधी कार्यशैली 18 महीने बाद भी पूरी नहीं हो पाई जांच
- मुख्यमंत्री योगी तक पहुंचा है मामला, रडार पर कई अधिकारी व सफेदपोश

जन एक्सप्रेस | विश्वामित्र पांडेय


चकबंदी अधिकारियों के सहारे अपनी नैया पार लगाने की फिराक में अवैध कब्जेदार
कथित भूमाफिया शिवकुमार तिवारी को है किस सफेदपोश का संरक्षण ?
जिला पंचायत की भूमि पर कब्जे के संबंध में दस लोगों पर स्थानीय थाने में दर्ज है एफआईआर!

लखनऊ। लखनऊ पुलिस की बेहतरीन कार्यशैली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बंथरा सिकंदरपुर स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय की भूमि पर कथित भूमाफियाओं द्वारा कब्जा किए जाने की प्राथमिकी दर्ज हुए लगभग 18 महीने हो चुके हैं, जिसमे कई जांच अधिकारी भी बदले जा चुके हैं लेकिन अभी भी बंथरा पुलिस मामले में चार्जशीट नहीं दाखिल कर पाई है। इसे बंथरा पुलिस की लापरवाही कहा जाए या फिर जिला पंचायत की उदासीनता यह समय तय करेगा, लेकिन इस मामले में मा उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद पीपी एक्ट के तहत चल मुकदमे की सुनवाई लगभग पूरी हो चुकी है जल्द ही फैसला आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### मामले में निशब्द हैं पुलिस के अधिकारी

आयुर्वेदिक चिकित्सालय की खसरा संख्या 544/2021 रकबा 0.177 पर अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध स्थानीय थाने में जिलापंचायत की तहरीर पर 68/2023 मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिसकी जांच कृष्ण नगर एसीपी की निगरानी में बंथरा पुलिस आज तक नहीं कर पाई। मामले में बंथरा थाना प्रभारी से बात की गई जिसमे उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण में पुनर्विवेचना जारी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के कारण मामले में जानकारी करके बताने की बात कही।

### मुख्यमंत्री योगी तक पहुंचा है मामला, रडार पर कई अधिकारी व सफेदपोश

बंथरा सिकंदरपुर स्थित जिला पंचायत लखनऊ द्वारा पूर्व में संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सालय की भूमि पर कब्जे को लेकर मा उच्च न्यायालय द्वारा दिशा निर्देश भी जारी किया जा चुका है, जिसकी समय सीमा दो माह तय की गई थी। वहीं प्रकरण के शिकायतकर्ता ने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से व्यक्तिगत मुलाकात कर मामले की पूरी जानकारी दी है। जानकारों की माने तो मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लिया है, जिसके चलते मामले में सिथिलता बरतने वाले कई अधिकारी और सफेदपोश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रडार पर आ सकते हैं।

### पीपी एक्ट में आज आ सकता है एसडीएम कोर्ट का फैसला

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उप जिलाधिकारी न्यायालय सरोजिनी नगर में सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत जारी मुकदमे में अंतिम बहस हो चुकी है। जिसकी अगली तारीख 29 जुलाई निर्धारित की गई थी। ऐसा माना जा रहा है कि जल्द ही उप जिलाधिकारी न्यायालय का फैसला आ सकता है।

## सरकार ने बुलाई आपात बैठक, बनाया जाएगा कंट्रोल रूम, जलभराव की शिकायत के लिए नंबर जारी

जन एक्सप्रेस | नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने इस पर आपातकालीन बैठक की। बैठक में मंत्री और अधिकारी शामिल हुए। इसके बाद दिल्ली जलभराव से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। दिल्ली को बारिश में डूबने से बचाने के लिए सिविक एजेंसियां हर कदम पर नाकाम दिखीं। अभी तक किसी तरह का इमरजेंसी रेसपॉन्स सिस्टम तैयार नहीं हो सका है। नालों से गाद निकालने का काम भी अधूरा है। वहीं, बचाव के लिए बाढ़ नियंत्रण विभाग ने कोई आदेश जारी नहीं किया। इस बेपरवाही का नतीजा शुक्रवार की बारिश में दिल्लीवालों को झेलना पड़ा। यह तथ्य डूबने का बाद दफ्तर में मौजूदा स्थिति का आकलन करने के लिए बैठी सरकारों के सामने आया है। एलजी ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी अधिकारियों की छुट्टी रद्द कर दी है। वहीं, छुट्टी पर गए अधिकारी तत्काल प्रभाव से लौटने को कहा है। अगले दो माह तक किसी भी अधिकारी को कोई छुट्टी नहीं मिलेगी। वहीं दिल्ली सरकार ने इस पर आपातकालीन बैठक की। शिकायत के लिए 1800110093 नंबर पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा जलभराव की शिकायत के लिए 8130188222 नंबर पर व्हाट्सएप कर सकते हैं।

## पांच दिनों में पूरे प्रदेश में छाएगा मानसून, इन जिलों में भारी बरसात का अलर्ट, बिजली गिरने से 20 की मौत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ। यूपी में मानसून कई जिलों में पहुंच चुका है। आने वाले पांच दिनों में यह पूरे प्रदेश में छा जाएगा। मौसम विभाग ने भारी बारिश वाले जिलों में अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में मानसून एक्सप्रेस लगातार आगे बढ़ रही है। बृहस्पतिवार को प्रदेश के कई इलाकों में झमाझम के साथ सुहाने हुए मौसम ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। दिन और रात के तापमान में गिरावट हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले चार- पांच दिनों में मानसून के पूरे प्रदेश में छा जाने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार की सुबह 8.30 बजे तक आगरा, अलीगढ़, मथुरा-वृंदावन, मुरादाबाद में 70 मिमी से अधिक पानी बरसा। अयोध्या, बहराइच, बलिया, बुलंदशहर, फतेहपुर, फुरसतगंज, हमीरपुर में 50 से 60 मिमी के बीच बरसात रिकार्ड की गई। गाजीपुर में 100 मिमी बरसात रिकॉर्ड की गई थी। आगरा, अलीगढ़, शाहजहांपुर में भी अच्छी बरसात रिकार्ड हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, मानसून की अरब सागर की शाखा अधिक सक्रिय है। बृहस्पतिवार को कई स्थानों पर बारिश के साथ बिजली भी गिरी। इससे प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर 20 लोगों की मौत हो गई। वाराणसी और आसपास के जिलों में 10 लोगों की मौत हो गई। हमीरपुर में तीन, महोबा, बरेली में दो-दो लोगों की बिजली गिरने से मौत हो गई। बंदायूं, महाराजगंज और झांसी में एक-एक की जान गई है।

## राजा भैया की पत्नी भानवी कुमारी ने गृह मंत्री से मांगा न्याय

### गृहमंत्री अमित शाह से कहा, उनकी संपत्ति हड़पने और हेराफेरी करने वाले एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह को बचा रही है ईओडब्लू

- यूपी से विधायक और बाहुबली नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनसे जुड़े विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहे
- राजा भैया के भाई हैं एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह, भानवी की कंपनी में बन बैठे डायरेक्टर
- अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भानवी कुमारी ने गृहमंत्री से न्याय दिलाने की मांग की है



जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

लखनऊ। यूपी से विधायक और बाहुबली नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनसे जुड़े विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहे हैं। पति राजा भैया के साथ ही उनके भाई एमएलसी और भानवी कुमारी की कंपनी में डायरेक्टर रहे अक्षय प्रताप सिंह से प्रताड़ित होने का आरोप लगाने वाली भानवी कुमारी ने अब गृहमंत्री अमित शाह से गुहार लगाई है।

भानवी कुमारी का आरोप है कि अक्षय प्रताप सिंह द्वारा उनकी संपत्ति हड़पने और हेराफेरी करने संबंधी मामले में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) अक्षय प्रताप सिंह को बचाने का कुचक्र रच रही है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भानवी कुमारी ने गृहमंत्री से न्याय दिलाने की मांग की है। भानवी सिंह ने 27 जून को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व में ट्विटर) पर एक ऐसा पोस्ट किया, जिससे एक बार फिर राजनीतिक हलचल बढ़ गई।

दरअसल, भानवी सिंह ने राजा भैया के भाई अक्षय प्रताप सिंह से चल रहे अपने विवाद के मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से न्याय दिलाने की मांग की है। भानवी कुमारी ने ईओडब्लू पर बड़ा आरोप लगाया है। भानवी सिंह ने दावा करते हुए कहा है कि ईओडब्लू राजा भैया के मुँहबोले भाई अक्षय प्रताप सिंह को बचाने की कोशिश कर रही है। ऐसे में उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मामले में हस्तक्षेप कर निष्पक्षता बरकरार रखने की मांग की है।

### आरोप : अक्षय प्रताप ने उनके फर्जी साइन कर कंपनी के ज्यादातर शेयर हथिया लिए

भानवी सिंह ने अक्षय प्रताप के खिलाफ ईओडब्लू में वित्तीय गड़बड़ी को लेकर केस दर्ज कराया था। दरअसल,भानवी और अक्षय एक कंपनी साथ में मिलकर चला रहे थे। भानवी का आरोप है कि अक्षय ने उनके फर्जी साइन कर कंपनी के ज्यादातर शेयर हथिया लिए। इस मामले में राजा भैया ने शुरू से अपने भाई का साथ दिया था।

### भानवी बस्ती के राजा के छोटे बेटे कुंवर रवि प्रताप सिंह की बेटी हैं

भानवी कुमारी का ताल्लुक बस्ती राजघराने से है। उनका जन्म 10 जुलाई 1974 को हुआ था। भानवी बस्ती के राजा के छोटे बेटे कुंवर रवि प्रताप सिंह की बेटी हैं। रवि प्रताप सिंह के 4 बेटियां हैं, जिनमें भानवी उनकी तीसरे नंबर की बेटी हैं। भानवी सिंह की शुरुआती पढ़ाई बस्ती में ही हुई थी। इन्होंने अपनी आठवीं तक की पढ़ाई बस्ती के सेंट जोसेफ स्कूल से पूरी की। उसके बाद आगे की पढ़ाई पूरी करने के लिए वह अपनी मां मंजुल सिंह के साथ लखनऊ चली गईं।

### 1995 में हुई थी राजा भैया से शादी

भानवी कुमारी की शादी प्रतापगढ़ के राजपूत भदरी रियासत के राजा उदय प्रताप सिंह के बेटे कुंवर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया से 1995 में हुई थी। 17 फरवरी, 1995 में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की बारात बस्ती के राज महल में आई। इसके बाद राजघराने के पूरे रीति रिवाज के साथ भानवी सिंह और राजा भैया के शादी हूई थी।

### 2023 में दर्ज कराया था मामला

भानवी ने फरवरी 2023 में दिल्ली की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) विंग में एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह के खिलाफ आइपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 109 और 120बी के तहत केस दर्ज कराया था।

### भानवी को हटाकर डायरेक्टर बन गए अक्षय प्रताप

भानवी का आरोप है कि जब कंपनी बनाई थी तब मैं स्वयं और मेरी बड़ी बेटी ही कंपनी के डायरेक्टर थे। अक्षय प्रताप ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर उनकी कंपनी के शेयर हथिया लिए हैं। इसके लिए उन्होंने मेरे (भानवी सिंह के) फर्जी डिजिटल साइन बनवाए। कंपनी में 2017 में उन्हें हटाकर खुद डायरेक्टर बन गए।

### सवा साल बाद भी ईओडब्लू ने शुरू नहीं की जांच

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को संबोधित संदेश में अपील की कि उन्होंने फरवरी 2023 में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा एमएलसी अक्षय प्रताप समेत सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी समेत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। अपना बयान भी दर्ज कराया था, लेकिन मुकदमा दर्ज हुए एक वर्ष से अधिक का समय बीत गया, अभी तक पुलिस ने जांच के नाम पर कोई कार्रवाई नहीं की है। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने उत्तर प्रदेश के अमेठी के अक्षय प्रताप सिंह के साथ ही अनिल कुमार सिंह, इंद्र देव पटेल, प्रतापगढ़ के कुंडा के उमेश कुमार निगम, हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, लखनऊ के सीए अरुण कुमार रस्तोगी और राम देव यादव व अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### सभी आरोपित कंपनी के जरिये बेनामी संपत्तियों का भी कारोबार कर रहे

भानवी की कंपनी श्री द प्रापर्टीज प्राइवेट लिमिटेड है। इस कंपनी की अमेठी, लखनऊ और दिल्ली-एनसीआर में कई संपत्तियां हैं। आरोप है कि सभी आरोपित कंपनी के जरिये बेनामी संपत्तियों का भी कारोबार कर रहे हैं।

### न्याय मांगना है तो बड़े महाराज और राजा भैया के पास जाएं: अक्षय प्रताप

इस मामले में एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी का कहना है कि उन्होंने (भानवी सिंह) ने जितने पैसे का आरोप लगाया है, उतना पैसा तो सामूहिक विवाह में हर वर्ष खर्च होता है। अगर न्याय मांगना है तो वह बड़े महाराज और राजा भैया के पास जाएं, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# विधिक साक्षरता शिविर में श्रमिकों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल के निर्देशन में श्रम आयुक्त कर्वी द्वारा शुक्रवार को ट्रैफिक चैराहा में श्रमिकों को कानूनी सेवाओं से सम्बन्धित विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।




शिविर में वरिष्ठ सहायक श्रम विभाग राकेश कुमार ने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख विशेषता यह है कि कामगारों की बहुत बडी संख्या असंगठित क्षेत्र में काम कर रही है। असंगठित क्षेत्र में कामगारों की संख्या अधिक है, इनमें कृषि क्षेत्र में कार्य कर रही है, दूसरे बडे क्षेत्र में निर्माण, लघु उद्योग, ठेकेदारों द्वारा बडे उद्योगों में नियोजित कामगार, घरेलू कामगार, ऐसे कामगार जो जंगलों की पैदावार पर निर्भर हैं, मछली पालन एवं स्वतः रोजगार आदि शामिल हैं। इस अवसर पर पैरालीगल वालेण्टियर अरविन्द कुमार, रामसागर ने आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार व विधिक जानकारी से सम्बन्धित पैम्पलेट का वितरण किया गया।

# जुलाई प्रवेश सत्र से इग्नू ने शुरू किए नए कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ मनोरमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए नए कार्यक्रम शुरू किये जा रहे हैं। यह सभी कार्यक्रम रोजगारपरक हैं जो शिक्षार्थियों के लिए लाभप्रद सिद्ध होंगे।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा विकसित किया गया है। यह कार्यक्रम विभिन्न विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, प्रबंधन संस्थानों और प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा विकसित किया गया है, जिनके पास प्रबंधन, अस्पताल, प्रशासन और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों में विशेषज्ञता है। शिक्षार्थी इस पाठ्यक्रम को पूरा करके स्वास्थ्य सेवाओं में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना महत्वपूर्ण योगदान देने में सक्षम होंगे। यह कार्यक्रम प्रशिक्षित कार्यबल का एक पूल विकसित करेगा। इसे निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल संस्थाओं सम्बन्धित संगठनों और अस्पतालों द्वारा कुशल सहायता प्रदान करने और दूरदराज सहित देश भर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नियोजित किया जा सकता है। कार्यक्रम में एडमिशन लेने के लिए उम्मीदवार द्वारा ग्रेजुएशन में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए होने चाहिए। आरक्षित वर्गों के उम्मीदवार ने ग्रेजुएशन में कम से कम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हो। इस प्रोग्राम में 4 सेमेस्टर कुल 112 क्रेडिट के होंगे। प्रोग्राम करने के बाद छात्र मैनेजर बनेंगे। अगर आप हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट में एमबीए करना चाहते हैं, लेकिन आपके पास रेगुलर कॉलिज जाने का समय नहीं है। तो आप इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू से हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट में एमबीए प्रोग्राम कर सकते हैं। प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य स्किल्ड लोगों के समूह को तैयार करना है, जो आगे जाकर हेल्थ केयर इंस्टीट्यूशनए उससे जुडी संस्थाएं एवं सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल में अच्छी सेवाएं दे सकें। इग्नू इस प्रोग्राम के जरिए देश के दूर दराज इलाकों में उच्च स्तरीय हेल्थकेयर सेवाएं पहुंचाना चाहता है।

# राइफल लेकर फल विक्रेता को धमकाने वाले युवक पर हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस | उरई**

शहर कोतवाली के समीप भगत सिंह चौराहे पर बीते दिन बुधवार की देर शाम एक व्यक्ति द्वारा फल विक्रेता पर राइफल तानकर धमकाना शुरू कर दिया। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई और इस दौरान किसी ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो संज्ञान में आते ही हरकत में आई पुलिस ने घटना की छानबीन कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाली के समीप भगत सिंह चौराहे पर बीते दिन बुधवार की देर शाम एक व्यक्ति की फल विक्रेता से किसी बात को लेकर नोंक झोंक हो गई। मामला इतना बढ़ा कि मामूली कहासुनी के बाद उसने फल विक्रेता के ऊपर राइफल तान दी। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई और इस दौरान किसी ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो संज्ञान में आते ही हरकत में आई पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी। मामले में क्षेत्राधिकारी गिरजाशकर त्रिपाठी ने बताया कि फल विक्रेता को राइफल दिखाकर धमकाने वाला वीडियो वायरल होते उसे संज्ञान में लिया गया। इतना ही नहीं बल्कि तत्परता दिखाते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई थी। पुलिस ने छानबीन उसकी पहचान चिंटू द्विवेदी निवासी स्टेशन रोड चंद्र नगर के रूप में की और उसे गिरफ्तार घर कार्रवाई की गई। बल्कि असलहा के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा रही है।

# जियोपार्क स्थापना के लिए 1 से 3 अगस्त को होगी फील्ड वर्कशॉप

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

सोसाइटी ऑफ अर्थ साइंस, आईआईटी कानपुर, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चित्रकूट को सम्भावित यूनेस्को जियोपार्क के रूप में स्थापित करने के लिए 1-3 अगस्त को एक कार्यशाला आयोजित की जा रही है।



संस्था के महासचिव एवं कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. सतीश त्रिपाठी ने बताया कि जियोपार्क एकल, एकीकृत भौगोलिक क्षेत्र होता हैं, जहां सुरक्षा, शिक्षा और सतत विकास की समग्र अवधारणा के साथ क्षेत्र के इतिहास और संस्कृति के साथ अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक महत्व के स्थलों और परिदृश्यों का प्रबंधन किया जाता है। वनवासी राम से जुड़ाव के अतिरिक्त चित्रकूट और इसके आस-पास का क्षेत्र अपनी विशिष्ट भूगर्भिक सम्पदा, प्राकृतिक सौन्दर्य और सांस्कृतिक विशिष्टता के कारण वैश्विक जियो पार्क घोषित होनें की अर्हता रखता है। डीएसएन कॉलिज उन्नाव के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष अनिल साहू नें बताया कि उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश राज्य सरकारों के संयुक्त प्रयास से यदि इस क्षेत्र को वैश्विक जियोपार्क का दर्जा प्राप्त होता है तो न केवल क्षेत्र को वैश्विक मान्यता मिलेगी वरन स्थानीय निवासियों का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक उन्नयन होगा। इसी दिशा में प्रयास के लिए यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है ताकि वैज्ञानिक जगत द्वारा चित्रकूट के वैश्विक जियो पार्क होने की सम्भावना का परीक्षण कर उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश राज्य सरकारों को प्रस्ताव भेज कर इस अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा सके। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण विद डॉ. अश्वनी अवस्थी ने चित्रकूट के वैश्विक जियो पार्क घोषित होनें के लिए स्थानीय निवासियों द्वारा इस दिशा में सार्थक प्रयास किये जाने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि यदि चित्रकूट जियो पार्क घोषित होता है तो अनियोजित विकास की योजनाओं तथा निर्माण कार्यों से चित्रकूट की भू एवं सांस्कृतिक सम्पदा को बचाया जा सकेगा। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता आनन्द सिंह पटेल ने बताया कि चित्रकूट जियोपार्क से चित्रकूट के धार्मिक-भूस्थलों को वैश्विक पहचान मिलेगी। कार्यशाला का आयोजन आगामी 1-3 अगस्त दीन दयाल शोध संस्थान (आरोग्यधाम) सतना में होगा। जिसमें भारत सरकार, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं वन मंत्रालय के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, यूनेस्को नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्यशाला में भाग लेंगे।

## एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान अधिकारी कर्मचारी का टर्न आउट जांच किया गया। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी गयी एवं आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा, आवासीय परिसर, मेस का भ्रंमण कर खाने को साफ सफाई से बनवाने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में आयी फरियादी की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## नित हो रही सांसें कम आओ पेड लगाये हम: सर्वेश यादव

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश 22 करोड आबादी वाला राज्य है, अगर हर आदमी केवल एक पेड लगाये तो साल भर में 30 सेल्सियस से भी कम तापमान हो जायेगा। चित्रकूट में वृक्ष पुरुष नाम से प्रसिद्ध शिक्षा मित्र शिक्षक सर्वेश यादव लगातार पेड पौधे लगाने के लिए लोगों को जागरूक करते रहते हैं। उन्होंने अपने गाँव सेमरिया चरण दासी में हर घर के सामने एक पेड अभियान चलाया है। जिसके जरिये वो पेड लगाकर उसे सुरक्षित भी करते हैं और उसकी देखभाल भी करते हैं। इस बार अपने पुत्र शौर्य के जन्मदिन पर उन्होंने परिवार सहित गाँव में एक घर के सामने एक पेड़ लगाया और उस पेड को अपने पुत्र का नाम दिया। सामाजिक पर्यावरण चिन्तक सर्वेश यादव ने कहा कि मन्दिरों में बंटे अब यही प्रसाद, एक पौधा और थोडी सी खाद, हर मस्जिद से यही अजान, दरख्त लगाये हर इंसान। उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुये कहा कि नित हो रही हैं सांसें कम आओ पेड लगाये हम।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में 29 और 30 जून को होगा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** खेतिहर श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण से कृषि प्रक्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दृष्टि से आगामी 29 और 30 जून को बाल्मीकि सभागार, सीएमसीएलडीपी भवन में आयोजित होगा। राष्ट्रीय संगोष्ठी संयोजक प्रो अमर जीत सिंह निदेशक लिंक ऑफिसर सीएमसीएलडीपी ने बताया कि आयोजन से जुडी गतिविधियों और व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए परिवहन, आवास, पंजीकरण, टेक्निकल सेशन, हाई टी, खेतिहर श्रमिक, मंच, मीडिया, फोटोग्राफी, प्रकल्प दर्शन, कृषि प्रक्षेत्र, राम घाट आरती दर्शन, कार्यालय, दीप प्रज्वलन, साइड सीन, झंडा एवं साज सज्जा, स्वच्छता और रेखांकन, परिवहन आदि व्यवस्थाओं के प्रमुखों को नामित किया गया है।

# तेज प्रकाश बने जिला संयोजक व कमल शुक्ला बने जिला सह संयोजक

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चित्रकूट में तेज प्रकाश चतुर्वेदी को जिला संयोजक का दायित्व प्रदान किया है। इसी अलावा कमल शुक्ला को जिला सह संयोजक और प्रो सुनीता को जिला प्रमुख बनाया गया है। साथ ही रामजी को एक बार फिर जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।





मण्डल मुख्यालय बांदा में हुए अभ्यास वर्ग में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार, राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल और क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही की मौजूदगी में शुक्रवार को चित्रकूट में परिषद के नए जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गयी। वर्ग से लौटने के बाद नव नियुक्त जिला संयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। संगठन की रीति व नीति के अनुसार परिषद कार्यकर्ता छात्र हितों को लेकर काम करेंगे। रचनात्मक गतिविधियों के साथ आवश्यकता पड़ने पर छात्र हित में आन्दोलन भी किए जाएंगे।

# शटरिंग मजदूर की करंट लगने से इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस | जालौन**

शटरिंग का काम कर रहा मजदूर प्लाई की कटिंग करते समय मशीन में करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। उसके साथी उसे अस्पताल लाए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। औरैया जनपद के खानपुर निवासी अरबाज (27) मकान की छत डालते समय लगने वाली शटरिंग का काम करता था। उन्हें कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में रामकिशोर के यहां शटरिंग का काम करना था। ठेकेदार के साथ वह हीरापुर में काम करने के लिए आ गया। शुक्रवार की दोपहर वह शटरिंग के लिए वह अपने साथियों के साथ प्लाई काटने का काम कर रहा था। कटिंग मशीन चलाते समय अचानक से मशीन में करंट आ गया। मशीन में आ रहे करंट से चिपककर वह वहीं गिर गया। उसके साथी अतीक और सद्दाम ने उसे जमीन पर गिरा देखा तो तत्काल मशीन को हटाया और गृहस्वामी को सूचना दी। जिसके बाद सभी लोग तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की लेकिन वह उसे बचा नही सके। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## स्प्रिंकलर पाइप चोरी

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** खेत में सिंचाई के लिए रखे 11 स्प्रिंकलर पाइप चोरी हो गए। किसान ने एक अन्य व्यक्ति के खेत में उनके पाइप रखे होने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमरा निवासी कैलाश बाबू ने पुलिस को बताया कि उनके खेत में सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर पाइप रखे हुए थे। इन 11 पाइपों से वह खेत में पानी का छिड़काव करते थे। बीती 10 जून को उनके खेत में रखे स्प्रिंकलर पाइप किसी ने चोरी कर लिए। वह अपने चोरी गए पाइपों का पता लगा रहे थे। तभी उन्हें जानकारी मिली कि उनके चोरी गए पाइप एक व्यक्ति के खेत में रखे हैं।

## आकाशीय बिजली गिरने से धराशाई हुआ मकान का छज्जा, युवक घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कस्बा एट में देर शाम तेज बारिश के दौरान गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली एक मकान के छज्जे पर गिर गई। जिसकी चपेट में आने से दरबाजे पर खड़ा युवक घायल हो गया। जिसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। नगर पंचायत एट में वार्ड नं 3 के निवासी तौसीब 21 वर्ष पुत्र बन्ने बीते दिन गुरुवार की देर शाम घर के मेन दरवाजे पर खड़ा हुआ था। तभी अचानक वारिस के दौरान तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली उसके घर के छज्जे पर गिर गई। जिससे छत का छज्जा भरभराकर नीचे गिरा और युवक घायल हो गया। परिजन मौजूद लोगों की मदद से उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है और चिकित्सकों द्वारा उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## आवारा जानवर की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** आवारा जानवर से टकराकर अस्पताल में इलाज के लिए आ रहे बाइक सवार दंपत्ति घायल हुए। महिला को हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। क्षेत्रीय ग्राम सिहारी चैलापुर निवासी सोबरन सिंह (45) की पत्नी पुष्पा देवी की तबियत खराब होने पर वह पत्नी को इलाज के लिए शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे सीएचसी ला रहे थे।

# पुलिस टीम ने परिवारिक मतभेदों को समाप्त कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर एक परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।

आवेदिका अभिलाषा पुत्री दद्दी निवासी शंकरगंज द्वारा अपने पति सुशील पुत्र प्रीतम निवासी कर्वी तथा ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट, गाली-गलौज व दहेज की मांग करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थना-पत्र के निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया।पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थना-पत्र के निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उप निरीक्षक गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव, मंजूलता द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लडाई झगडा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोडे को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

# एसपी ने किया पीआरवी समेत अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण, ली सलामी

**जन एक्सप्रेस | उरई**

पुलिस विभाग के जवानों और व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए शुक्रवार को परेड का एसपी ने पीआरवी समेत अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही टोली वार ड्रिल कराई और परेड की सलामी ली। शुक्रवार को पुलिस लाइन पर आयोजित परेड में पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने परेड कराई और परेड की सलामी ली। सलामी लेने के बाद उन्होंने पुलिस बल की दौड़ कराई और टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण किया तथा परेड ड्रिल के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद पुलिस लाइन ग्राउंड पर ही आए, विभिन्न थानों और यूपी 112 के पीआरवी वाहनों तथा उसमें मौजूद संसाधनों का निरीक्षण किया। वहीं सभी को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव की हिदायत दी। उधर परेड के बाद पुलिस अधीक्षक ने कैण्टीन, जिला नियंत्रण कक्ष, भोजनालय, बैरिक, स्टोर, क्वार्टर गार्द, गैस गोदाम आदि का निरीक्षण किया और रजिस्टर के रख रखाव के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान राजपत्रित अधिकारी, थाना व कोतवाली प्रभारी समेत विभिन्न शाखाओं के जवान व अधिकारी मौजूद रहे।




# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दादा की मौत, नाती गंभीर

**जन एक्सप्रेस | जालौन**

कोतवाली क्षेत्र में छिरिया सलेमपुर चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दादा व नाती को टक्कर मार दी। जिसमें दादा की मौत हो गई, जबकि नाती को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बंगरा निवासी अशोक शुक्ला 60 वर्ष शुक्रवार को अपने नाती पार्थ 8 वर्ष को लेकर बाइक से छौंक त्रियोदशी भोज के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक छिरिया सलेमपुर के पास पहुंची। तभी ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दादा व नाती घायल हो गए। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां पर वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके नाती को परिजन प्राइवेट अस्पताल ले गए। मृतक के पुत्र कुलदीप ने बताया कि वह अपनी ससुराल त्रियोदशी में शामिल होने जा रहे थे। फिलहाल पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस की तैयारी बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

उप जिलाधिकारी न्यायिक मोहम्मद जसीम की अध्यक्षता में दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाए जाने की तैयारी बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

उपायुक्त राज्य कर विजय कुमार सोनी ने बताया कि 29 जून को दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में कलेक्टरेट परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी कल्याण दिवस की सार्थकता के दृष्टिगत राज्य कर विभाग, एमएसएमई, नगरीय विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, औद्योगिक विकास विभाग अपने उद्यमियों व्यवसाईयों व स्वयं सहायता समूह द्वारा ओडीओपी के स्टॉल लगाते हुए उत्पादों के प्रचार प्रसार एवं विक्रय का कार्य तथा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। औद्योगिक विकास विभाग द्वारा जनपद में पूंजी निवेश करने वाले उद्यमियों का चयन कर उनका सम्मान किया जाएगा, संस्कृति विभाग द्वारा जनपद में दानवीर भामाशाह के जीवन यात्रा से सम्बन्धित अभिलेखों की प्रदर्शनी का आयोजन कार्यक्रम स्थल पर करने के लिए एवं दानवीर भामाशाह पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वरांजलि संगीत भामाशाह पर नृत्य नाटिका नाटक के साथ स्थानीय कला संस्कृति पूर्ण आयोजन कराया जाएगा। दानवीर भामाशाह पर चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा। व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर जनपद के व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठान पर व्यापारी कल्याण दिवस मनाने तथा व्यापारी कल्याण दिवस होर्डिंग्स, बैनर आदि संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की वेबसाइट से डाउनलोड कर प्रदर्शित कराया जाएगा। जनपद में सबसे ज्यादा कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह पुरस्कार देने का भी कार्य किया जाएगा। उप जिलाधिकारी न्यायिक ने व्यापार मंडल के पदाधिकारी से कहा कि आप लोग 29 जून को दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस के अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस के कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित कराए। साथ ही उद्यमियों और व्यापारियों को सम्मानित भी कराया जाए। उन्होंने पर्यटन विभाग से कहा कि जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से संपर्क स्थापित कर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाए। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह के सम्मान एवं आत्म सम्मान के लिए शासन द्वारा जन्म दिवस मनाए जाने का आयोजन किया गया है। इसमें सभी विभागों को जो दायित्व दिए गए हैं, उसमें शासन की मंशा के अनुरूप दानवीर भामाशाह का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया जाए। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह ने राष्ट्र के सम्मान बचाने के लिए अपना सब कुछ दान किया था। उन्होंने उपायुक्त राज्य कर से कहा कि विशिष्ट योगदान करने वाले व्यापारियों को भी सम्मानित किया जाए। नगर पालिका परिषद से कहा कि ठेलियां व गुमटी एवं पटरी वाले व्यापारियों को भी सम्मानित किया जाए। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी ने कहा कि व्यापार मंडल द्वारा विगत वर्षों से ही दानवीर भामाशाह का जन्म दिवस बडे धूमधाम से ही मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा।



इस मौके पर उपयुक्त राज्य कर अवनीश कुमार चैधरी, उपाध्यक्ष गुलाब चंद्र गुप्ता, व्यापार मंडल के राहुल गुप्ता, रोहित कश्यप, जिला समन्वयक डूडा संतोष कुमार पटेल, उद्यमी मित्र सुधा सिंह, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 39.0 (+2.1)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.8 (-2.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 73 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 44 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 7.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# के.डी.ए. की सरकारी सील तोड़ने वाले पांच और बिल्डरों पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

**कमलेश फाइटर**

कानपुर नगर। कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक में गैर कानूनी तरीके से प्राधिकरण के द्वारा लगाई गई सरकारी सीलों न को तोड़ने वाले अवैध निर्माण कर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने का सिलसिला जारी हो चुका है। कोपरगंज स्थित न्यू हमराज बिजनेस सेंटर के पांच और अवैध निर्माण कर्ता बिल्डरों के विरुद्ध कोतवाली अनवरगंज में मुकदमा दर्ज किया गया है। अब यह संख्या बढ़कर 9 हो गई है।




आपको बताते चलें कि कानपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार प्रवर्तन के अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा अवैध निर्माण कर्ताओं से सांठ गांठ करके खूब जमकर निर्माण कराए गए थे। अवैध निर्माणों के खिलाफ सिर्फ जन एक्सप्रेस मुहिम चला रहा था, नवागंतुक उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्बयाल ने आने के बाद से जन एक्सप्रेस की खबरों का संज्ञान लेते हुए अवैध निर्माण कर्ताओं के खिलाफ अभियान चला रखा है। जोन एक के चमनगंज बेकनगंज बजरिया आदि क्षेत्र में अवैध निर्माणों को मूक सहमति देकर जेई और सुपरवाइजर ने खूब अवैध निर्माण करवाए हैं। लेकिन अब अवैध निर्माणों पर उपाध्यक्ष की कानूनी कार्रवाई की गाज गिर रही है। प्राधिकरण के सभी जोनों में जमकर अवैध निर्माणों पर सील की कार्रवाई चालू है।

ऐसी ही बड़ी सील की कार्रवाई जोन एक के कोपरगंज स्थित न्यू हमराज बिजनेस सेंटर में भी की गई थी। लेकिन इस मार्केट के बिल्डरों ने सरकारी सील को तोड़ दिया था। इसके बाद अब तक अवैध निर्माण करने वाले बिल्डरों पर मुकदमा दर्ज हो चुका है।

**26 और 27 को दर्ज की गई हैं कुल 9 एफआईआर**

मिली जानकारी के अनुसार न्यू हमराज बिजनेस सेंटर के अंदर अवैध और गैरकानी तरीके से योगी सरकार की केडीए वाली सील तोड़ने के आरोप में कोतवाली अनवरगंज में मोहम्मद अब्दुल सफीक, मोहम्मद रईस, मोहम्मद इस्माइल, संजय अग्रवाल, विकास शुक्ला, श्रीमती रेणु जैन, हरीश मर्दानी, प्रबंधक एनबीके आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बीजेपी मतदाताओं के सम्मान में आयोजित करेगी अभिनंदन समारोह

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**





देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने की खुशी और शहर एवं अकबरपुर संसदीय क्षेत्र में भाजपा सांसद रमेश अवस्थी व सांसद देवेंद्र सिंह भोले की जीत से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी विधानसभा स्तर पर मतदाता अभिनंदन समारोह आयोजित करेगी। समारोह में महिलाओं, युवाओं के अलावा प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया जायेगा।

समारोह में लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियों, संकल्प पत्र एवं विकसित भारत के बारे में जानकारी दी जाएगी। केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने जिला पदाधिकारियों एवं मोर्चों के अध्यक्ष, महामंत्री के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई। उन्होंने 30 जून रविवार को पुनः शुरू होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी, वृक्षारोपण अभियान, मतदाता अभिनंदन समारोह सहित अन्य आगामी कार्यक्रमो के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस 6 जुलाई तक वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत उन्होंने कार्यकर्ताओ से वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को पेड़ लगाकर मां के साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी 13 मंडलों के 1062 बूथों पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम होंगे व पार्टी कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे और उसकी फोटो सरल ऐप पर अपलोड करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि एक जुलाई को भाजपा कानपुर महानगर द्वारा साकेत नगर के होटल मंदाकिनी रॉयल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसे उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से रामबहादुर यादव, प्रबोध मिश्रा, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी, संजय कटियार, रामदेव शुक्ल, शिवम मिश्रा, अनीता त्रिपाठी, रमाकांत शर्मा, विपिन शर्मा कमलजीत सिंह बग्गा, नरेश कठेरिया, संजीव बेरी, आशीष श्रीवास्तव, एल बी पटेल आदि मौजूद रहे।

# बिना किसानों की मर्जी के भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही नहीं होगी : शिवपाल सिंह यादव

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



28 जून को कानपुर में आवास विकास द्वारा भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आशीष चौबे व सपा नेता हरिओम पांडे ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव के मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।शिवपाल सिंह यादव को दिए ज्ञापन में ग्राम बगदौधी बांगर, बगदौधी कछार, विरतियान, पेम परगही कछार बांगर आदि गांव की कृषि भूमिका जिला प्रशासन द्वारा जबरन किसानों के अधिकारों का हरण करते हुए अधिग्रहण करने का विरोध किया गया और अधिग्रहण की कार्यवाही को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई ज्ञापन में कहा गया कि उक्त गांव की कृषि भूमिका अधिग्रहण संबंधित अधिसूचना व नोटिस वर्ष 2009 में किसानों को दी गई थी 2009 से आज तक भूमि अधिग्रहण के संबंध में जिला प्रशासन एवं उत्तर प्रदेश आवास विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई हाई कोर्ट में आवास विकास मुकदमा हार चुकी है सुप्रीम कोर्ट में वाद चल रहा है जिला प्रशासन ने 2009 के बाद से आज तक सर्किल रेट में कोई परिवर्तन न किए जाने से यह स्पष्ट है कि किसानों की भूमि के प्रति जिला प्रशासन की नीयत ठीक नहीं है जिला प्रशासन ने उत्तर प्रदेश सरकार 2009 के भूमि सर्कल से अधिग्रहण करने के लिए किसानों पर जबरन दबाव बना रही है और प्रशासन किसानों की भूमि अधिकरण करने हेतु किसानों पर धमकाते हुए दबाव बना रहा है और न्याय से वंचित करके भूमि अधिग्रहण करने पर आमादा है आज उक्त ग्रामों में हजारों की तादाद में मकान बन चुके हैं और उसमें लाखों लोग रह रहे हैं जिन्हें जिला प्रशासन बेघर करने को तैयार घूम रहा है जिससे लाखों लोगों में मौजूदा सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि किसानों के हितों की हर लड़ाई में वह और समाजवादी पार्टी उनके साथ हैं इस मुद्दे को जोरदारी के साथ विधानसभा में उठाएंगेऔर प्रशासन को मनमर्जी नहीं करने दी जाएगी ईसका कड़ा विरोध किया जाएगा और यह भी कहा कि अगर प्रशासन ने जबरदस्ती की तो स्वयं कानपुर पर आकर धरने में बैठने का काम करेंगे।

# युवा मोर्चा ने असदुद्दीन ओवैसी का पुतला फूंका



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

हैदराबाद से चुने गए सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने संसद में शपथ ग्रहण के दौरान जय फिलिस्तीन का नारा लगाया, लेकिन भारत माता की जय का नारा नहीं लगाया। इस घटना ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है और इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रेम नगर चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया।भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने असदुद्दीन ओवैसी के पुतले को जलाकर अपना विरोध दर्ज किया। प्रदर्शनकारियों ने पुतले को जूतों से पीटा और नारेबाजी करते हुए अपने आक्रोश का इजहार किया। कहना है कि ओवैसी का यह कदम राष्ट्रविरोधी है और इससे देश की एकता और अखंडता को ठेस पहुंचती है। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिवांग मिश्रा ने बताया कि ओवैसी का जय फिलिस्तीन का नारा लगाना और भारत माता की जय का नारा नहीं लगाना उनके देशभक्ति पर सवाल खड़े करता है।

उन्होंने मांग की कि इस मामले की जांच होनी चाहिए और ओवैसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जागरूकता फैलाएंगे और ओवैसी के इस कृत्य की निंदा करते रहेंगे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने की अपील की। इस घटना ने राजनीतिक गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है और देखना होगा कि आने वाले दिनों में इस पर क्या प्रतिक्रियाएं सामने आती हैं।

# डायल 112 के बेड़े में शामिल नये वाहनों को पुलिस कमिश्नर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



कानपुर के डायल-112 के बेड़े में शुक्रवार को 11 नए वाहन और शामिल हुये। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि यूपी-112 मुख्यालय की ओर से कमिश्नरेट कानपुर नगर को 3 इनोवा, 3 स्कार्पियों और 5 दो पहिया वाहन दिए गए हैं।

इन आधुनिक गाड़ियों के शामिल होने से अब सूचना मिलते ही और जल्द पुलिस घटनास्थल पर पहुंचेगी।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा पीआरवी वाहनों को पुलिस कार्यालय, कानपुर नगर से हरी झण्डी दिखाकर कमिश्नरेट कानुपर नगर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रवाना किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध विपिन कुमार मिश्रा, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय आशीष श्रीवास्तव एवं अपर पुलिस उपायुक्त/नोडल अधिकारी यूपी-112 लखन सिंह यादव भी उपस्थित रहें। वर्तमान समय में कमिश्नरेट कानपुर नगर में 89 चार पहिया पीआरवी तथा 89 दो पहिया पीआरवी वाहन (कुल 178 पीआरवी वाहन) संचालित है। विगत माह मई में उत्तर प्रदेश के समस्त 75 जनपदों कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वितीय स्थान पर रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बिठूर से चार और बिल्हौर थाना क्षेत्र से एक के खिलाफ़ जिला बदर की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर** | कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने थाना बिठूर क्षेत्र में रहने वाले चार वा थाना बिल्हौर क्षेत्र में रहने वाले एक पर जिला बदर की कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना बिठूर क्षेत्र के ग्राम टिकरा से निखिल यादव, मनमोहन यादव, राकेश यादव, ग्राम लोहार खेड़ा में निवास करने वाले अरुण राजपूत के साथ साथ बिल्हौर थाना क्षेत्र के शांति नगर निवासी शिबू खान को जिलाबदर किया। बिठूर थाना क्षेत्र के चारों आरोपियों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है तो शीबू खान को बिल्हौर से 3 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

### पीआरबी में तैनात तीन पुलिस कर्मी निलंबित

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर** | कानपुर पुलिस के तीन सिपाहियों की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। बता दे की पीआरवी112 के तीन सिपाही मोतीझील पर ड्यूटी के दौरान ड्यूटी पूरी होने के बाद पीआरवी की गाड़ी छोड़कर चले गए थे और गाड़ी को लावारिस हालत में छोड़ गये जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने तीनों सिपाहियों पर कार्यवाही करते हुए निलंबित कर दिया जानकारी देते हुए एडीसीपी लखन यादव ने बताया की लापरवाही बरतने पर 3 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है और आगे की विधिक करवाई की जायेगी इस प्रकार की लापरवाही किसी हाल में बर्दास्त नही की जाएगी

### गर्मी में गस खाकर नहीं गिरेंगे ट्रैफिक सिपाही

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर** | चिलचिलाती गर्मी में चौराहों पर तैनात ड्यूटी करते यातायात पुलिस के जवान अब अचानक गश खाकर नहीं गिरेंगे। उनके सिर पर वातानुकूलित (एसी) हेलमेट होगा जो उन्हें लगातार गर्मी से बचाता रहेगा। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार और डीसीपी ट्राफिक आरती सिंह की मौजूदगी में यातायात पुलिस के जवान को यह हेलमेट पहनाकर इसकी शुरुआत की।

# चौबेपुर पुलिस पर लगा लव जिहाद के आरोपी को संरक्षण देने का आरोप





**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद भी प्रदेश स्तर पर लव जिहाद के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। शुक्रवार को एक बार फिर से कानपुर कमिश्नरेट की चौबेपुर पुलिस को संदेह के घेरे में लेते हुए एक लव जिहाद के मामले में चौबेपुर पुलिस पर लव जिहादियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेताओं ने लव जिहाद का शिकार हुई पीड़ित मां के साथ थाना चौबेपुर पर विरोध प्रदर्शन किया।

हिंदू संगठन के नेताओं का आरोप था कि जिसकी बेटी को लव जिहाद का शिकार बनाया गया था उस पीड़ित मां को लेकर जब वह थाने पहुंचे तो पुलिस ने उन लोगों के सीने पर बंदूक तान दी। जिस कारण चौबेपुर पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कारियों ने बंदी माता तिराहे के बीचो-बीच सैकड़ो की संख्या में एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी कर पुलिस प्रशासन को कोसते हुए सड़क जाम कर दी। हिंदू नेता विपिन शुक्ला ने बताया कि चौबेपुर थाना क्षेत्र हकीम नगर निवासी एक विशेष समुदाय के लड़के ने सुक्खा निवादा गांव के हिंदू समाज की नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर उठा ले गया और उसका धर्म परिवर्तन कर लव जिहाद को बढ़ावा देना चाहता था।

चौबेपुर पुलिस दोनों लोगों को कल्याणपुर थाने से लेकर चौबेपुर थाने ले आई बजरंग दल के नेताओं का आरोप था कि पुलिस आरोपी की खातिरदारी में लगी हुई थी इसके बाद मामला उग्र हो गया और सभी प्रदर्शनकारी चौबेपुर के बंदी माता तिराहे पर पहुंच गए और सड़क पर प्रदर्शन करना चालू कर दिया। हंगामें की सूचना मिलते ही कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा और बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के लोगों से वार्तालाप शुरू की उच्च अधिकारियों ने तहरीर देने की बात कही तब जाकर जाम खुला। हिंदू समाज की नाबालिक लड़की की मां की तरफ से दी हुई तहरीर में बताया कि उसकी ग़ैर मौजूदगी में उनकी नाबालिक लड़की को एक विशेष समुदाय का लड़का बहला फुसलाकर घर से ले गया था नाबालिक लड़की की मां ने थाने में तहरीर दे दी है और पुलिस ने उचित कार्यवाही कर मुकदमा लिखने का भरोसा दिया है।



# अब निर्धन पीड़ितों का नि :शुल्क केस लड़कर अधिवक्ता दिलाएंगे न्याय

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

बीते दिन गुरुवार दिनांक 27 जून को अपना दल से व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय गुप्ता ने कानपुर कचहरी मे न्याय की लड़ाई लड़ने वाले निर्धन, असहाय पीड़ितों की मदद के लिए अपने अधिवक्ता साथियों संग मिलकर एक मुहिम चलाई है। जहां उनके द्वारा अधिवक्ताओं संग बैठक की है। बैठक मे जिला अध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि आज के समय मे ऐसे बहुत से निर्धन, असहाय और बेगुनाह हैं जो किसी न किसी साजिश मे फंस कर कोर्ट के चक्कर लगाते घूम रहे हैं। इसी को देखते हुए हम सब भाइयों ने यह प्रण लिया है कि ऐसे निर्धन और बेकसूर लोगों को न्याय दिलाने के लिए हम उनके साथ एक परिवार बन कर खड़े रहेगें और उनके द्वारा बताई गई हर स्थिति मे उनका सहयोग करेंगे। इस दौरान बैठक मे मौजूद सभी अधिवक्ता जिनमे महेंद्र पाल, पंकज श्रीवास्तव, प्रवीण शर्मा, विवेक कुमार, संदीप शर्मा, विशाल कनौजिया, अनुज यादव के साथ अपना दल व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता ने ये निर्णय लिया है कि कचहरी मे आने वाले ऐसे निर्धन, असहाय लोग जो अपने अपने केस लड़ने के लिए अधिवक्ताओं को हायर करने मे असमर्थ है उनके केस को निःशुल्क लड़ा जाएगा। ताकि उन निर्धन, असहाय लोगों को भी न्याय मिल सके। जिस पर आए हुए सभी अधिवक्ताओं ने सहमति जताई है।

# भारत की ओर से वर्ल्ड मास्टर्स टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का हिस्सा बनेंगे संजीव और गीता टंडन

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



अन्तराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी एवं विजेता व यू पी टी टी एसोसिएसन के अध्यक्ष संजीव पाठक एवं अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्वर्ण पदक विजेता गीता टण्डन कपूर 6 जुलाई से 14 जुलाई तक रोम मे होने वाली वर्ल्ड मास्टर्स टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में भारत की ओर से इस प्रतियोगिता में भाग लेगी।

संजीव पाठक ने यू पी टेबल टेनिस को एक नया आयाम दिया है और यहाँ के युवाओ को प्रशिक्षित किया है तथा उन्हे नई दिशा प्रदान की है। श्रीमती गीता टण्डन कपूर ने देश के लिए कई स्वर्ण पदक जीते हैं अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए खेल जगत में उन्होंने अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए कानपुर शहर, प्रदेश, एवं देश का नाम रोशन किया है। ज्ञातव्य है कि गीता टण्डन कपूर आयकर विभाग में अधिकारी है। उन्होंने समाज के लिए खासकर महिलाओ एवं गरीब बच्चो की सहायता की है तथा उन्हे स्वालम्बी बनाने मे अपनी अहम भूमिका निभाई है। वर्ल्ड मास्टर टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए एवं उसमें सफल होने की कामना करने वालों के लगातार संदेश आ रहे हैं जिसमें प्रमुख रूप से आयकर विभाग के अधिकारी, दादानगर कोऑपरेटिव इस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर, संजय टंडन, आशीष कपूर, सुनील सिंह, अनुराग जायसवाल, अवनीश इत्यादि लोग शामिल हैं।

# 0.5 फीसदी फेरस सल्फेट एवं 0.25 प्रतिशत चूने के घोल को छिड़क कर धान को बचाएं

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के निर्देश क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने शुक्रवार को धान नर्सरी को सफेद /पीला होने से बचाए किसान नामक एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि जनपद में किसानो की प्रक्षेत्र पर धान नर्सरी सफेद या पीली हो रही है जिससे किसानो की धान की नर्सरी की गुणवत्ता खराब हो रही है। डॉ. खान ने बताया है कि अधिक गर्मी के कारण धान की नर्सरी में पीलापन या सफेद पौधा हो रहा है तो नर्सरी में 0.5 फीसदी फेरस सल्फेट एवं 0.25 प्रतिशत चूना का घोल मिलाकर अभिलंब छिड़काव कर दें।उन्होंने किसानों को छिड़काव करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखने को कहा की हवा न बह रही हो। साथ ही समय-समय पर सिंचाई भी करते रहे। उन्होंने बताया है कि अधिक गर्मी को शाम को खेत में पानी लगाकर सुबह निकाल देने से धान की नर्सरी को फायदा होगा।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 37°C | 29°C |
| कानपुर | 32°C | 29°C |
| देहरादून | 30°C | 30°C |
| नई दिल्ली | 33°C | 34°C |

# फिल्म सिटी से 50 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार, 5-7 लाख को अप्रत्यक्ष रूप से होगा लाभ

- 6 माह के अंदर शुरू होगा फिल्म सिटी के निर्माण का कार्य, 3 साल में फिल्मी गतिविधियां हो सकेंगी शुरू
- स्किल्ड के साथ-साथ अनस्किल्ड को भी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी में मिल सकेंगे रोजगार के साधन
- मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई जैसे राज्यों में अवसर तलाश रहे युवाओं को यहां करियर बनाने में मिलेगी मदद
- फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना से फिल्मों में करियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं की अभिलाषा होगी पूरी
- जेवर एयरपोर्ट से सटे होने के कारण फिल्म सिटी का ट्रैवल टाइम दूसरी फिल्म सिटी की तुलना में होगा कम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण 6 माह के अंदर शुरू हो जाएगा और तीन साल के अंदर यहां फिल्मों की शूटिंग और इससे संबंधित कार्य शुरू हो जाएंगे। यही नहीं,फिल्म सिटी के निर्माण से प्रदेश और आसपास के राज्यों के 50 हजार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं 5 से 7 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। यही नहीं, स्किल्ड के साथ-साथ यहां अनस्किल्ड लोगों के लिए भी संभावनाएं होंगी। इसके अलावा, प्रदेश के जो लोग मुंबई, हैदराबाद व चेन्नई जैसे राज्यों में फिल्मों में अवसर तलाश रहे हैं, उन्हें यहां अवसर मिल सकेंगे, जबकि फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना से फिल्मों में अपना करियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं का यह सपना साकार हो सकेगा।

**3 साल में फिल्म से जुड़ी गतिविधियां होंगी शुरू**

यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट के साथ ही यीडा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण मुख्यमंत्री जी का सपना था, जो अब धरातल पर उतरने जा रहा है। इस फिल्म सिटी का निर्माण कार्य 4 से 6 माह के अंदर शुरू हो जाएगा और 3 साल में यहां फिल्म से जुड़ी जितनी भी गतिविधियां होती हैं वो भी शुरू हो जाएंगी। फिल्म सिटी की शुरुआत से यहां प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। जो लोग मुंबई जाकर फिल्मों में काम करने का सपना देखते हैं, उन्हें अब यहीं अवसर मिलेगा। बहुत से लोग हैं जिनमें प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन वो बड़े शहरों के खर्च अफोर्ड नहीं कर सकते हैं। उन्हें भी यहां अवसर मिल सकेगा। कलाकार, टेक्नीशियन, मिक्सर, कैमरामैन, स्टोरी राइटर समेत ऐसी बहुत सारी प्रतिभाएं जो प्लेटफॉर्म न मिल पाने के कारण प्रदेश के अंदर ही दम तोड़ देती हैं, उनको यह फिल्म सिटी एक प्लेटफॉर्म प्रदान करेगी।

**इसलिए खास होगी फिल्म सिटी**

उन्होंने बताया कि यह फिल्म सिटी बिल्कुल अलग होगी। अभी देश भर में जितनी भी फिल्म सिटी हैं, उनमें जो भी कमियां हैं, उन्हें इस फिल्म सिटी में दूर करने का प्रयास किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इनमें ट्रैवल टाइम कम होगा, क्योंकि बाकी फिल्म सिटी में ट्रैवलिंग में बहुत टाइम लगता है, चाहे वो मुंबई हो या हैदराबाद। यहां पर एयरपोर्ट है, जो फिल्म सिटी से बिल्कुल सटा हुआ है। इसलिए यहां मूवमेंट करना बहुत आसान है और टाइम की भी बचत होती है। इसके अलावा यहां एकमोडेशन की भी व्यवस्था रहेगी। साथ ही शूटिंग के जो आउटडोर लोकेशन होते हैं वो भी यहां स्थापित किए जाएंगे। यहां फिल्म इंस्टीट्यूट भी बनेंगे, जहां ट्रेनिंग लेकर युवा फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर तलाश सकेंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म सिटी में एक कंप्लीट इकोसिस्टम होगा। यहां पर हिमाचल भी होगा, कुल्लू मनाली भी होगा, कश्मीर भी होगा, रोड, एयरपोर्ट और हैलीपैड भी होगा। शूटिंग के लिए मंदिर भी होगा, मस्जिद और गिरिजाघर भी होगा। रहने के लिए विला होंगे, शूटिंग के लिए बैकलॉट्स होंगे,फिल्म इंस्टीट्यूीट्स होंगे, जिसमें बच्चे पढ़कर के अभिनय सीखकर के काम कर सकेंगे। साउंड मिक्सिंग और वीएफएक्स जैसी तकनीक का भी उपयोग होगा।



**वर्ल्ड क्लास का इंफ्रास्ट्रक्चर**

मुंबई की फिल्म सिटी से तुलना पर उन्होंने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवपलमेंट के पास वर्ल्ड क्लास का इंफ्रास्ट्रक्चर है। यहां पर रैपिड रेल है, मेट्रो है, इंडियन रेल भी यहां पर आ रही है, ट्रांजिट रेल भी आ रही है। साथ ही यहां पर होटल्स, विला जैसी सुविधाएं हैं। यहां पर न ट्रैवल टाइम है, न रहने की समस्या है। यहां पर मिक्सिंग भी रहेगा, ओटीटी प्लेटफॉर्म भी रहेगा, स्टूडियो भी रहेंगे। फिल्म सिटी के इम्पैक्ट को लेकर उन्होंने बताया कि इसका पूरे प्रदेश की इकॉनमी पर मल्टीप्लायर इफेक्ट पड़ेगा। जब फिल्म सिटी पूरी तरह से तैयार हो जाएगी तो लगभग 50 हजार लोगों को इसके माध्यम से रोजगार मिल सकेगा। 5 से 7 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यह फैसिलिटी बनने से प्रदेश के नौजवानों और बेरोजगारों को काम मिलेगा। इसमें अनस्किल्ड लोग भी होंगे, क्योंकि ये लेबर इंटेंसिव इंडस्ट्री है। बलिया से लेकर बिजनौर तक और बिहार, मध्यप्रदेश और हरियाणा तक लोगों पर इसका असर होगा। जैसे, जेवर एयरपोर्ट का मल्टीप्लायर इफेक्ट है, वैसे ही फिल्म सिटी का भी बड़ा इफेक्ट पड़ेगा। यहां पर इसके जरिए जीडीपी में डेढ़ से दो परसेंट असर आएगा।

**पूरी तरह सुरक्षित होगी फिल्म सिटी**

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी पूरी तरह सुरक्षित होगी। यहां आने में लॉ एंड ऑर्डर जैसी कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह सुधर गया है। यीडा क्षेत्र में भी आप कभी भी कहीं भी जा सकते हैं। कोई भी यहां रात को ट्रैवल कर सकता है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पेपर लीक मामले को लेकर ओम प्रकाश राजभर तलब, केंद्रीय नेतृत्व ने बुलाया दिल्ली

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** पेपर लीक के विवादों में घिरे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम को लेकर योगी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर को केंद्रीय नेतृत्व ने दिल्ली तलब किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ओम प्रकाश राजभर बेटे अरविंद से दिल्ली में मामले को लेकर पूछताछ की जा सकती है।आप को बता दें कि पेपर लीक मामले को लेकर इससे पहले ओम प्रकाश राजभर ने गुरुवार को लोक भवन में सीएम योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की थी बताया जा रहा है कि बेदी राम मामले को लेकर यूपी से लेकर केंद्रीय नेतृत्व तक सख्त नजर आ रहा है. इसी क्रम में अपने बेटे अरविंद राजभर के साथ ओम प्रकाश राजभर दिल्ली पहुंचे हैं। हालांकि अब देखना हो कि केंद्रीय नेतुत्व क्या फैसला लेता है। दरअसल, योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह बेदी की ओर इशारा कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहते हैं 'यह देखने में ऐसे लगते हैं। इनके कई लाख चेला लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं। सबको नौकरी इन्होंने दिया है।'इसे लेकर विपक्ष योगी सरकार पर हमलावर है। विपक्ष का कहना है कि सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के संरक्षण में पेपर लीक की घटना को अंजाम दिया गया है। जिससे युवाओं का भविष्य बबार्द हो रहा है।

### सेंगोल' विवाद पर मायावती ने सपा को घेरा, कहा-देश के मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरें

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद आर. के. चौधरी द्वारा संसद में 'सेंगोल' की स्थापना का विरोध किए जाने को लेकर सपा पर ही निशाना साधा है। मायावती ने कहा कि बेहतर होता कि अगर सपा देश के कमजोर और उपेक्षित वर्गों के हित में केंद्र सरकार को घेरती। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''सेंगोल को संसद में लगाना या नहीं लगाना, इस पर बोलने के साथ-साथ सपा के लिए यह बेहतर होता कि यह पार्टी देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में तथा आम जनहित के मुद्दों को भी लेकर केंद्र सरकार को घेरती। बसपा अध्यक्ष ने कहा, ''सच्चाई यह है कि यह पार्टी (सपा) अधिकांश ऐसे मुद्दों पर चुप ही रहती है तथा सरकार में आने पर कमजोर वर्गों के खिलाफ फैसले भी लेती है। इनके महापुरुषों की भी उपेक्षा करती है। इस पार्टी के सभी हथकंडों से जरूर सावधान रहें।'' गौरतलब है कि मोहनलालगंज सीट से सपा सांसद आर. के. चौधरी ने संसद भवन में 'सेंगोल' स्थापित किए जाने का विरोध करते हुए इस सिलसिले में प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को एक पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने 'सेंगोल' को राजशाही का प्रतीक बताते हुए उसके स्थान पर संविधान की विशाल प्रति स्थापित करने की मांग की थी। चौधरी बसपा के संस्थापक सदस्य भी रह चुके हैं।सेंगोल को संसद में लगाना या नहीं, इस पर बोलने के साथ-साथ सपा के लिए यह बेहतर होता कि यह पार्टी देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में तथा आम जनहित के मुद्दों को भी लेकर केन्द्र सरकार को घेरती।

### दो वरिष्ठ जेल सुपरिटेंडेंट का प्रमोशन, बनाए गए डीआईजी कारागार

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** यूपी में दो वरिष्ठ जेल जेल सुपरिटेंडेंट का प्रमोशन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमनाथ पांडेय और जेल सुपरिटेंडेंट रामधनी को डीआईजी कारागार बनाया गया है। आईपीएस आनंद प्रकाश तिवारी 2004 बैच के असम कैडर के आईपीएस अफसर हैं। वह मूल रूप से देवरिया के रहने वाले हैं। इससे पहले वह असम में राज्य परिवहन निगम में प्रबंध निदेशक के पद पर तैनात थे। केंद्र सरकार ने उन्हें प्रतिनियुक्ति पर उत्तर प्रदेश भेजा था। यूपी में अंतर्राज्यीय प्रतिनियुक्ति पूरी होने के बाद उन्हें वापस मूल कैडर भेज दिया गया है।

### ओवैसी के खिलाफ एफआईआर की मांग, अखिल भारत हिंदू महासभा ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ पुलिस से शिकायत की गई। 18वीं लोकसभा में शपथ ग्रहण के दौरान एआईएमआईएम चीफ ने जय फिलिस्तीन का नारा लगाया था। इसे लेकर अखिल भारत हिंदू महासभा ने हजरतगंज कोतवाली में विरोध-प्रदर्शन किया और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने अपने साथियों के साथ हजरतगंज कोतवाली में असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सांसद के खिलाफ नारेबाजी भी की। महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कहा कि यह बेहद अफसोसजनक है कि हैदराबाद से जनप्रतिनिधि के रूप में चुने गए ओवैसी हिंदुस्तान जिंदाबाद, संविधान की जय नहीं बोलते। लेकिन देश विरोधी नारा लगाते हैं। शिशिर ने कहा कि ये भारत की विदेश नीति के खिलाफ जाकर जय फिलिस्तीन बोलना गलत है। शिशिर चतुर्वेदी ने कहा कि देश की लोकसभा में ओवैसी द्वारा किए गए काम से हम सभी बेहद आहत हैं। उनका यह नारा दर्शाता है कि ओवैसी देश की अखंडता के लिए खतरा हैं। शिशिर ने कहा कि ओवैसी को वंदे मातरम और भारत माता की जय बोलने में शर्म आती है। मगर यह देश को अपमानित करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ते हैं। एसीपी हजरतगंज अरविंद कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए शिशिर चतुर्वेदी ने ओवैसी के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। साथ ही उनकी संसद सदस्यता रद्द करने की भी मांग हुई। महासभा के कार्यकर्ताओं ने धमकी दी कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो पूरे भारत में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। लोकसभा में सांसदों ने शपथ के दौरान अलग-अलग नारे लगाए। राहुल गांधी ने शपथ के बाद जय हिन्द और जय संविधान का नारा लगाया। हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने जय फिलिस्तीन का नारा लगाया।

## थाना महिगवां पुलिस टीम द्वारा 05 नफर व्यक्तियों के विरूद्ध की गयी धारा 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पुलिस आयुक्त लखनऊ महोदय द्वारा अपराधियों, एनबीडब्लू एवं वांछित अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त महोदय उत्तरी जोन व अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी महोदय के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी के निर्देशन एवं थानाध्यक्ष थाना महिगवाँ के कुशल नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु 05 नफर व्यक्तियों के विरूद्ध 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी। लड़ाई-झगड़ा करते हुये 05 नफर अभियुक्त आमदा फौजदारी हो रहे थे शांति व्यवस्था भंग होने एवं संज्ञेय अपराध कारित होने से रोकने हेतु 05 नफर अभियुक्त 1. सुनील उर्फ सोनू पुत्र रुद्र बहादुर निवासी ग्राम रमपुरवा पो0 कुम्हरावा थाना महिगवां जनपद लखनऊ 2. अनुपम उर्फ राममिलन पुत्र रुद्र बहादुर निवासी ग्राम रमपुरवा पो0 कुम्हरावा थाना महिगवां जनपद लखनऊ 3. अंकित गोस्वामी पुत्र मैकूलाल निवासी ग्राम इन्दारा कुटी थाना महिगवां जनपद लखनऊ 4. राधेश्याम गोस्वामी पुत्र स्व0 रामखेलावन निवासी ग्राम इन्दारा कुटी थाना महिगवां जनपद लखनऊ 5. अक्षय लाल पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम परसऊ थाना महिगवा जनपद लखनऊ के विरूद्ध धारा 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।



## हरिकेश अध्यक्ष और अशफाक प्रदेश महामंत्री निर्वाचित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग का प्रान्तीय द्विवार्षिक अधिवेशनध्चुनाव 28 जून 2024 को सम्पन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी राम सुरेश प्रदेश अध्यक्ष टेक्निकल एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग एवं सहायक चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह यादव प्रदेश महामंत्री चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में हरिकेश प्रसाद प्रदेश अध्यक्ष एवं अशफाक हुसैन महामंत्री पद पर निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियो ने एक बार पुनः महासंघ के अध्यक्ष रामराज दुबे को संरक्षक चुना। प्रमुख अभियंता कार्यालय उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ भवन में उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन,चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री मिनिस्टीरियल एसोसिएशन कार्यालय प्रमुख अभियंताध्क्षेत्रीय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग,प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, महामंत्री ओमप्रकाश, यूपीपीडब्लूडी सर्किल ऑफिसेस मिनिस्टीरियल एसोसिएशन उ.प्र., प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री जे.पी. तिवारी, पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ, प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, महामंत्री वीरेन्द्र शुक्ला, राजकीय परिवाहन चालक संघ,प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार यादव, महामंत्री सुभाष चंद मिश्रा, टेक्निकल एसोसिएशन,प्रदेश अध्यक्ष स्टेनोग्राफर संघ विशाल शुक्ला उपस्थित रहे।

## आरटीआई के जरिए ग्राम प्रधान व सचिव की मिलीभगत से हुई धांधली का खुलासा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बीकेटी खंड विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत में प्रधान एवं सचिव की मिलीभगत से लाखों रुपए की धांधली का जनसूचना अधिकार के तहत मांगी जानकारी में हुआ खुलासा। ग्रामीणों ने जिला विकास अधिकारी से की थी शिकायत। जिला विकास में ने टीम गठित कर शुक्रवार को जांच करने के लिए लिखित सूचना दी थी। सुबह से ग्रामीण जांच टीम का करते रहे इंतजार। जांच टीम के साढ़े तीन बजे तक जांच टीम के गांव नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों ने पत्रकारों को बुलाया। बख्शी का तालाब खंड विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवरी में विकास कार्य को लेकर गांव के हनुमान उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र उमराव निवासी ग्राम शिवरी के द्वारा ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों के आय-व्यय को लेकर 07/11/2023 को जनसूचना अधिकारी/जिला पंचायत राज अधिकारी से मांगी थी। जिसके सम्बन्ध में उन्होंने जानकारी दी दिया था कि हैण्ड पम्प मरम्मत के लिए लगभग एक वर्ष में 3,72,150/ रुपए निकाले गए। वहीं हैंड पम्प रिबोर के लिए 534300/ रुपए निकाले गए तथा ह्यूम पाइप के लिए 96,234/ रुपए निकाले गए थे।

उक्त धनराशि वर्ष 2021 से 2023 को विभिन्न तिथियों को निकाली गई थी। इस संबंध में शिकायतकर्ता हनुमान ने जिला विकास अधिकारी से जांच के लिए लिखित दिया था। जिसके क्रम में जिला विकास अधिकारी के द्वारा टीम गठित कर 28/06/2024 यानी आज शुक्रवार को जांच करने के लिए सुबह 11 बजे का समय दिया था लेकिन शुक्रवार लगभग साढ़े तीन बजे तक जांच टीम के नहीं पहुंचने पर शिकायतकर्ता और ग्रामीणों ने इसकी सूचना पत्रकारों को दी जहां उन्होंने बताया कि जिला विकास अधिकारी जिलाधिकारी ने बताया की मीटिंग में व्यस्त होने के कारण जांच टीम नहीं आयेगी। जिसके चलते ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## मायावती का सपा पर हमला, कहा- सेंगोल की जगह कमजोर वर्गों के हितों की बात करे सपा

- बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा को सेंगोल की जगह कमजोर वर्गों के हितों की बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा ने सरकार में रहते हुए कमजोर वर्गों के विरुद्ध फैसले लिए।

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संसद में सेंगोल को लेकर छिड़े विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मुद्दे के बजाय, सपा के लिए यह बेहतर होता कि वह कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में तथा आम जनहित के मुद्दों को भी लेकर केंद्र सरकार को घेरती। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि यह पार्टी अधिकांश ऐसे मुद्दों पर चुप ही रहती है तथा सरकार में आकर कमजोर वर्गों के विरुद्ध फैसले भी लेती है। इनके महापुरुषों की उपेक्षा करती है।

इस पार्टी के सभी हथकंडों से जरूर सावधान रहें। सपा के सांसद आरके चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद भवन में स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग की है और इस जगह पर संविधान की प्रति रखने का अनुरोध किया है। आरके चौधरी ने यह भी कहा है कि सेंगोल राजा-महाराजाओं का प्रतीक है, जिसे संसद भवन के उद्घाटन के साथ ही लोक सभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सेंगोल पर समाजवादी पार्टी के नेताओं की टिप्पणी पर करारा प्रहार किया था। अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर सीएम योगी ने लिखा कि यह सपा नेताओं की अज्ञानता को दर्शाता है।उन्होंने कहा था कि समाजवादी पार्टी के मन में भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है। सेंगोल पर उनके शीर्ष नेताओं की टिप्पणियां निंदनीय हैं।

### छात्रों का प्रतिनिधि मंडल 1 जुलाई को जनता दरबार में सीएम से करेगा मुलाकात

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** युवा मंच प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं उत्तर प्रदेश तकनीकी संवर्ग प्रमुख ई. राम बहादुर पटेल की अगुवाई में छात्रों का प्रतिनिधि मंडल 1 जुलाई को जनता दरबार में सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर तकनीकी संवर्ग में रिक्त पड़े एक लाख तकनीशियन, ट्यूबवेल ऑपरेटर, अवर अभियंता, एई , रेडियो आपरेटर जैसे पदों पर तत्काल पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का मुद्दा उठाया जाएगा।

## बढ़ती जनसंख्या बोझ नहीं, विश्व की सर्वोच्च अर्थव्यवस्था बनने के लिए वरदान

- स्वदेशी जागरण मंच की तीन दिवसीय राष्ट्रीय परिषद बैठक शुक्रवार से लखनऊ में शुरू हुई
- पहले दिन जनसंख्या और अर्थव्यवस्था विषय पर एक प्रस्ताव भी पारित किया गया
- 37 करोड़ युवा शक्ति को उद्यमिता की ओर जोड़ा जा सके विश्व में बजेगा देश का डंका
- एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन बीकेटी में शुक्रवार से शुरू हुई राष्ट्रीय परिषद बैठक में भारत के सभी राज्यों से स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी भाग ले रहे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

स्वदेशी जागरण मंच की तीन दिवसीय राष्ट्रीय परिषद बैठक शुक्रवार से लखनऊ में शुरू हुई। इस दौरान पहले दिन ÷जनसंख्या और अर्थव्यवस्था÷ विषय पर एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। मंच का मानना है कि भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या बोझ नहीं है बल्कि वह हमारी अर्थव्यवस्था को विश्व की सर्वोच्च अर्थव्यवस्था बनने के लिए कारगर सिद्ध हो सकती है बशर्ते 37 करोड़ युवा शक्ति को उद्यमिता की ओर जोड़ा जा सके।

एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन बीकेटी में शुक्रवार से शुरू हुई राष्ट्रीय परिषद बैठक में भारत के सभी राज्यों से स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रांत, क्षेत्र एवं राष्ट्रीय स्तर के कार्यकर्ता तीन दिन तक विभिन्न विषयों पर चिंतन मंथन करेंगे। राष्ट्रीय परिषद के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मंच के अखिल भारतीय संयोजक मदुरई तमिलनाडु के आर सुंदरम ने स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संचालित गतिविधियों का वर्ष भर का लेखा-जोखा लिया तथा स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से देश भर में युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करने हेतु किए जा रहे जन जागरण अभियान की समीक्षा भी की। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए एसआर इंस्टीट्यूट के निर्देशक पवन सिंह चौहान ने कहा कि देश की समृद्धि स्वदेशी से ही संभव है, यदि हम विदेशी और आयातित वस्तुओं पर निर्भर रहे तो हमारे उद्यम समाप्त हो जाएंगे और हम केवल विदेशी कंपनियों के ट्रेडर्स बनकर रह जाएंगे। स्वदेशी जागरण मंच इस राष्ट्रीय परिषद बैठक में **उद्यमिता के जैविक पथ** विषय से देश को जैविक उद्यमिता के रूप में नई संकल्पना पर विचार कर रहा है। राष्ट्रीय परिषद बैठक में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संयोजक आर. सुंदरम, राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल, राष्ट्रीय सह संगठक सतीश कुमार, कोलकाता से अखिल भारतीय सहसंयोजक धनपत राम अग्रवाल, नागपुर से अजय पतकी, दिल्ली से राजकुमार मित्तल, सवाई माधोपुर से अर्चना मीणा, भोपाल से जितेंद्र गुप्त, कर्नाटक से डॉक्टर लिंगमूर्ति, तमिलनाडु से सत्यनारायण, त्रिपुरा से डॉक्टर दीपक शर्मा, गुवाहाटी से अन्नदाता शंकर पाणिग्रही, जोधपुर से डॉक्टर रंजीत सिंह, बाड़मेर से किसान नेता भागीरथ चौधरी, राजकोट से रमेश दवे, मुंबई से प्रशांत देशपांडे, मेरठ से डॉ राजीव कुमार, लखनऊ से अनुपम श्रीवास्तव एवं आईआईडी के निदेशक मुकेश शुक्ला सहित उत्तर प्रदेश उत्तराखंड दिल्ली हरियाणा के प्रमुख शिक्षाविद एवं अर्थशास्त्री भाग ले रहे हैं।




### 45 प्रांतों के 300 से अधिक पदाधिकारी भाग ले रहे

स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख डॉ धर्मेंद्र दुबे ने जानकारी दी की राष्ट्रीय परिषद बैठक में 45 प्रांतों के 300 से अधिक पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। स्वदेशी जागरण मंच के अलावा लघु उद्योग भारती, अक्षय कृषि परिवार, वनवासी कल्याण आश्रम, सहकार भारती, सेवा भारती, गायत्री परिवार, हिंदू जागरण मंच, विश्व हिंदू परिषद और पर्यावरण गतिविधि के राष्ट्रीय प्रमुख गोपाल सहित प्रमुख पदाधिकारी भी इस चिंतन मंथन में सक्रियता से भाग ले रहे हैं।

### वैश्विक बाजार की शक्तियां चुनौती प्रभाव एवं परिवर्तन विषय पर पुस्तिका का हुआ विमोचन

राष्ट्रीय परिषद के प्रथम दिवस वैश्विक बाजार की शक्तियां चुनौती प्रभाव एवं परिवर्तनफ्र विषय पर पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। स्वदेशी मेला, स्वदेशी शोध संस्थान, स्वदेशी प्रवाह, स्वदेशी मीडिया, पंच परिवर्तन, माय एसबीए पर भी चर्चा हुई। वर्ष 2047 के लिए समृद्ध एवं महान भारत कैसे बने इस हेतु विस्तृत रोड मैप आगामी योजनाओं का इस परिषद बैठक में निर्धारित किया जा रहा है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# जनसंख्या पर नियंत्रण करने से ही सुधरेंगे हालात


**राहुल के अलावा, कांग्रेस के प्रवक्ता और विपक्ष के नेता देश के प्रधानमंत्री को अपशब्दों से अपमानित कर रहे हैं। सवाल है कि संविधान और लोकतंत्र की भाषा में जनादेश किसे कहते हैं? आम चुनाव का जनादेश क्या है? मोदी सरकार को अल्पमत, असंवैधानिक सरकार संविधान के किस हिस्से के आधार पर कहा जा सकता है? वहीं एक नई बहस संसदी में देखने को मिली। दरअसल, सेंगोल को लेकर सपा सांसद आरके चौधरी ने कहा कि सेंगोल की जगह संसद में संविधान रखा जाना चाहिए। इस पर जीतन राम मांझी से लेकर अनुप्रिया पटेल तक एनडीए के कई सहयोगियों ने मोदी सरकार के फैसले का साथ दिया है।**

ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद राहुल ने कहा कि भले ही सरकार के पास राजनीतिक शक्ति है लेकिन विपक्ष भी देश के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व कर रहा है। दरअसल, इंडिया गठबंधन कहता रहा है कि सरकार संसदीय परंपरा को दरकिनार करके डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष को देने से इनकार कर रहा है। जबकि आम धारणा रही है कि डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष को दिया जाता है। सत्ता पक्ष की दलील थी कि लोकसभा अध्यक्ष किसी दल विशेष का नहीं होता वरन सदन चलाने के लिये सब की सहमति से चुना जाता है। सत्ता पक्ष का आरोप है कि इंडिया गठबंधन दबाव की राजनीति कर रहा है। वहीं एक रोचक पहलू यह भी है कि पिछली लोकसभा में डिप्टी स्पीकर पद पर कोई चुना ही नहीं गया। राजनीतिक पंडित इस नियुक्ति को संविधान के अनुसार अनिवार्य बताते हैं। बताया जाता है कि 1969 तक कांग्रेस ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद अपने ही पास रखे। कालांतर अपनी सुविधा के अनुरूप विपक्षी दलों से यह पद साझा किया गया। बहरहाल, 18वीं लोकसभा का नया घटनाक्रम यह है कि मंगलवार को कांग्रेस ने राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया है। यहां उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में चुनावी राजनीति में आने के बाद पहली बार राहुल गांधी किसी संवैधानिक पद पर आसीन हुए हैं। इससे पहले 2019 में पार्टी की पराजय को स्वीकार कर उन्होंने पार्टी अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था। बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष पद पर ओम बिरला के चयन के बाद उन्होंने परिपक्व ढंग से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि स्पीकर का दायित्व है कि विपक्ष के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करे। बहरहाल, दस साल बाद लोकसभा को नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है। दरअसल, दो आम चुनावों में कांग्रेस सांसदों का दस फीसदी हासिल नहीं कर पाई थी, जिसके चलते वह नेता प्रतिपक्ष का पद न पा सकी। इस बार के आम चुनाव में 99 सीटें हासिल करके कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष का अधिकार हासिल किया। इंडिया गठबंधन का दावा है कि राहुल अब विपक्ष की आवाज बनेंगे। हालांकि, इस बार लोकसभा में उनकी मां सोनिया गांधी नहीं होंगी, क्योंकि वे राज्यसभा के लिये चुनी गयी हैं। लेकिन वायनाड उपचुनाव के जरिये प्रियंका गांधी के लोकसभा पहुंचने की प्रबल संभावना है। माना जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनकी जिम्मेदार राजनेता की छवि बन सकेगी। वजह है कि नेता प्रतिपक्ष देश में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों में भूमिका निभाता है। उम्मीद करें कि आम चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री पर तीखे हमले करने वाले राहुल प्रधानमंत्री के साथ इस दायित्व को सहजता से निभा पाएंगे। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष के पास कई तरह के विशेष संवैधानिक अधिकार भी होते हैं। वह कई महत्वपूर्ण समितियों का सदस्य भी होता है। संयुक्त संसदीय समितियों व चयन समितियों में उसकी सक्रिय भूमिका होती है। जो ईडी, सीबीआई, केंद्रीय सूचना आयोग, केंद्रीय सतर्कता आयोग,लोकपाल, चुनाव आयुक्तों व एनएचआरसी के अध्यक्ष जैसे विशिष्ट पदों की नियुक्तियां करती हैं। विपक्षी नेता को कैबिनेट रैंक पद का दर्जा मिलता है। उम्मीद है इससे राहुल गांधी की छवि एक परिपक्व नेता के रूप में उभरेगी। आशा करें कि सहमति-असहमति के बीच स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं को बल मिलेगा। नई लोकसभा में 27 जून को राष्ट्रपति मुर्मू दोनों सदनों की साझा बैठक को संबोधित करते हुए सरकार का एजेंडा स्पष्ट कर दिया है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में आपातकाल का जिक्र भी किया।

## एक्सप्रेस आलेख

**साल 2021 से लेकर साल 2024 के बीच भारत ने औसतन 8 प्रतिशत की रफ्तार से विकास किया है और ये ग्रोथ सामान्य समय में नहीं हुई है। ऐसे अनेक रिफॉर्म हुए हैं, जिनका बहुत लाभ देश को आज मिल रहा है। जब ये रिफॉर्म किए जा रहे थे, तब भी इनका विरोध किया गया था, नकारात्मकता फैलाने की कोशिश की गई थी, लेकिन ये सारे रिफॉर्म समय की कसौटी पर खरे साबित हुए हैं। सरकार डिजिटल इंडिया और डाक नेटवर्क का उपयोग कर दुर्घटना और जीवन बीमा का कवरेज बढ़ाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में सुधार प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए ताकि वे युद्ध के लिए तैयार रहें।**

# राष्ट्रीय गौरव के अनुरूप राष्ट्रपति का अभिभाषण



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**राष्ट्रपति ने अपने भाषण में सरकार की उपलब्धियों गिनाई और कहा कि आगामी बजट भविष्य की दूरदर्शिता का दस्तावेज होगा। इसमें बड़े आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के साथ ही अनेक ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि दुनियाभर से निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्यों में स्वस्थ स्पर्धा हो। यही कंपीटिव को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म की सच्ची स्पिरिट है। सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है।**

भारत में संसदीय शासन व्यवस्था है। संविधान के अनुच्छेद 79 में कहा गया है कि संघ के लिए एक संसद होगी, जो राष्ट्रपति और दो सदनों से मिलकर बनेगी, जिन्हें क्रमशः राज्य सभा और लोक सभा के नाम से जाना जाएगा। इस प्रावधान के अनुरुप राष्ट्रपति को संसद के अंग माना जाता है। राष्ट्रपति के विधाई आधिकार होते हैं। वह संसद के दोनों सदनों को बुलाता है और उनका सत्रावसान करता है। लोकसभा को भंग कर सकता है। संसद के दोनों सदनों के लिए एक संयुक्त सत्र आयोजित करने के लिए संसद के दोनों सदनों को बुला सकता है। उसके हस्ताक्षर की बाद ही कोई विधेयक कानून बनता है। वह संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करता है। इसके अनुरूप ही राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने लोकसभा निर्वाचन के बाद पहले संयुक्त सत्र को संबोधित किया। उन्होंने संविधान से संबंधित तथ्यों का भी उल्लेख किया। यह दो कारणों से स्वाभाविक भी था। शायद अपरिहार्य भी। क्योंकि इस बार के चुनाव में संविधान को बदलने का मुद्दा भी चर्चित हुआ था। संसद का सत्र शुरू होने के बाद संविधान की पुस्तक को लेकर प्रदर्शन भी किया गया। अनेक सदस्यों ने संविधान की प्रति लहराते हुए शपथ ग्रहण की। इसके पहले चुनाव प्रचार के दौरान सत्ता पक्ष पर संविधान बदलने का आरोप लगाया गया था। जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान की मूल संरचना या मूल ढांचा का सिद्धांत दिया जिसके तहत भारतीय संसद संविधान में उसी हद तक संशोधन कर सकती है जहां तक संविधान के मूल ढांचे पर कोई प्रभाव ना पड़े। संविधान की सर्वोच्चता, कानून का शासन, संसदीय प्रणाली, न्यायिक समीक्षा, राष्ट्र की एकता और अखंडता, संघीय स्वरूप, विधायिका कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के बीच शक्ति का विभाजन, गणराज्य, लोकतंत्र, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव, न्यायपालिका की स्वतंत्रता आदि में बदलाव नहीं किया जा सकता। लेकिन आपात काल और 42वें संशोधन को अवश्य संविधान को बदलने जैसा प्रयास माना गया। विगत दस वर्षों में ऐसा कोई कार्य नहीं हुआ जिसे संविधान को बदलने वाला माना जाए। ऐसे में राष्ट्रपति ने इसका उल्लेख किया। 25 जून को आपात काल लागू होने की पचासवीं वर्षगांठ भी थी। यह विषय पूरी तरह प्रासंगिक भी हो गया था। बयालिसवें संशोधन के द्वारा राष्ट्रपति को कैबिनेट की सलाह को मानने के



**साल 2021 से लेकर साल 2024 के बीच भारत ने औसतन 8 प्रतिशत की रफ्तार से विकास किया है और ये ग्रोथ सामान्य समय में नहीं हुई है। ऐसे अनेक रिफॉर्म हुए हैं, जिनका बहुत लाभ देश को आज मिल रहा है। जब ये रिफॉर्म किए जा रहे थे, तब भी इनका विरोध किया गया था नकारात्मकता फैलाने की कोशिश की गई थी, लेकिन ये सारे रिफॉर्म समय की कसौटी पर खरे साबित हुए हैं।**

लिये बाध्य का किया गया था। आपात काल में लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों पर प्रतिबंध लगा था। संवैधानिक संशोधन को न्यायिक प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया था। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 25 जून, 1975 को लागू हुए आपातकाल का स्मरण करते हुए कहा कि आपातकाल संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय था। वर्तमान सरकार भी भारत के संविधान को सिर्फ राजकाज का माध्यम भर नहीं मानती, बल्कि हमारा संविधान जन-चेतना का हिस्सा हो, इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं। इसी ध्येय के साथ मेरी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है। भारत के उस भूभाग, जम्मू-कश्मीर में भी संविधान पूरी तरह लागू हो गया है, जहां आर्टिकल 370 की वजह से स्थितियां कुछ और थीं। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि 25 जून 1975 को भारत के इतिहास में हमेशा एक काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा. इस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया और बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान पर हमला किया. भारत पूरी दुनिया में लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है. भारत में हमेशा से लोकतांत्रिक मूल्यों और वाद-विवाद का समर्थन किया गया है। लोकतांत्रिक मूल्यों की हमेशा रक्षा की गई है, उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया गया है। ऐसे भारत पर इंदिरा गांधी द्वारा तानाशाही थोपी गई। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंटा गया। इमरजेंसी के दौरान भारत के नागरिकों के अधिकार नष्ट कर दिए गए, पूरी आजादी छीन ली गई। ये दौर था जब विपक्ष के नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया. पूरे देश को जेलखाना बना दिया गया। तब की तानाशाही सरकार ने मीडिया पर अनेक पाबंदिया लगाई थी, न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा दिया गया था। इमरजेंसी का वह समय हमारे देश के इतिहास में अन्यायकाल का एक काला खंड था। इमरजेंसी लगाने के बाद कांग्रेस सरकार ने कुछ ऐसे फैसले किए, जिन्होंने हमारे संविधान की भावनाओं को कुचलने का काम किया। संविधान में 38वां, 39वां, 40वां, 41वां और 42वां संविधान संशोधन किया गया। इसका उद्देश्य था कि सारी शक्तियां एक व्यक्ति के पास आ जाएं। ऐसे समय में जब इमरजेंसी के 50वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, ये 18वीं लोकसभा अपनी प्रतिबद्धता को दोहराती है। हम भारत में कानून का शासन और शक्तियों का विकेंद्रीकरण अक्षुण रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपातकाल पचास साल पहले लगाया गया था, लेकिन आज के युवाओं के लिए इसके बारे में जानना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस बात का एक उपयुक्त उदाहरण है कि जब संविधान को रौंदा जाता है, जनमत को दबाया जाता है और संस्थाओं को नष्ट किया जाता है तो क्या होता है। आपातकाल के दौरान की घटनाएं इस बात का उदाहरण हैं कि तानाशाही कैसी होती है। राष्ट्रपति के संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन को व्यापक रहा। इसमें संवैधानिक व्यवस्था प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। इसमें भारत द्वारा की जा रही प्रगति और भविष्य में आने वाली संभावनाओं को शामिल किया गया। उनके संबोधन में कुछ प्रमुख चुनौतियों का भी उल्लेख किया गया, जिन्हें नागरिकों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से दूर करना होगा।

## एक्सप्रेस कविता

*अकेला है वह? उसने सोचा, वह अकेला नहीं है, उसके*
*सोचने के पहले, सोचने के बाद, और सोचने के बीच,*
*वह अकेला नहीं है, सब हैं उसके साथ।*
*कई मित्र हैं उसके, हजारों, वाह वाह, पसंदगी, तारीफ,*
*खुश करने, शब्दों का भंडार, फूल, गुलदस्ते भेजते हैं सब,*
*वह अकेला नहीं है। पर कोई दिखता नहीं, कोई रूबरू*
*मिलता नहीं, सब हैं, एक छोटे से डिब्बे में बंद,*
*अदृश्य मायाजाल के तंतु, एक खिलौना,*
*जिनसे हम नहीं खेलते, वह खिलाता है सबको।*
*कहां गए वे लोग, कहां गए सब के सब,*
*जो गलबहियां डालते, हंसते खिलखिलाते,*
*अब कोई नहीं हंसता, इमोजी हंसते हैं,*
*सब यंत्र वत है हंसी भी, खिलखिलाहट भी,*
*केवल अंगूठा दिखा कर, शाबाशी दे जाते हैं,*
*केवल दूर से मशीनी रिश्ते।*

-संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*'ज्ञान' धन से ज्यादा श्रेष्ठ होता है, क्योंकि धन की रक्षा हमें करनी होती है और 'ज्ञान' हमारी रक्षा करता है।*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 14:19 तक |
| नक्षत्रः | उत्तर भाद्रपद 08:49तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शोभन, 18:54 तक |
| सूर्योदयः | 05:16 |
| सूर्यास्तः | 19:04 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 08:43-10:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | आषाढ़ |
| अभिजीत मुहूर्तः | 11:42 से 12:37 |

# जन एक्सप्रेस

### पानी पीकर कोस रहे !

*फैली अराजकता ।*
*किए नहीं कुछ काम ।।*
*पानी पीकर कोस रहे ।*
*ले रहे भी नाम ।।*
*जल जमाव, जल भराव ।*
*है थोड़ी बरसात ।।*
*है चर्चा चहुंओर ।*
*आप की ही बात ।।*
*झेल रही है जनता ।*
*है मुश्किल इस बार ।।*
*हैं सुविधाविहीन ।*
*पग पग है प्रहार ।।*
*किंकर्तव्यविमूढ़ हैं ।*
*कौन सुनने वाला ?*
*अंदर बाहर कर रहा ।*
*जो अपना रखवाला ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# आइये जानते हैं, क्या होती है नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी?



**ग्लूटेन** सेंसिटिविटी या नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी अक्सर अज्ञात सीलिएक रोग के समान लक्षण ही दिखाई देते हैं। लेकिन यह दोनों ही अलग-अलग चीजें हैं। नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी मुख्य रूप से गेहूं का सेवन करने वाले लोगों में ज्यादा दिखाई देती है। पिछले कुछ सालों में लोगों के बीच एक बार फिर ग्लूटेन चर्चा का विषय बन गया है। खुद को स्वस्थ रखने के लिए लोग ग्लूटेन फ्री डाइट का विकल्प अपना रहे हैं। ग्लूटेन फ्री डाइट वो है, जिसमें उस अनाज को शामिल नहीं किया जाता है जिसमें ग्लूटेन की मात्रा पाई जाती है। जैसे की गेहूं और राई। ग्लूटेन एक खास तरह का प्रोटीन होता है, जो कुछ खास अनाजों में ही पाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ ग्लूटेन फ्री डाइट्स को सीलिएक बीमारी के साथ जोड़कर देखते हैं। इसके अलावा नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी भी ग्लूटेन से संबंधित परेशानियों का कारण बनती है। ग्लूटेन फ्री डाइट के बारे में तो अक्सर बात हो ही जाती है, लेकिन नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी की जानकारी बहुत ही कम लोगों को होती है।

**नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी क्या है?-**

ग्लूटेन सेंसिटिविटी या नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी अक्सर अज्ञात सीलिएक रोग के समान लक्षण ही दिखाई देते हैं। लेकिन यह दोनों ही अलग-अलग चीजें हैं। नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी मुख्य रूप से गेहूं का सेवन करने वाले लोगों में ज्यादा दिखाई देती है। मुख्य रूप से जो लोग ज्यादा मात्रा में गेहूं का सेवन करते हैं उनमें यह सेंसिटिविटी ज्यादा नजर आती है। आपको नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी है या नहीं इस विषय पर ज्यादा जानकारी प्राप्त करने के लिए अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी का कारण क्या है?

**डॉक्टर के अनुसार, नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी होने के कई कारण हो सकते हैं। लेकिन ज्यादा मामलों का सटीक प्रमाण अब तक नहीं मिल पाया है।**

1. इम्यून सिस्टम से विपरीत जब ग्लूटेन के विषाक्त गुण काम करने लगते हैं और बीमारियों का कारण बनते हैं।
2. ग्लूटेन सेलुलर फंक्शन में विषाक्त घटनाओं के कैस्केड को लाता है, जिससे सेल संरचना, गतिशीलता और रासायनिक संतुलन प्रभावित होता है।
3. कुछ व्यक्ति ग्लूटेन युक्त अनाज में मौजूद प्रोटीन के प्रति प्रतिक्रिया प्रदर्शित कर सकते हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय करता है और NCGS और सीलिएक रोग की ओर ले जाता है।

**नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी के लक्षण क्या हैं?-**

न्यूरोलॉजिकलः सिरदर्द, माइग्रेन, हाथों और पैरों में झुनझुनी या सुन्नता महसूस होना

मांसपेशियों की टोन और समन्वय विकार

मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं: ध्यान केंद्रित करने में परेशानी, ऑटिज्म, चिंता, अवसाद, मति का भ्रम होना

एलर्जिक समस्याएं: अस्थमा, एटोपिक डर्मेटाइटिस, एक्जिमा, IgE मध्यस्थता एलर्जी। आयरन की कमी से एनीमिया/फोलेट की कमी होना।

## एक्सप्रेस विशेष

# विपक्ष के पास मुद्दों की कमी के कारण सेंगोल जैसे पुराने मुद्दे उठ रहे?



अशोक भाटिया, मुंबई

**सेंगोल को और खंगालें तो कई अलग-अलग रिपोर्ट में इसकी उत्पत्ति तमिल तमिल शब्द - सेम्मई' से बताई गई है। सेम्मई का अर्थ है 'नीतिपरायणता', यानि सेंगोल को धारण करने वाले पर यह विश्वास किया जाता है कि वह नीतियों का पालन करेगा। यही राजदंड कहलाता था, जो राजा को न्याय सम्मत दंड देने का अधिकारी बनाता था। ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार, राज्याभिषेक के समय, राजा के गुरु के नए शासक को औपचारिक तोर पर राजदंड उन्हें सौंपा करते थे।**

**देश** की नई संसद में सेंगोल को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। 18वीं संसद के सत्र के दौरान गुरुवार को समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी ने पत्र लिखकर संसद से सेंगोल हटाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सेंगोल का अर्थ 'राज-दंड' यानी 'राजा का डंडा' होता है। रियासती व्यवस्था खत्म करके ये देश आजाद हुआ है। ऐसे में यह देश 'राजा के डंडे' से चलेगा या संविधान से? मैं मांग करता हूं कि संविधान को बचाने के लिए सेंगोल हटाया जाए। आरके चौधरी की इस मांग का विपक्षी दल भी समर्थन कर रहे हैं। वहीं, आरके चौधरी के विरोध में एनडीए नेता उन्हें खरी खोटी सुना रहे हैं और बंटवारे की राजनीति का आरोप लगा रहे हैं। सपा नेता ने कहा कि संसद भवन लोकतंत्र का मंदिर है। लोकतंत्र के मंदिर में सबसे बड़ा ग्रंथ संविधान है। इसलिए हम चाहते हैं कि एक बड़े आकार के संविधान का प्रति संसद भवन में स्थापित किया जाना चाहिए। सेंगोल पवित्र चीज है, लेकिन उसे रखने के लिए संसद सही जगह नहीं है, पवित्र चीजों के लिए मंदिर है। उसे सही जगह रख दिया जाए। इसलिए मैंने मांग की है कि इसे संसद भवन से हटा देना चाहिए। अगर लोकतंत्र को बचाना है, संविधान को बचाना है तो सेंगोल को हटाना है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव से इस मुद्दे पर बात हुई है, उन्होंने इतना कहा है कि मुद्दा उठाने से पहले आपको एक बार बात कर लेना चाहिए था। अब आगे हमारे नेता अखिलेश यादव जैसे कहेंगे वैसे हम इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे। सेंगोल मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के नेताओं की अलग-अलग प्रतिक्रिया भी सामने आई। सपा नेता आरके चौधरी की मांग पर पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी कहा कि प्रधानमंत्री इसके सामने सिर झुकाना भूल गए, तो शायद वह भी कुछ और चाहते थे। वहीं, कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा कि सेंगोल को लेकर समाजवादी पार्टी की मांग गलत नहीं है। आरजेडी सांसद मीसा भारती ने भी आरके चौधरी के मांग का समर्थन किया और कहा कि सेंगोल को हटाना चाहिए, ये लोकतंत्र में है, राजतंत्र में नहीं। वहीं, सत्ता पक्ष की ओर से बीजेपी सांसद खगेन मुर्मू ने कहा कि विपक्ष के पास कोई दूसरा काम नहीं है। वहीं, महेश जेठमलानी ने कहा कि सेंगोल राष्ट्र का प्रतीक है, उसे अब कोई नहीं हटा सकता। आरएलडी सांसद जयंत चौधरी ने कहा कि अकेले समाजवादी पार्टी ने संविधान का ठेका नहीं लिया है क्या? वहीं, चिराग पासवान ने कहा कि ये लोग सिर्फ बंटवारे की राजनीति करते हैं। बीजेपी सांसद रवि किशन ने कहा कि इनकी (विपक्ष) मति भ्रमित हो गई है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने कहा कि सेंगोल को संसद में लगाना या नहीं, इस पर बोलने के साथ-साथ सपा के लिए यह बेहतर होता कि यह पार्टी देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में और आम जनहित के मुद्दों को भी केंद्र सरकार को घेरती, जबकि सच्चाई ये है कि ये पार्टी अधिकांश ऐसे मुद्दों पर चुप ही रहती है और सरकार में आकर कमजोर वर्गों के खिलाफ फैसले भी लेती है। इनके महापुरूषों की भी उपेक्षा करती है। इस पार्टी के सभी हथकंडों से जरूर सावधान रहें। गौरतलब है कि इतिहास के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तमिलनाडु के सदियों पुराने मठ के आधीनम महंतों का आगमन उस परंपरा को फिर से सत्ता का खास अंग बनाने के लिए हुआ था, जिसका लेखा-जोखा हमारी प्राचीन पद्धतियों में दर्ज रहा है और जो इस देश की विरासत रही है। यहां सेंगोल की बात हो रही है, जिसे प्राचीन काल से राजदंड के तौर पर जाना जाता रहा है। यह राजदंड सिर्फ सत्ता का प्रतीक नहीं, बल्कि राजा के सामने हमेशा न्यायशील बने रहने और प्रजा के लिए राज्य के प्रति समर्पित रहने के वचन का स्थिर प्रतीक भी रहा है। जिस सेंगोल की स्थापना नई संसद में की गई है, उसका आधुनिक इतिहास भारत की आजादी के साथ जुड़ा हुआ सामने आया है, जब तत्कालीन पीएम जवाहर लाल नेहरू को सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर सेंगोल सौंपा गया। वहीं प्राचीन इतिहास पर नजर डालें तो सेंगोल के सूत्र चोल राज शासन से जुड़ते हैं, जहां सत्ता का उत्तराधिकार सौंपते हुए पूर्व राजा, नए बने राजा को सेंगोल सौंपता था। यह सेंगोल राज्य का उत्तराधिकार सौंपे जाने का जीता-जागता प्रमाण होता था और राज्य को न्यायोचित तरीके से चलाने का निर्देश भी। रामायण-महाभारत के कथा प्रसंगों में भी ऐसे उत्तराधिकार सौंपे जाने के ऐसे जिक्र मिलते रहे हैं। इन कथाओं में राजतिलक होना, राजमुकुट पहनाना सत्ता सौंपने के प्रतीकों के तौर पर इस्तेमाल होता दिखता है, लेकिन इसी के साथ राजा को धातु की एक छड़ी भी सौंपी जाती थी, जिसे राजदंड कहा जाता था।

**राजतिलक और राजदंड की वैदिक रीतियों में एक प्राचीन पद्धति का जिक्र होता है। इसके अनुसार राज्याभिषेक के समय एक पद्धति है। राजा जब गद्दी पर बैठता है तो तीन बार 'अदण्ड्यो: अस्मि' कहता है, तब राजपुरोहित उसे पलाश दंड से मारता हुआ कहता है कि 'धर्मदण्ड्यो: असि'। राजा के कहने का तात्पर्य होता है, उसे दंडित नहीं किया जा सकता है। ऐसा वह अपने हाथ में एक दंड लेकर कहता है।**

# ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर

## दो भाइयों समेत तीन की मौत, एक गंभीर घायल

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**



थाना खमरिया क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर ऊंचगांव के निकट गुरुवार की रात करीब नौ बजे तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप वाहन को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिकअप में सवार दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया जानकारी के मुताबिक पिकअप वाहन अदलिशपुर से केला लेकर लखीमपुर जा रहा था। ऊंचगांव के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को थाना पुलिस ने सीएचसी खमरिया भेजा, जहां 20 वर्षीय लल्लू पुत्र सुरेश निवासी अदलिशपुर मजरा मुराउनपुरवा को मृत घोषित कर दिया। लल्लू के भाई महेश, रिंकू व कमलेश पुत्र अशर्फी को जिला अस्पताल ओयल रेफर किया। जहां इलाज के दौरान 40 वर्षीय कमलेश की मौत हो गई। 32 वर्षीय महेश को गंभीर हालत के चलते लखनऊ रेफर किया। रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में घायल रिंकू का इलाज जारी है। थाना पुलिस के मुताबिक दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पुरानी रंजिश में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस। हरदोई। पाली।** पाली क्षेत्र के बाबरपुर गांव में एक युवती ने गांव के ही दो लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि जब उसके पिता घर आए, तो आरोपियों ने उन पर तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी दी। युवती को पास पड़ोस के लोगों ने बचाया। युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पाली थाना क्षेत्र के बाबरपुर गांव की अंशिका दीक्षित पुत्री राजीव दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह घर पर अकेली थी। तभी उसके साथ दरवाजे पर गांव के ही अनुज कुमार और अनूप कुमार पुत्र मायाप्रकाश ने लात-घूंसों से मारपीट की, शोरगुल सुनकर पास पड़ोसियों ने उसे आरोपियों से बचाया। जब उसके पिता राजीव घर पर आए तब आरोपियों ने तमंचे से जान से मारने की धमकी दी। अंशिका के मुताबिक आरोपी यह कहते घूम रहे हैं कि उनके पास बहुत पैसा है, पुलिस कुछ भी नहीं करेगी( फिलहाल अंशिका की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### होलिका दहन व इमाम चौकी के चबूतरे पर अतिक्रमण का आरोप

**जन एक्सप्रेस। हरदोई। पाली।** कस्बा के मोहल्ला काजीसराय उत्तरी में होलिका दहन व इमाम चौकी के सम्मिलित चबूतरे पर मोहल्ला के लोगों पर अतिक्रमण करने का आरोप है। मोहल्ला के सभासद पति ने नगर पंचायत कार्यालय में शिकायती पत्र देकर चबूतरे को खाली कराने की मांग की है।
मोहल्ला काजी सरांय उत्तरी के सभासद पति आरिफ खाँ ने अधिशासी अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि सात जुलाई से मोहर्रम शुरू हो रहे हैं। मोहल्ला के इस सार्वजनिक चबूतरे पर हर साल मोहर्रम के दौरान अलम का जुलूस इकट्ठा होता है। जिसमें बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के लोग मौजूद रहते है। आरोप है कि चबूतरे पर कुछ लोगों ने ईंटे लगा कर कब्जा जमा लिया है। जिससे आने वाले मोहर्रम में दिक्कत होगी। सभासद पति ने नगर पंचायत से जल्द चबूतरा खाली कराने की मांग की है।

### पति सहित पांच ससुरालीजनों पर का दहेज मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली।** थाना क्षेत्र के पहाड़पुर चौडाराय की शशिबाला उर्फ गोल्डी पुत्री नरेंद्र देव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि इसी साल 20 अप्रैल को उसकी शादी फर्रुखाबाद के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के कैथन नगला शास्त्री नगर के साहुल पुत्र ओमनारायण से हुई थी। शादी में शशिबाला के पिता ने सामर्थ्यनुसार दान-दहेज भी दिया था। शशिबाला ने बताया कि शादी के दो चार दिन तक ठीक ठाक चलता रहा। इसके बाद पति साहुल, ननद राधा, जेठ राहुल, जेठानी सोनी व ससुर ओमनारायण ने अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख की नगदी, एक अपाचे मोटरसाइकिल व एक सोने की चेन की मांग की। शशिबाला के मुताबिक जब उसने यह मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो 8 जून को उसके साथ गालीगलौज कर मारपीट की गई। शशिबाला के मुताबिक जानकारी पाकर जब उसके पिता व चाचा उसकी ससुराल पहुंचे तो उन्हें भी गालीगलौज कर बेइज्जत किया। जिसके बाद शशिबाला अपने मायके आ गई। शशिबाला की तहरीर पर पाली पुलिस ने आईपीसी की धारा 498ए, 323, 504 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सडक दुर्घटना में चार घायल

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।** अलग-अलग सडक दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गये। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गनेशपुर निवासी 27 वर्षीय आसिफ खां पुत्र फईम खांन, शाहजहांपुर जिले के थाना खुटार के यादवपुर गांव निवासी 28 वर्षीय सफीउल्ला पुत्र वलीउल्ला, नीमगांव थाना क्षेत्र के रायपुर घुंसी निवासी 45 वर्षीय तवरेज पुत्र मुबारक और 17 वर्षीय सूरज कुमार पुत्र गुड्डू सडक दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को सीएचसी लाया गया जहां से डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### नाव, मोटर एवं स्पीट वोट हेतु ई-निविदा आमंत्रित: अपर जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने कहा है कि निकट भविष्य में संभावित बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक छोटी, मझोला एवं बड़ी नाव, मोटर वोट, स्पीट वोट आदि को चालक सहित दैनिक रूप से बाढ़ में फंसे व्यक्तियों, परिवारो, पशुओं व अन्य को संबंधित तहसील मुख्यालय /राहत कैम्प तक पहुंचाने हेतु पंजीकृत फर्म, संस्था व एजेंसियों से ई-टेण्डर के माध्यम से अतिन्म तिथि 03 जुलाई 2024 की अपरान्ह 03 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित है। एडीएम ने बताया कि ई-निविदा 03 जुलाई 2024 को अपरान्ह 04 बजे जिलाधिकारी कार्यालय में खोली जायेगी तथा अधिक जानकारी के लिए कलेक्टेट कार्यालय से सम्पर्क करें।

### आम फसल की नीलामी 01 जुलाई को

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** नायब तहसीलदार अहिरोरी ने अवगत कराया है कि सदर तहसील के ग्राम लोकवापुर में ग्राम समाज की भूमि पर लगे 90 आम के पेड़ों में लगी आम की फसल की नीलामी 01 जुलाई 2024 को दोपहर 02 बजे सदर सहसील सभागार में की जायेगी। उन्होने कहा है कि आम फसल लेने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर तहसील सदर पहुंच कर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

### सीडीओ की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** विवेकानंद सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बैकों को निर्देश दिए कि सीडी रेशियो को बेहतर बनाने के लिए गंभीर प्रयास किये जाएं। कल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित लोन का कोई आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने में देरी न की जाये। पीएम स्वनिधि योजना में लक्ष्य के अनुरूप लोगों को लाभान्वित किया जाये। स्वयं सहायता समूहों को ऋण स्वीकृति में देरी न की जाये। समूहों का बैंक खाता अनावश्यक रूप से बन्द न किया जाये। बीएमएम से निरंतर संवाद किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने अनुपस्थित बैंक प्रतिनिधियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक अरविन्द रंजन, रिजर्व बैंक लखनऊ के अधिकारी सौरभ सिंह, बैंक ऑफ़ इंडिया रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर रितेश सिंह, कर्मचारी नेता वेद प्रकाश सहित बैंक प्रतिनिधि व सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर कांग्रेसियों ने छात्रों से किया संवाद

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर कोचिंग क्लासेज पर पहुंचकर छात्र/छात्राओं से संवाद किया। प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी पटेल सुशील कुमार वर्मा के पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज पर पहुंचे। जहां उन्होंने छात्रों से मिलकर कहा कि कांग्रेस पार्टी पेपर लीक को लेकर के काफी संवेदनशील है। जिसका कड़ा विरोध सड़क से लेकर संसद तक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता में आते ही पेपर लीक पर कानून लाएगी। कार्यक्रम में जिला महासचिव के के मिश्रा, प्रेम कुमार वर्मा, जिला सचिव राकेश विश्वकर्मा, अर्पित कुमार, बिंदर कौर, सुष्मिता सिंह, सौम्या मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# नवागत जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं




**जन एक्सप्रेस | सीतापुर**

जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनंद ने आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने चैंबर में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को एक-एक व्यक्तियों से सुना एवं दूरभाष पर वार्तालाप कर संबंधित अधिकारियों को शासन के मंशानुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी जनसुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही है, उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं एवं यह भी कहा कि लाभार्थी को निस्तारण से संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। जिलाधिकारी महोदय के द्वितीय दिवस जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों एवं योजनाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा उपस्थित रहीं।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कुलपति का फूंका पुतला

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**



पाली। पाली कस्बा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की इकाई ने निजामपुर पुलिया पर प्रदर्शन करते हुए कुलपति का पुतला फूंका। एबीवीपी ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एमएससी के छात्र यशपाल की आत्महत्या और आंदोलित आठ छात्रों के निष्कासन किये जाने की निंदा की।
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने कुलपति बृजेन्द्र सिंह का पुतला फूंका। प्रदर्शन करते हुए कार्यकताओं ने मौन कृषि मंत्री हाय-हाय के नारे लगाए और भृष्ट कुलपति को बर्खास्त किये जाने की मांग की। कहा उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की शह पर विश्वविद्यालय के कुलपति छात्रों से अपनी मनमानी करते हैं। एबीवीपी ने मंत्री के उदासीन रवैया पर इस घटना में उनकी शह की मंशा का भी विरोध किया। नारेबाजी कर कहा कि मंत्री होश में आओ। वहीं एबीवीपी ने अवैध कोचिंग, जर्जर प्राथमिक विद्यालय सहित विभिन्न शैक्षिक मुद्दों को लेकर जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन भी नायब तहसीलदार अनेक सिंह को सौपा। इस मौके पर एबीवीपी तहसील सयोंजक नीरू त्रिवेदी, सचिन, विमेश, शिवम, अर्पित, विकाश आदि मौजूद रहे।

# नवागत जिलाधिकारी ने नैमिष धाम में माँ ललिता देवी के किये दर्शन व की पूजा अर्चना

**जन एक्सप्रेस | सीतापुर**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज नैमिष में सर्वप्रथम चक्रतीर्थ, मॉ ललिता देवी मंदिर एवं हनुमान गढ़ी पहुंचकर विधि विधान से पूजन अर्चन किया एवं चक्रतीर्थ के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा नैमिषारण्य में कराए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि जो भी कार्य कराए जा रहे हैं, वह मानक के अनुरूप हो तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। नैमिषारण्य क्षेत्र के परिसर की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य क्षेत्र के आसपास जो अवैध कब्जा है, उसको हटवा दिया जाए। नैमिषारण्य एक तीर्थ है, विभिन्न स्थानों से यहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा करने आते हैं हम सभी चाहते हैं कि जो भी श्रद्धालु यहां पर आए, उनके लिये हर सुविधा यहां पर मुहैय्या कराई जाए उन्हें किसी प्रकार की कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े यही हम लोगों का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, तहसीलदार मिश्रिख सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।
तत्पश्चात नैमिषारण्य निरीक्षण भवन में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पर्यटन के अधिकारियों के साथ नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद के अंतर्गत अब तक किये गए कार्यो की समीक्षा की। उपनिदेशक पर्यटन डॉ0 कल्याण सिंह से नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ में निमार्णाधीन प्रवेश द्वार, प्लाजा, टेंडर आदि कार्यो की लागत व अब तक हुए कार्यो की प्रगति की जानकारी लेते हुये कार्यो में गति लाने के निर्देश दिये। हेलीपैड, ललिता देवी मंदिर, परिक्रमा के पड़ावों, साइनेज बोर्ड, लेआउट नक्शा, भूमि अधिग्रहण आदि की अब तक बनी रणनीति व कार्ययोजना का अवलोकन कर कार्यदायी संस्थाओं व उनके प्रतिनिधियों से आगे की रणनीति की जानकारी लेते हुये जिलाधिकारी ने संबंधित संथाओं को निर्देश दिये कि सभी कार्य मानक के अनुरूप व पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जायें। उन्होंने पर्यटन अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश देते हुये कहा कि जल्द ही अगली बैठक कर परियोजनाओं को मूर्तरूप देने पर विशेष रणनीति के तहत कार्य करेंगे। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह सहित पर्यटन विभाग के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद का हुआ उद्घाटन



**जन एक्सप्रेस | सीतापुर**

**महमूदबाद।** विकास खंड की ग्राम पंचायत शाहपुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का उद्घाटन करने पहुंचे खण्ड विकास अधिकारी महमूदाबाद के श्रीश गुप्ता व सहायक विकास अधिकारी ओमवीर साथ ही ग्राम पंचायत सचिव बृजेश यादव। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ग्राम पंचायतों को सुंदर बनाने व भयंकर बीमारियों से राहत के लिए हर ग्राम पंचायत में अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बनवाए गए हैं। जिससे गांव के लोग इधर उधर गांव के चारों तरफ गंदगी न करें गंदगी और कूड़े के ढेरों का खात्मा और गांव की सुंदरता को चार चांद लग सकें। सरकार की पहल स्वच्छ भारत अभियान जैसी सरकारी योजनाओं के अंतर्गत, ग्रामीण क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबंधन को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके।
अपशिष्ट प्रबंधन केंद्रों के माध्यम से कचरे को पुनर्चक्रित कर उपयोगी उत्पाद बनाए जा सकते हैं, जिससे संसाधनों की बचत होती है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि गांव में फैले कूड़ा कचरे से तरह-तरह की बीमारियां होती हैं अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र के माध्यम से कूड़ा गांव से दूर होगा तो बीमारियों पर भी काबू किया जा सकेगा और दृश्यमान सुंदरता और स्वच्छता गांव में होनी चाहिए।

### ससुरालियों पर महिला ने लगाया पति की हत्या का आरोप



**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मुंडा चौकी की महिला ने अपने ससुरालियों पर पति की हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेड़ा निवासी कमलाकांत की पत्नी मंजू देवी ने पुलिस को तहरीर देकर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है। मंजू देवी का कहना है कि 15 अप्रैल को उसके मायके इदईपुरवा में कार्यक्रम था वह अपने पति के साथ वहां गई थी। वहां से उनका पति गन्ना बुबाई बता कर चले गए थे। मंजू का कहना है कि 21 अप्रैल को सूचना मिली कि उसके पति ने जहर खा लिया है।जब वह ओयल अस्पताल पहुंची तब तक उसके पति की मौत हो चुकी थी।जब वह ससुराल पहुंची तो वहां उसे और उसके बेटे की हत्या की कोशिश की गई।उसने किसी तरह जान बचाई। अब वह मायके में रह रही है। मंजू देवी ने अपने पति के भाई, सास, ननदोई पर पति की हत्या का आरोप लगाया है और पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

विवेकानंद सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि सड़कों पर आवश्यकतानुसार संकेतक सुनिश्चित किये जाएं। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाये। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए कार्ययोजना के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। राजमार्गो पर पेट्रोलिंग व्यवस्था को चाक चौबंद रखा जाये। दुर्घटना से प्रभावित ब्लैक स्पॉट पर विशेष ध्यान दिया जाये। दुर्घटना से घायल लोगों का ससमय इलाज सुनिश्चित किया जाये। ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि हेलमेट न पहनने व शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में कार्रवाई की जाये। आपात स्थिति में घायलों को 112 नंबर वाहन से भी अस्पताल पहुँचाया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जलजीवन मिशन के तहत नवदुर्गा सेवा संस्थान की टीम ने लोगों को किया जागरूक



**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

पाली। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना के तहत शुद्ध एवं स्वच्छ जल का किस तरह प्रयोग करें, इसके संदर्भ में नव दुर्गा सेवा संस्थान लखनऊ की टीम के द्वारा पाली के मोहल्ला भगवन्तपुर में महिलाओं को विस्तार से जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया ।
सभासद अभय त्रिवेदी के आवास पर आयोजित बैठक में संस्थान के ब्लॉक क्वार्डिनेटर ईशु अवस्थी व शोभा त्रिवेदी ने बताया कि शुद्ध पानी खाना बनाने व पीने के लिए उपयोगी हैं। शुद्ध जल प्राप्त करने के लिए जल को उबाल लें, जल को छान लें, और जल को स्टरलाइज कर लें। सभासद अभय त्रिवेदी ने बताया कि हमारे शरीर का 60 फीसदी हिस्सा पानी से बना हुआ है। स्वस्थ संतुलन बनाये रखने के लिए व्यक्ति को साफ पानी पीते रहना चाहिए। इंसान को कुशलतापूर्वक काम करने के लिए हाइड्रेशन के आवश्यक स्तर को बनाये रखना होगा। शुद्ध व स्वच्छ पानी व्यक्ति के शरीर को पोषण प्रदान करता है। शोभा त्रिवेदी ने बताया कि शुद्ध और स्वच्छ जल पीने से हमारी त्वचा ज्यादा चमकदार और तरोताज़ा दिखती है। शुद्ध पानी हमारे शरीर से ऑक्सीडेंट और अन्य विषाक्त पदार्थों को निकालकर हमारी त्वचा को ऊर्जा प्रदान करता है। इसके अलावा यह किडनी पर पड़ने वाले तनाव को भी कम करता है।
उन्होंने कहा कि हो सके तो सुबह उठकर गर्म पानी पिए इससे बहुत आराम मिलता है। गर्म पानी पीने से पाचन शक्ति भी बढ़ती है। नवदुर्गा सेवा संस्थान लखनऊ की टीम के द्वारा यहां की महिलाओं को शुद्ध और स्वच्छ जल को लेकर और भी टिप्स दिए गए, साथ ही महिलाओं से अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई। इस मौके पर मीरा, अंशु, रजनी, सुधा त्रिवेदी, मधुबाला, वीरमति, लक्ष्मी राजपूत, रामू देवी, बिट्टो मिश्रा, कुसुमा, विमला, मोनी, सोनी व रेनू आदि मौजूद रही।

# हटाये गए अधीक्षण अभियंता, नहीं किए जा रहे रिलीव

**जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी**

हैदराबाद थाना क्षेत्र में हेमपुर गांव के निकट बड़ी नहर पटरी पर एचटी लाइन की चपेट में आने से मां बेटे और भाई की मौत के मामले में शासन ने सख्त कार्यवाही करते हुए अधीक्षण अभियंता को हटा दिया है,पर दो दिन हो जाने के बाद भी उन्हें रिलीब नहीं किया गया है। 17 जून को पीलीभीत के सेहरामऊ उत्तरी इलाके के गांव बहादुरपुर निवासी 17 वर्षीय बबलू पुत्र अमरीश अपनी शादी के कार्ड बांट रहा था। 2 जुलाई को उसकी शादी थी। वह नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम ललपुरवा अपनी बहन मंजू देवी के यहां कार्ड देने गया था। उधर से उसके साथ 28 वर्षीय बहन मंजू देवी, 5 वर्षीय भांजा अनमोल, 3 वर्षीय भांजी खुशी और बबलू की 55 वर्षीय मां बिंदिया एक ही बाइक पर सवार होकर बहादुरपुर जा रहे थे। बताते हैं कि जब वह हैदराबाद थाना क्षेत्र में ग्राम हेमपुर के निकट बड़ी नहर पर पहुंचे तो एचटी लाइन का तार इंसुलेटर से नीचे लटक रहा था। बबलू उसे देख नहीं पाया और उसे करंट लग गया।बाइक जलने लगी। बबलू उसकी बहन मंजू और भांजे अनमोल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बबलू की मां बिंदिया और भांजी खुशी गंभीर रूप से झुलस गए थे। उन्हें एंबुलेंस की मदद से गोला सीएचसी लाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था।ऊर्जा मंत्री ने प्रथम दृश्या विधुत वितरण खण्ड द्वितीय के अधिशाषी अभियंता राजनरायन, एसडीओ विनीत कुमार, अवर अभियंता अमृत लाल को निलंबित कर दिया था। घटना के दस दिन बाद शासन ने अधीक्षण अभियंता अशोक सुंदरम को हटा दिया है, पर उन्हें रिलीब नहीं किया जा रहा है।

### 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा रोग नियंत्रण अभियान

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि माह जुलाई, 2024 में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई, 2024 तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई, 2024 तक चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यकम के प्रभावी अनुश्रवण हेतु जनपद स्तर पर जिला टास्क फोर्स की बैठक प्रत्येक सोमवार को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आहूत की जायेगी। इसी प्रकार ब्लाक स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक सामुदायकि स्वास्थ्य केन्द्र पर साप्ताहिक रूप से आहूत की जाये, तथा बैठक का फोटोयुक्त कार्यवृत्त उक्त दिनांक को ही अधोहस्ताक्षरी एवं मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराये जाने का दायित्व संबंधित चिकित्सा अधीक्षक का होगा।

# रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर की गई शुक्रवार की परेड

**एसपी ने पीआरवी 112 के वाहनों व शस्त्रागार, जीडी व मेस का किया निरीक्षण**

**हरदोई**



पुलिस अधीक्षक केशवचंद गोस्वामी द्वारा शुक्रवार की परेड रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर कराते हुये परेड की सलामी ली। सलामी ग्रहण करने के उपरांत एसपी ने पुलिस बल की दौड़ कराई तथा टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने यू0पी0 112 पीआरवी वाहनों का भी निरीक्षण कर संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त समस्त थानों पर भी शुक्रवार की परेड करायी गयी।
शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।
इसके पश्चात एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, जीडी कार्यालय, पुलिस लाइन भवन व लाइन में स्थित मेस में जाकर खाने की गुणवत्ता को परखा तथा मेस की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने हेतु मेस प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक व पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग की मेगा कैम्प में दस लाख से अधिक की वसूली



**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

**पाली।** शुक्रवार को कस्बा पाली के विधुत उपकेंद्र पर बिजली विभाग द्वारा मेगा कैम्प का आयोजन हुआ। जिसमें विधुत उपभोक्तओं को बिल संबधित होने वाली त्रुटियों को सही किया गया। कैम्प के जरिये एक लाख 10 हजार 793 रुपये की बकाया बिल बसूली भी विभाग द्वारा की गई। विधुत विभाग के एसडीओ शुशांक मौर्या व जेई सरफराज अहमद की अध्यक्षता में चले मेगा कैम्प में विधुत उपभोक्ताओं ने पहुच कर सरकार द्वारा दी जा रही सुविधा का लाभ उठाया। जेई सरफराज ने बताया कि मेगा कैम्प में 16 उपभोक्ताओं ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें 12 बिल संसोधन व चार मीटर खराब सबंधित शिकायतें थी। कैम्प के जरिये 12 बिलों को संसोधित किया गया है। तीन खराब मीटरों को बदला गया है। जबकि एक बची शिकायत को जल्द निस्तारण के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया गया है। साथ ही 55 नए उपभोक्ताओं का टियूबेल सबंधित रजिस्ट्रेशन भी किया गया है।
इसके अलावा 10 बिजली उपभोक्ताओं पर अधिक बकाया बिल होने के कारण उनके कनेक्शन को काटा गया है। कैम्प के जरिये 1 लाख 10 हजार 793 रुपये का बकाया बिल भी बसूला गया है। एसडीओ शुशांक मौर्या ने कहा कैम्प का मुख्य उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं को होने वाली दिक्कतों के समाधान व उन्हें सरकार की योजनाओं से अवगत कराना था। उन्होंने कहा समय समय पर ऐसे कैम्प लगते रहेंगे। वहीं कैम्प में आने वाले अधिकांश उपभोक्ता बिल में हुई त्रुटि की समस्या से परेशान दिखे। इस अवसर पर संदीप बाबू, एजाज अहमद, सुशील शुक्ला, मसूद, अजय, फैजान आदि मौजूद रहे।

# बारिश में भी लगाई गई हाजिरी ने खोल दिया घोटाले का पोल

जन एक्सप्रेस | महराजगंज



भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में शुमार म महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में सरकार ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के लिए संचालित कर रही है और योजना के क्रियान्वयन पर खासा जोर देती है।

परंतु भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे ग्राम प्रधान व सचिवों के लूट खसोट का सर्वोत्तम साधन बन गई है।

पुराने फोटो अपलोड करने में फोन का टूटा हुआ स्क्रीन गाड भी हो गया अपलोड -मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा रोकने को लेकर सरकार चाहे कितनी भी जतन क्यों न कर ले, लेकिन जालसाजी करने वाले सरकार के हर प्रयासों पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। विभाग ने योजना में पारदर्शिता लाने के लिए ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था की है। जिससे फर्जी हाजिरी पर रोक लगाई जा सके, परंतु सरकार की मंशा पर पानी फेरते भ्रष्टाचारियों ने विभागीय पोर्टल पर पहले से खींच कर रखे हुए फ़ोटो को मोबाइल से खींच कर अपलोड कर दे रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण जनपद के परतावल ब्लॉक के ग्राम सभा तरकुलवा तिवारी में देखने को मिला है। जहां पुराने फ़ोटो को अपलोड करने के चक्कर में रोजगार सेवक के मोबाइल फोन का टूटा हुआ स्क्रीनगार्ड भी अपलोड हो गया है।

मनरेगा योजना के इस भ्रष्टाचार का मामला उजागर होने पर जिले में हड़कंप मचा हुआ है। बताते चलें कि जहां बुधवार की देर रात शुरू हुई झमाझम बारिश गुरुवार की सुबह दस बजे तक होती रही जिससे सड़को से लेकर खेतों तक जलमग्न हो गए, वहीं मनरेगा में फर्जीवाड़ा का खेल जारी रहा। तरकुलवा तिवारी में हो रहे क्षेत्र पंचायत के तहत कार्य में रखनहवा पोखरे में मिट्टी खुदाई के कार्य में 80 मजदूरों की फर्जी हजारी लगा दी गई।

बोलीं वीडियो - जांच कराकर की जाएगी सख्त कार्रवाई-इस सम्बंध में पूछे जाने पर खंड विकास अधिकारी श्वेता मिश्रा ने बताया कि रोजगार सेवक का मानदेय रोकते हुए ब्लॉक से मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। मामले की जाँच कराकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तीस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस | देवरिया

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के आरसेटी, सभागार में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन्न हुआ। इस दौरान निदेशक आरसेटी राकेश कुमार, संकाय सदस्य सोमनाथ मिश्रा एवं कार्यालय सहायक रितेश कुमार पाण्डेय सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। निदेशक आरसेटी ने प्रशिणार्थियों को बताया कि ब्यूटी पार्लर जैसे स्वरोजगार के माध्यम से अधिक आय अर्जित कर सकते हैं। आरसेटी में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्बन्धित जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आज के समय में कम से कम लागत में महिलाएं अपने घर से इस रोजगार को सरलता से कर आत्मनिर्भर बन सकती है। संकाय सदस्य सोमनाथ मिश्रा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम पर विस्तार से बताया और कहा कि यहां सभी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतया निःशुल्क है। उन्होंने आरसेटी के नियम के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 मई से 28 जून 2024 तक चला है, 30 दिवसीय प्रशिक्षु अपने क्षेत्र में जाकर ब्यूटी पार्लर का स्वरोजगार कर अपना जीवन स्तर में सुधार एवं स्वालंबी बन सकेंगे।

# नए आपराधिक कानून के संबंध में फरेंदा थाने की पुलिस ने लोगों को किया जागरूक




जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज

फरेंदा थाना परिसर में नए आपराधिक कानून संबंधित जागरूकता को लेकर बैठक आयोजित कर नए कानून के बारे में आमजन को जागरूक किया गया। सीओ फरेंदा अनिरुद्ध कुमार व थानेदार अभिषेक सिंह ने बताया कि महिला व बालकों के विरुद्ध अपराधों को बीएनएस में प्राथमिकता दी गई। साथ ही हत्या के अपराध के लिए नई धारा के तहत 103 के रूप में दर्ज होगी।नए कानून में अनेक धाराओं में परिवर्तन कर न्याय प्रणाली में व्यापक सुधार किया गया। नए कानून में ई-एफआईआर का प्रावधान किया गया है। नए कानून में डिजिटल व इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की मान्यता व साक्ष्य संबंधित प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया को सरल किया गया है।पहली बार सामुदायिक सेवा जैसी सजा का प्रावधान कर अपराधियों को सुधारने का अवसर दिए जाने का प्रावधान भी किया गया है।नए कानून में ई-एफआईआर प्रावधान है,जिसमें तीन दिवस की निर्धारित अवधि के भीतर परिवादी संबंधित थाने में पहुंचकर अपनी पहचान व हस्ताक्षर सत्यापित करवा कर एफआईआर दर्ज करवा सकते हैं। इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस दौरान चौकी इंचार्ज गंगा राम यादव एसआई रमेश पुरी,रणविजय, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप यादव, सर्वदा नंद मिश्र, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगा राम यादव,टाइगर सिंह, प्रधान दिनेश यादव,प्रधान दिनेश चंद्रा,तौलन यादव, प्रधान मनोज कुमार, बबलू गुप्ता, महेन्द्र कुमार, जावेद नीरज जयसवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुठभेड़ और कार्रवाई के बावजूद हाईवे से नहीं रुक रही पशु तस्करी

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

पशु तस्करों को गोली मारने और गैंगस्टर की कार्रवाई के बावजूद कुशीनगर जिले के हाईवे से प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी रुक नहीं रही है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक फैले से गिरोह की जड़ तक पहुंचने की कोशिश में पुलिस टीम लगी हुई है। गिरोह के सदस्य के करीबी कुशीनगर में भी हैं। इनके माध्यम से ही हाईवे के रास्ते पशुओं को बिहार और बंगाल तक पहुंचाया जा रहा है। पुलिस इस गिरोह को समाप्त करने के लिए मजबूती से कार्रवाई तो कर रही है, लेकिन अभी तक मुख्य सरगना पकड़ से दूर है। यही वजह है कि प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी पर रोक नहीं लग पा रही है। हालांकि गोरखपुर जोन में सर्वाधिक गो तस्करों पर कुशीनगर पुलिस ने कार्रवाई की है। अधिकांश बदमाशों के पैर में मुठभेड़ के दौरान गोली भी लगी है। इसके बावजूद प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी पर लगाम नहीं लग पा रहा है।

सीमावर्ती क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरे से बचने के लिए तस्कर गांवों के रास्ते बिहार में दाखिल हो रहे हैं। पुलिस का हाथ तस्करों के मुख्य सरगना तक नहीं पहुंचने के कारण तस्करी के खेल पर रोक नहीं लग पा रही है। बुधवार को मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए तस्करों ने पुलिस पूछताछ में अपने सरगना राजू सेठ, राजेश और देवरिया के जितेंद्र का नाम बताया था। तस्करों ने बताया था कि जितेंद्र ने पिकअप मुहैया कराई।

गोरखपुर जोन में सर्वाधिक कार्रवाई तस्करों पर कुशीनगर में हुई है। तस्कर जिनका नाम बताते हैं। उन तक पुलिस पहुंचने की कोशिश करती है। इसमें कई तस्करों को जेल भी भेजा गया है। तस्करों की जमानत लेने वालों की भी सूची तैयार कराई जा रही है। उनकी भूमिका की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। किसी भी कीमत पर पशु तस्कर कार्रवाई से नहीं बच सकेंगे। 20 जून को तमकुहीराज थाना क्षेत्र के शिव सरैया स्थित नहर के समीप पुलिस व पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने थाना क्षेत्र के मोरवन मठिया निवासी इमाम हुसैन को पैर में गोली मारकर हिरासत में ले लिया, जबकि तमकुहीराज थाना क्षेत्र के लतवा मुरलीधर निवासी अजीमुल्लाह व पटहेरवा थाना क्षेत्र के पड़री तिलक राय निवासी शफीक को दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया।

तीन फरवरी 2024 को तरयासुजान पुलिस ने थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित बहादुरपुर के समीप घेराबंदी कर एक कंटेनर में लदे 30 प्रतिबंधित पशुओं को मुक्त कराया। तस्कर भागकर हफुआ बलराम में गन्ने के खेत में छिपकर पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे।

# श्रेष्ठ समाज की निर्माता नारी है पुरुष नहीं : आचार्य आनन्द जी महाराज

जन एक्सप्रेस | गगहा गोरखपुर



शास्त्रों में नारी को देवी स्वरूपा कहा गया हैं। ब्रह्मा की रचना में ये उत्कृष्ट रचना हैं। जो त्याग, ममता, दया, करुणा, प्रेम की प्रतिमूर्ति है। इनके जैसा त्याग की मूर्ति संसार में कोई नही हैं। जो अपने परिवार के लिए सभी सुख त्याग कर दिन रात उनके सुख की कामना करती है। जो कठिन परिस्थिति में भी अपने पति, पुत्रों का उत्साह बढ़ाती हैं, इसलिए हमारे शास्त्रों ने स्त्रियों को देवी कहा हैं। ये भोग्या नही ये आदरणीया हैं, पूजनिया है, ये नारी नही, नारायणी है। नारी को भोग का साधन समझना महापाप है। भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान ईश्वर से भी बढ़कर हैं। ये सभ्य समाज के निर्माण की आधार है।श्रेष्ठ समाज की निर्माता पुरुष नही बल्कि नारी है। जो उत्तम आचरण से संपन्न संतानों को जन्म दे कर श्रेष्ठ समाज की निर्माण करती हैं। उक्त बातें गगहा विकास खंड के ढ़रसी ग्राम में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन वृन्दावन धाम से पधारे परम पूज्य आचार्य आनन्द जी महाराज ने उपस्थित श्रोताओं को कथामृत का रसपान कराते हुए कहा जिस राष्ट्र में उत्तम आचरण संस्कार से सम्पन्न स्त्रियां निष्ठा पूर्वक अपने स्वधर्म का पालन करती हैं। वहां तेजस्वी,धर्मनिष्ठ, विद्वान, परोपरी संताने होती है। जो धर्म और राष्ट्र के उत्थान कर सभ्य समाज का निर्माण करते हैं।

स्त्री का आदर्श सती अनुसूया, मां सीता, सावित्री हैं, फिल्मी नायिकाएं नहीं-पूज्य महराज श्री ने वर्तमान समय के परिधानों पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि आज हमारी माताएं बहनें फिल्मों की धर्मभ्रष्टा नायिकाओं को अपना आदर्श मानकर अपने स्वरूप को भूल गई है,जो अत्यंत दुःख का विषय हैं। किसी ने कहा है कि अगर किसी राष्ट्र और धर्म को नष्ट करना हो, तो वहां की स्त्रियों को दूषित कर दो। उनके मन मे मलीनता भर दो, उनके अंतः करण में पाप भर दो।जिससे वो अपने देवित्व रूप को भूल कर, अपने को केवल भोग्या समझ बैठे। जिससे उस समाज राष्ट्र का शीघ्र ही पतन हो जाता हैं। इसलिए हैं माताओं! हे बहनों! आप के ऊपर समाज की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। आप ही हैं जो हमारे धर्म का राष्ट्र का उत्थान कर सकती हैं,और कोई दूसरा उपाय नहीं दिखता,इसलिए माताओं एवं बहनों को अपने शील की रक्षा करते हुए अपने कुल का गौरव बढ़ाए। आप किसी कुल की मर्यादा हो सम्मान हो। ऐसे ही वस्त्रों को पहने जिससे कुल की मान मर्यादा बनी रहे। वस्त्रों का विन्यास अंगो को ढकने के लिए होता है ना की प्रदर्शन! उन फिल्मी नगर वधुओ (नायिकाओं) को अपना आदर्श ना माने। आप कुलवधु हो ना कि नगर वधु। आदर्श मानना है तो माता सीता, माता अनसूया, माता सावित्री को माने। जिससे आप के यहां महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवा जी, श्रीराम, श्रीकृष्ण, सुभाष चन्द्र बोस, भगत सिंह जैसे सुपुत्र जन्म लेंगे और आप भी ऐसे संतानों को मां कहा कर अपने आप गौरवान्वित महसूस करेंगी।

इस अवसर पर आचार्य अतुल दूबे जी, आचार्य शशिकांत मिश्र, मुख्य यजमान घनश्याम तिवारी व श्रीमती गिरिजा देवी, अभिषेक शुक्ल, योगेश तिवारी, वैभव तिवारी, अमित ओझा, राम नगीना तिवारी, रमेश तिवारी, रत्नाकर तिवारी, अनूप दूबे, राधेश्याम तिवारी, सुधाकर तिवारी मणिकांत तिवारी, अनमोल तिवारी, ज्वाला तिवारी, संतोष शुक्ल, शिवशंकर ओझा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# हाईवे के किनारे दो मंजिला मकान अचानक गिरा, सड़क पर जमकर हुआ विरोध प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज



सड़क निर्माण कर रहे कर्मचारियों की लापरवाही से एक बड़ा हादसा होने से बच गया, इतनी बड़ी लापरवाही का जिम्मेदार आखिर कौन हैं। हाईवे के किनारे स्थित दों मंजिला मकान अचानक भर -भराकर गिर गया। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे मकान स्वामी सड़क पर उतरे और जमकर पीएनसी के कर्मचारियों के खिलाफ जमकर अपनी भड़ास निकाली। जानकारी के अनुसार गोरखपुर- सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। सड़क चौड़ीकरण में बीते दिन गुरुवार शाम पांच बजे के लगभग फरेंदा क्षेत्र के भैया फरेंदा (उदितपुर) सैनिक ग्राम के सामने स्थित अशोक मद्धेशिया का दो मंजिला मकान भर-भराकर गिर गया। इस मकान के अंदर कोई नहीं था। हादसा होने के बाद मकान स्वामी पहुंचे और अपने परिजनों के साथ उक्त हाईवे पर धरने पर बैठ गए जिससे हाईवे के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार से जाम लग गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे फरेंदा नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल तथा फरेंदा कोतवाल अभिषेक सिंह व चौकी इंचार्ज गंगाराम यादव सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गए। हादसे से नाराज मकान स्वामी को प्रशासन के लोगों ने समझा बूझकर सड़क से हटाया और जाम खाली कराया। पीड़ित मकान स्वामी अशोक मद्धेशिया के मुताबिक सड़क चौड़ीकरण में कार्यदायी संस्था द्वारा मन मुताबिक भूमि अधिकरण कर लिया गया था।मकान के ठीक सामने बीते दिनों मिट्टी की खुदाई होने के कारण गड्ढे बने हुए थे जिससे बारिश होते ही नमी के कारण मकान भर-भराकर गिर गया। वहीं पीड़ित मकान स्वामी ने पीएनसी के कर्मचारी के खिलाफ नाराजगी व्यक्त किया और शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित उच्चाधिकारियों एवं फरेंदा एसडीएम को पत्र भेजकर पीएनसी के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया है।

## ग्रामीणों ने लगाया गाली गलौज, धमकी देने का आरोप

**जन एक्सप्रेस/गगहा गोरखपुर।** गगहा क्षेत्र के हाटाबाजार के दर्जनों ग्रामीणों ने गगहा पुलिस को तहरीर देकर गांव के कुछ लोगों पर अकारण मारपीट,गाली गलौज व धमकी देने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को पुलिस को दी गई तहरीर में शेषनाग, रोशन, गोपीनाथ, शनि देवल, श्रीराम, श्रीनाथ, महेंद्र, तेजनाथ, सतीश पांडेय, रामसमुझ, संदीप शाही, जयराम, विकास, मनोज ने लिखा है कि हम सभी ग्रामीण चोरी की घटना से भयभीत हो कर रात को टोली बनाकर गांव में सुरक्षा की दृष्टि से रात्रि जागरण कर पहरा देते हैं। कुछ लोगों को यह पसंद नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही एक मनबढ़ युवक अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर हम लोगो से गाली गलौज करता है। मना करने पर युवकों का गैंग जानमाल की धमकी दे रहा है। ग्रामीणों ने उक्त आरोपियों पर प्रभावी कार्यवाई किए जाने की मांग किया है।

# तेज बारिश और आंधी ने गर्मी से दी राहत, बिजली कटौती ने बढ़ाई परेशानी, बिजली संग पानी को भी तरसे

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

दरअसल, बरहुआं ट्रांसमिशन से लालडिग्गी, नार्मल, रानीबाग और रुस्तमपुर तक लगभग आठ किमी लंबी लाइन है। बारिश के बीच में इस लाइन पर जरा सी ट्रिपिंग उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा देती है। मंगलवार देर रात भी अचानक से बारिश और हवा चलते ही इस लाइन के साथ 11 केवी की लाइन भी प्रभावित हो गई। नार्मल क्षेत्र में चार जगहों पर जंपर कट गया।

गोरखपुर में प्री मानसून के पहली बारिश ने मंगलवार की देर रात में ही बिजली निगम के दावों की पोल खोल दी। बक्शीपुर, टाउनहाल, मोहद्दीपुर समेत अन्य इलाकों में भी रात घंटों बिजली कटौती हुई। नार्मल बिजली घर में सबसे अधिक दिक्कत हुई। पूरी रात इलाके में बिजली आपूर्ति ठप रही। सुबह भी बिजली आते-जाते रही।

बिजली निगम के जिम्मेदारों ने खुद माना कि अभियंताओं के पेट्रोलिंग में कमी रही गई। नतीजा, बारिश होते ही तार टूटने, जंपर कटना जैसी दिक्कतों ने परेशानी बढ़ा दी। मंगलवार की देर रात बारिश से लगभग 30 हजार से अधिक घरों में घंटों बिजली आपूर्ति की दिक्कत बनी रही। दरअसल, बरहुआं ट्रांसमिशन से लालडिग्गी, नार्मल, रानीबाग और रुस्तमपुर तक लगभग आठ किमी लंबी लाइन है। बारिश के बीच में इस लाइन पर जरा सी ट्रिपिंग उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा देती है। मंगलवार देर रात भी अचानक से बारिश और हवा चलते ही इस लाइन के साथ 11 केवी की लाइन भी प्रभावित हो गई।

नार्मल क्षेत्र में चार जगहों पर जंपर कट गया। जेई सुधीर यादव संग लाइन मैन की टीम बारिश के बीच में फाल्ट ढूंढ उसे सही करने का प्रयास करती रही। रात 1 बजे गुल हुई बिजली बुधवार सुबह 9 बजे के बाद सामान्य हो सकी। ऐसे ही दुर्गाबाड़ी इलाके में भी बिजली आपूर्ति की दिक्कत बनी रही।

बिजली निगम के मुताबिक, रात 12 बजे से डेढ़ बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित थी। लेकिन, स्थानीय लोगों के अनुसार रात में बिजली की दिक्कत बनी रही। रूक-रूक कर बिजली आते-जाते रही। वहीं, पादरी बाजार के मानस विहार इलाके में रात 12 बजे के बाद रूक-रूक कर बिजली आते-जाते रही। जबकि, सुबह 4 बजे से लेकर 9 बजे के बाद तक बिजली आपूर्ति प्रभावित थी। बारिश के बीच ही कई जगह ट्रिपिंग की समस्या भी आते रही। रात में ही पेट्रोलिंग के दौरान पता चला कि कई जगह लाइन पर पेड़ की डाली लटकी हुई है, जिससे बार-बार ट्रिपिंग हो रही।

## किसानों व छात्रों के लिए वरदान साबित होगा कृषि विश्वविद्यालय : डॉ. बृजेंद्र

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गौतम बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पूर्वांचल के किसानों व छात्रों के लिए वरदान साबित होगा। इससे न केवल कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि कृषि छात्रों को बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। शासन की अनुमति मिलते ही यहां पहले बैच में 30 स्नातक छात्रों की पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी।

ये बातें सेवरही के गन्ना शोध संस्थान में खुलने वाले गौतम बुद्ध कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पहले सत्र की पढ़ाई को लेकर संस्थान का निरीक्षण करने आए आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या के वाइस चांसलर डॉ. बृजेंद्र सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि संस्थान में शिक्षण कार्य आरंभ करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं हैं, जिन्हें शासन से सहयोग से और बेहतर बना कर पढ़ाई शुरू की जा सकती है। इसके पहले उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ सभी कमरों, लैब, सभागार, अतिथि गृह, आवास आदि का भी निरीक्षण किया। साथ ही संस्थान के कार्यरत सभी वैज्ञानिकों के कर्मचारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 19.07.2024 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 05602024 दिनांक 26–06–2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 04/Sr.DEN-I/LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | लखनऊः वरि० मण्डल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ के अधीन आरसीसी बॉक्स के साथ रेल क्लस्टर ब्रिज नंबर 799 (आरडीएसओ लाइन) का प्रतिस्थापन। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 1,16,38,751.56 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 2,08,200.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 05.07.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 19.07.2024 15:00 बजे |
| 9 | बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :–
1–निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1934/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# स्काउट–गाइड प्रशिक्षण से मिलती है अनुशासन की सीख : प्रोफेसर डॉ. विनय

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



वागीश्वरी रामबासी पीजी कॉलेज, गुरवलिया में बीएड चतुर्थ सेमेस्टर एवं डीएलएड प्रथम सेमेस्टर का पांच दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। मुख्य अतिथि दीनदयाल गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान के प्रोफेसर एवं रेंजर रोवर्स के कॉर्डिनेटर डॉ. विनय कुमार सिंह ने कहा कि छात्र के सर्वांगीण विकास में स्काउट शिविर सहायक होते हैं एवं विद्यार्थी को अनुशासन का पाठ सीखते हैं और उनमें राष्ट्र भावना भी विकसित होती है।

संकटकाल में स्काउट व गाइड अनेक मोर्चों पर देश व देशवासियों की सेवा करते हैं। विशिष्ट अतिथि राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त प्रबंधक डॉ. शक्ति प्रकाश पाठक ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में अपने जीवन को सुखमय और आनंदमय बनाने का दायित्व हमारी सोच पर निर्भर करता है।

स्काउट-गाइड प्रशिक्षण से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। शिविर के दौरान प्रार्थना सभा, ध्वज गीत, नियम, प्रतिज्ञा टोली विधि, स्काउट गाइड का संक्षिप्त इतिहास, प्राथमिक सहायता, गठबंधन, स्काउट गाइड वर्गीकरण, यूनिट लीडर प्रशिक्षण, ध्वज शिष्टाचार, कैंप फायर, टेंट निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर शिविरार्थी छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रथम दिन विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड प्रार्थना, सिंहनाद आदि की जानकारी दी गई। द्वितीय दिन विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी प्रदान की गई। तृतीय दिन विद्यार्थियों को हाइकिंग पर ले जाया गया और चतुर्थ दिन सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन हुआ। अंतिम व पांचवें दिन बुधवार को तंबू निर्माण एवं कैंप कें दौरान भोजन बनाने के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान जिला प्रशिक्षक एमडीआई खान, निदेशक आदित्य विशाल पाठक, प्राचार्य डॉ. प्रमोद तिवारी, विनीत मणि त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चेन स्नेचर को दौड़ाकर मारी गोली

जन एक्सप्रेस/आगरा। थाना ताजगंज में बाइक सवार बदमाशों ने चलती स्कूटी से महिला की चेन तोड़ ली थी। पुलिस ने चेन तोड़ने वाले एक बदमाश को गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया था। वहीं, दूसरा बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। उसके पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ताजगंज के पचगाई खेड़ा में शमसाबाद से आ रही स्कूटी सवार महिला के गले से बाइक सवार दो बदमाशों ने सोने की चेन तोड़ ली थी। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से बदमाशों की पहचान की। एक बदमाश गोपाल गोस्वामी को एसओजी ने बुधवार शाम को मिढाकुर गांव से गिरफ्तार किया था। इस पर पहले से 16 मुकदमे दर्ज थे। जबकि इसके साथी को पुलिस ने रिंग रोड पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। पकड़े गए बदमाश का नाम मनीष निवासी मिढाकुर है। उसके बाए पैर में गोली लगी है। इसके पास से एक बाइक, तमंचा और लूटी गई चेन बरामद हुई है। इस पर आगरा और मथुरा में लूट के 5 मुकदमे दर्ज हैं।

### वार्षिक परीक्षा में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस/आगरा। ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत दुल्हारा रोड स्थित रासा इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को बच्चों का सम्मान समारोह व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक रिशु अग्रवाल, प्रधानाचार्य रूपेश श्रीवास्तव , समन्वय नवीन वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर किया गया । कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओ में उत्तीर्ण हुए प्रथम द्वितीय तृतीय छात्र छात्राओं व उनके माता पिता को सम्मानित किया गया। परीक्षाओं के दौरान कक्षा एक में प्रथम अवनी शर्मा, द्वितीय निश्चल ,तृतीय शिवन्या कक्षा 2 में अदिति सिंह प्रथम ,आरोग्य द्वितीय ,चारु तृतीय कक्षा 3 में ज्योत्सना प्रथम ,वर्णित अग्रवाल द्वितीय ,तनु गर्ग तृतीया कक्षा 4 योग्यता गुप्ता प्रथम, भव्य द्वितीय अरुण गोयल तृतीया कक्षा 5 में तन्मय शर्मा प्रथम, परी सिंगल द्वितीय ,मृदुल गोयल तृतीय कक्षा 6 में निश्चल शर्मा प्रथम ,आराध्या गोयल द्वितीय, पीयूष शर्मा तृतीय कक्षा 7 में लव्या अग्रवाल प्रथम, वर्तिका अग्रवाल द्वितीय ,हिमांशु गोयल तृतीय कक्षा 8 में सांची शर्मा प्रथम, मधुर बंसल द्वितीय भव्य सिंगल तृतीया व कक्षा 9 में संभी गोयल प्रथम ,जय सिंघल द्वितीय कुशाग्र बंसल तृतीय स्थान पर रहे जिन्हें पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने बच्चों को ऐसे ही भविष्य में अच्छा कार्य व बेहतर परिणाम करने के लिए प्रोत्साहित किया कार्यक्रम में अभिभावक व सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### मानसून की प्रथम दस्तक ने खोली सफाई की पोल

जन एक्सप्रेस/आगरा। फतेहपुर सीकरी में मानसून की प्रथम दस्तक ने सफाई की पोल खोल दी आगरा जयपुर हाईवे पर सर्विस रोड जलमग्न हो गया जिसके कारण पैदल बाइक बड़े वाहनों से यात्रा कर रहे यात्री सभी परेशान दिखे हालांकि सर्विस रोड के समांतर जल निकासी के लिए नाला बना हुआ है किंतु कूड़ा करकट से चौक पड़ा नाला पानी नहीं खींच पा रहा है हालात यह है की सब्जी मंडी अनाज मंडी फतेहपुर सीकरी के मुख्य द्वार चल मग्न हैं अखंड भारत परशुराम सेना के कार्यकताओं में जल्द से जल्द सफाई की मांग की है।

# दोस्त ने फ्रॉड किया तो कर लिया सुसाइड

## पुलिस को फोन करके बोला- मरने जा रहा, जेब में रखे कागज में कारण लिखा है

जन एक्सप्रेस। आगरा

एक युवक के सुसाइड करने का मामला सामने आया है। उसकी लाश खेत में फंदे से लटकी मिली है। उसने रात में पुलिस को फोन करके सुसाइड करने की सूचना दी थी। उसने बताया था कि वह मरने जा रहा है। उसके जेब में कागज है। उसमें मौत का कारण लिखा है। इसके बाद उसने फोन काट दिया। पुलिस सुबह जब उसे तलाशते हुए उसके गांव पहुंची, तो उसके मरने की जानकारी मिली।

पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खेड़ा राठौर थाना क्षेत्र के गोंसिली गांव में राधेश्याम अपने परिवार के साथ रहता था। उसकी पत्नी और तीन बच्चे हैं। पत्नी पूजा ने पुलिस को बताया, राधेश्याम गुरुवार सुबह करीब 11 बजे घर से निकले। वो कह कर गए थे कि दोस्त से मिलने जा रहा हूं। इसके बाद घर नहीं आए। पुलिस ने बताया, रात करीब 11 बजे 112 पर फोन आया।

फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा, राधेश्याम ने सुसाइड कर लिया है। उसकी जेब में एक कागज मिलेगा उसे निकाल लेना। उसमें सुसाइड का कारण लिखा है। इसके बाद उसने फोन काट दिया। पुलिस ने उसे कॉल बैक किया, लेकिन फोन नहीं उठा। इसके बाद पुलिस सुबह में उसके घर पहुंची। यहां पर राधेश्याम नहीं मिला। घरवालों ने रात भर राधेश्याम को तलाशा, लेकिन उसका पता नहीं चला।शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे गांव वाले खेतों में जा रहे थे। उन्होंने खेत में बनी एक झोपड़ी में राधेश्याम का शव फंदे से लटका देखा। उसके बाद फौरन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जब जांच की तो उसकी जेब से सुसाइड नोट निकला। उसमें लिखा था- मेरी मौत का कारण दोस्त कुलदीप गुर्जर हैं।

उसने दोस्ती का हवाला देकर मुझसे 1 लाख रुपए औए मेरी गाड़ी ले लिए थे। वापस नहीं करने पर राधेश्याम ने धौलपुर में उसके खिलाफ केस दर्ज कराया था। कुछ दिनों के बाद उसने इस केस में राधेश्याम से राजीनामा कराया लिया था। कुछ दिन बाद जब मैंने उससे रुपए मांगे, तो उसने कहा कि घर पर आकर दे जाऊंगा। मैं विश्वास करके गाड़ी ले आया। घर आकर देखा तो उसने मेरी गाड़ी का सामना निकला लिया था। साइलेंसर चेंज कर दिया। मैंने जब उससे रुपए और गाड़ी के बारे में कहा तो उसने कहा कि एक-दो दिन में बात करते हैं। अब उसने बात करना बंद कर दिया। कुलदीप ने मेरे साथ फ्रॉड किया है। निवेदन है कि मेरी मौत का बदला मौत से लिया जाए।

कुलदीप को फांसी की सजा दिलाई जाए। इसने विश्वासघात किया है। बाबा बटेश्वरनाथ के मंदिर में जाकर कुलदीप उसकी बहन, पापा और मामा ने कसम खाई थी। इसलिए विश्वास करके राजीनामा दे दिया। सात दिन होने के बाद भी न मेरे पैसे आए और न ही कॉल किया। मेरा जनाजा उठाने से पहले मेरे आरोपी को सजा दी जाए।

### सुसाइड नोट में मरने का कारण दोस्त को बताया

के खेड़ा राठौर में एक युवक के सुसाइड करने का मामला सामने आया है। गोंसिली गांव के रहने वाले युवक ने खेत में फांसी लगा ली। रात में पुलिस को फोन आया कि राधेश्याम ने सुसाइड कर लिया है, उसकी जेब में रखे कागज में सुसाइड का कारण लिखा है। इसके बाद फोन काट दिया। पुलिस उसके गांव पहुंची, लेकिन सुबह युवक का शव मिला। सुसाइड नोट में मरने का कारण दोस्त को बताया है।

# ग्राम कौरई में वर्ग संघर्ष कराने की साजिश तो नहीं!

जन एक्सप्रेस। आगरा

तहसील किरावली के गांव नगला धीरू में 21 जून को दलित वर्ग के दबंगों द्वारा एक श्रवण जाति के व्यक्ति की दुसाहसिक तरीके से की गई निर्मम हत्या की आग अभी शांत नहीं हो सकी है की थाना किरावली के गांव कौरई में श्रवण और दलितों के बीच परनाले के विवाद को लेकर एक बार फिर वर्ग संघर्ष की आहट सुनाई देने लगी है। इस बार विवाद के पीछे दलित दबंगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण और कॉलेज प्रबंधक के स्कूल में लगे परनाले को लेकर पृष्ठ भूमि बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो गांव में किसी भी छण शांति भंग होने का खतरा हो सकता है। थाना किरावली के गांव कौरई निवासी जय शिव शर्मा पुत्र थान सिंह ने एसीपी पूनम सिरोही को प्रेषित शिकायती पत्र में कहा है कि गांव कौरई की निजी भूमि में उनका पिछले पंद्रह वर्षों से इंटर कॉलेज संचालित है। उस भूमि के बराबर से लगी सरकारी भूमि गाटा संख्या दो सौ/ छ्- रकवा लगभग बारह बीघा भूमि जो सरकारी अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि खाली पड़ी है भूमि के कुछ हिस्से में नामजद लोगों द्वारा पक्के भवनों के निर्माण कर लिए थे जो तीन माह पूर्व उपजिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार द्वारा ध्वस्त करा दिए गए थे।

### असामाजिक युवकों की शर्मनाक हरकतों से तनाव का माहौल

कॉलेज प्रबंधक का कहना है कि गांव के धर्मेंद्र , संतोष पुत्र साहब सिंह ऊर्फ सुखा आदि ने सैल फोन के माध्यम से उसे जानमाल की धमकी दी है। तथा कॉलेज की छत पर लगे जंगले और परनाले को उखाड़ देने का एलान किया है। पीड़ित कॉलेज प्रबंधक का कहना है कि आरोपी लोग हरिजन एक्ट मुकदमे में झूठा फसाने की धमकी दे रहे हैं बाइक के माध्यम से उनके घरों पर दबिशे दी जा रही हैं। ऐसे लोगों की करतूतों के चलते गांव में शांति भंग की आशंका उत्पन्न हो गई है। याद रहे कि सन 1989 में अछनेरा ब्लॉक के गांव पनवारी अकोला ब्लॉक के गांव ऊदर 2005 में अछनेरा के गांव कठवारी में जातीय संघर्ष हुआ था। थाना फतेहपुर सीकरी के गांव नगला धीरू मंगोली में 21 जून को दलित वर्ग के लोगों ने श्रवण लोगों पर हिंसक हमला बोल दिया था जिसमें एक श्रवण की मौत हो गई थी। गांव नगला धीरू में अभी तक तनाव का माहौल बना हुआ है। गांव कौरई के लोगों का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गांव कौरई की शांति फिजा को अशांत करने की साजिश रची जा रही है आखिर इस साजिश के पीछे कौन लोग हैं? जो समाज में जहर घोलने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन को ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

# जमीनी विवाद में धारदार हथियार से प्राण घातक हमला, पांच घायल

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र में मेड बांधने के विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोल बंद होकर धारदार हथियार से प्राण घातक हमला कर दिया। जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस घायलों को मेडिकल के लिए भेज कर मामले में कार्रवाई के लिए जुटी है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कटघर मूसा गांव के आशिक अली व अब्बास अली खेत में धान की रोपाई के लिए मेड बांध रहे थे। मेड बांधने के दौरान कुछ मिट्टी विपक्षी इशहाक के खेत में चली गई। इसी बात को लेकर इसहाक पक्ष के लोगों ने धारदार हथियार व लोहे की राड लेकर गोल बंद होकर आशिक अली, व अब्बास अली पर प्राण घातक हमला कर दिया। हल्ला गुहार पर बीच बचाव के लिए पहुंचे आशिक अली पक्ष के कासिम अली, मोहम्मद अल्ताफ, और मोमिना खातून को भी दबंगों ने दौड़ा-दौड़ा कर जमकर पीटा। प्राण घातक इस हमले में किसी का हाथ टूट गया तो किसी का पैर टूट गया।

वही आशिक अली व अब्बास अली की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से वह रह रहकर बेहोश हो जा रहे हैं।मारपीट की इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। विपक्षी मामले में क्रॉस केस बनाने की जुगत में लगे हैं। निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मेड बांधने को लेकर मारपीट हुई है। विपक्षी इलियास, इसरार, इसहाक अली, मोहम्मद अल्ताफ, मोहम्मद अंजार, के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# आईएमए ने लंबे संघर्ष के लिए संघर्ष समिति बनाई

जन एक्सप्रेस। आगरा



इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, आगरा ने शुक्रवार को आईएमए भवन पर शाम जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित की। मुद्दा था आईएमए रिन्यूअल की देरी एवं आवास विकास परिषद द्वारा भेजे जा रहे नोटिस। भारी रोष के मध्य आज की बैठक दीप प्रज्वलन के बाद अध्यक्ष डा मुकेश गोयल ने प्रारंभ करते हुए बताया कि चिकित्सकों को काम करने से रोकने के लिए नित नए व्यवधान लगाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग एवं आवास विकास परिषद भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है। रिन्यूअल के मामले में हाई कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर, झोला छापों के लिए वरदान साबित हो रहा है स्वास्थ्य विभाग। डा देवेंद्र गुप्ता ने जामवंत की भांति ललकारते हुए हनुमान रूपी आईएमए को जागने का आवाहन करते हुए आईएमए के चिकित्सक एवं उनके परिवारों को सड़क पर उतरने के लिए आवाहन किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है किसी भी चिकित्सक को, कही भी मानव शरीर का इलाज करने से कोई नहीं रोक सकता। डा राजेश गुप्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ रहा है कि जीवन जीना मुश्किल हो रहा है। फायर विभाग ल्ड्मू देने के लाखों में सौदे कर रहा है। डा अनूप दीक्षित ने आंदोलन को बढ़ाने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवम कानूनी स्तर पर लड़ाई लड़ने की रूप रेखा रखी। डा ओ पी यादव ने कहा की स्वास्थ्य विभाग बताए कितने झोलाछापों पर अब तक कार्यवाही हुई। उन्होंने कहा इस लड़ाई को लगातार जीवित रखना होगा, अन्यथा छोटे अस्पताल बंद होंगे। डा संजय कुलश्रेष्ठ ने कहा की स्वास्थ्य विभाग ये भी बताए की अब तक सीएमओ ने कितने मुकदमे दर्ज किए हैं अवैध अस्पतालों के खिलाफ और इनका क्या हुआ।

उन्होंने आवास विकास परिषद से भी पूछा की शहर में कितने अन्य व्यवसाय आवासीय क्षेत्रों में हैं और उनके खिलाफ जिलाधिकारी क्या कर रहे हैं। सुशासन के नाम पर ये अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। संचालन कर रहे सचिव डा पंकज नगायच ने कहा की अब लड़ाई लंबी चलेगी। किसी भी सूरत में चिकित्सकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भोले भले मरीजों का अहित नहीं होने देंगे, लेकिन यदि हॉस्पिटल को ध्वस्त करने की बात हुई तो चिकित्सक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। डा संजय चतुर्वेदी ने कहा की ये लड़ाई विधायिका से होगी। आइएमए आगरा को प्रदेश आईएमए के साथ मिलकर आगे बढ़ाने होगी। डा हरेंद्र गुप्ता ने संपूर्ण एकता का आवाहन करते हुए कहा की पूरी आईएमए अपने पदाधिकारियों के साथ है एवम जो भी निर्णय लिया जाएगा वो मान्य है।डा सचिन मल्होत्रा ने कहा की अगर जरूरत हुई तो लखनऊ के वकीलों को तैयार कर लड़ाई लड़ी जाए। डा राजीव जैन ने कहा हेल्थ के लिए क्या व्यवस्था की है जिलाधिकारी ने। यदि प्राइवेट हॉस्पिटल बंद हो जाते हैं तो। डा. एल के गुप्ता, डा अनंग उपाध्याय ने भी अपने उद्गार प्रकट किए।

# दिव्यांगों की पेंशन 6 हजार रूपये करने की मांग

जन एक्सप्रेस। आगरा




उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पिछले दो वर्ष से कई बार मंचो के माध्यम से दिव्यांग पेंशन को 1500रुपए प्रति माह करने का ऐलान किया था लेकिन अभी तक पेंशन को बढ़ाने में नाकाम साबित हुए है। पिछले वर्ष 22जून 2022 को भी आगरा स्थित मूक वधिर कार्यालय पर कैंप के दौरान भी ऐलान किया था जिसको सभी प्रमुख अखबारों ने प्रमुखता से छापा था उस समय दिव्यांगजनों में इसे लेकर बहुत उत्साह था लेकिन वही पुरानी पेंशन 1000रुपया प्रति माह के हिसाब से तीन माह की 3000 रुपए ही शासन द्वारा ऑनलाइन खातों में सीधे डाली जा रही है।

जबकि दिव्यांगों, विधवा, वृद्धा पेंशन ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। इससे चाय पानी का खर्च भी नही चल पाता है। दूसरी ओर तमिलनाडु सरकार ने सरकार बनते ही चंद्रबाबू नायडू ने दिव्यांगो की पेंशन को 6000रुपए प्रति कर दी है इसे कहते है दिव्यांगो के साथ न्याय करना। राष्ट्रीय दिव्यांग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी विजय सिंह लोधी ने तमिलनाडु की तरह उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में एक ही धनराशि 6000 रूपए महीने किए जाने की मांग की है मांग करने वालो में मनोज राजपूत, देशराज ठाकुर, शिवा लोधी, मदन लाल झा, अमन राना, के पी राजपूत, के एस सिसोदिया, भूरा परमार, निरंजन सिंह तोमर आदि रहे।

# बेटे के साथ सेल्फी ली, स्टेटस लगाया.. फिर पति-पत्नी ने कर लिया सुसाइड

## आगरा में एक ही रस्सी से लगाई फांसी; 4 साल पहले हुई थी शादी

जन एक्सप्रेस। आगरा



पति-पत्नी ने सुसाइड कर लिया। मरने से पहले 2 साल के बेटे के साथ सेल्फी ली। वॉट्सऐप पर स्टेटस लगाया। फिर पंखा उतारकर हुक से रस्सी बांधी और दोनों लटक गए। सुबह दोनों काफी देर तक नहीं उठे, तो घर वालों ने दरवाजा खटखटाया। कोई रिस्पॉन्स नहीं मिलने पर खिड़की से झांक कर देखा तो दोनों के शव फंदे से लटक रहे थे। पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना शुक्रवार सुबह 5 बजे की है। थाना खेड़ा राठौर के नंदगांव निवासी सुरजीत (29) की निबोहरा की रहने वाली राधा (24) से 4 चार पहले शादी हुई थी। दोनों को 2 साल का बेटा है। सुरजीत गाड़ी चलाता था। परिजनों से अलग पत्नी के साथ रहता था। उसका बगल में दूसरा घर है। वहां उसके परिजन रहते हैं। घरवालों ने बताया- सुरजीत सुबह उठकर दूसरे घर आ जाता था, लेकिन शुक्रवार को सुबह 8 बजे तक नहीं आया। हम लोग उसे जगाने पहुंचे।

घर का दरवाजा अंदर से बंद था। खटखटाने पर भी नहीं खुला। खिड़की से झांक कर देखा तो दोनों फंखे के हुक से लटक रहे थे। खेड़ा राठौर रोहतास सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ और कहा जा सकता है। प्रथम दृष्ट्या सुसाइड का मामला लग रहा है। पुलिस इस एंगल पर जांच कर रही है कि पत्नी को मारने के बाद सुरजीत ने सुसाइड किया।

हालांकि, पत्नी के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला कि सुरजीत की ये दूसरी शादी थी। पहली पत्नी विवाद के बाद छोड़कर चली गई थी। सुरजीत काफी कम बोलता था। लोगों का कहना है कि वो बहुत सीधा था। अपने काम से काम रखता था। पता नहीं उसने ऐसा कैसे कर लिया। पुलिस को पता चला है कि सुरजीत कुछ दिनों से परेशान था। उसने अपने दोस्त से कहा था कि उसे कुछ अच्छा नहीं लगा रहा। वो कुछ कर लेगा। उस समय दोस्त ने उसे समझाया था।

# सम्मनपुर थाना महिला हेल्प डेस्क के प्रयास से एक दूजे के हुए पति-पत्नी

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

जनपद के थाना सम्मनपुर थानाध्यक्ष द्वारा व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त कर्मी महिला आरक्षी स्वाति चौहान, मुख्य आरक्षी प्रदीप यादव के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए। वही इस आपसी विवाद को सुलझाने के लिए पति-पत्नी ने सम्मनपुर पुलिस को धन्यवाद कहा।




## ठहरने और भोजन की व्यवस्था होगी निश्शुल्क, घाट अमरपुरा में होगा ज्योति विसर्जन कार्यक्रम

# बुजुर्गों को धार्मिक यात्रा पर हरिद्वार ले जाएगी सिंधी सेंट्रल पंचायत

जन एक्सप्रेस। आगरा



भगवान झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में सिंधी सेंट्रल पंचायत बुजुर्गों को धार्मिक यात्रा पर बसों द्वारा हरिद्वार ले जाएगी। यात्रा बिल्कुल निश्शुल्क रहेगी। हरिद्वार में ठहरने से लेकर भोजन की व्यवस्था पंयायत ही करेगी। दरेसी स्थित होटल लाल्स-इन में सिंधी सेंट्रल पंचायत की बैठक में निर्णय लिया गया। जिसमें बुजुर्गों के लिए बस का किराया, हरिद्वार में ठहरने व भोजन की व्यवस्था का संपूर्ण खर्च सेंट्रल पंचायत द्वारा वहन किया जाएगा। यात्रा 6 जुलाई की रात को आगरा से 2 दिन के लिये हरिद्वार बस द्वारा जायेंगे। मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी के अनुसार बुजुर्गों (पुरूष और महिलाएं) के नाम चयनित कर सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी के पास प्रेषित किए जा सकते हैं। बैठक में यह भी कहा गया है कि हरिद्वार में बहराणा स्वामी लीलाशाह धर्मशाला से बहराणा ज्योति विसर्जन यात्रा भी निकाली जाएगी और घाट अमरपुरा पर ज्योति विसर्जन का कार्यक्रम होगा। बैठक में सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्यामदास देवनानी, परमानंद आतवानी, गागन दास रमानी, राज कोठारी, जय राम दास होत्चंदानी, श्याम लाल रंगनानी सूर्य प्रकाश, मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी, किशोर बुधरानी, जगदीश डोडानी, अशोक कोड़वानी, राजू खेमानी, नंद लाल आयलानी, सुशील नोतनानी, जय कुमार मदनानी, अशोक परवानी, दौलत खुबनानी, भजन लाल, अमृत माखीजा, नरेश देवनानी, रोहित आयलानी, अशोक चावला, उमेश पेर वानी, जतिन लालवानी, पुरुषोत्तम लछवानी, कँहिया सोनी, लाल एम सोनी, दौलत, मोडवानी,आदि मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई.– निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 07/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2024–25 | पुल 24 अप एंड डीएन (1x30.5) के लिए स्टील गर्त का प्रतिस्थापन एच बीम स्लीपर के साथ और ब्रिज 26 अप, 26 आरएच गर्डर के रीगर्डरिंग। अस्थायी गति प्रतिबंधों को हटाने में जेएनएच–जेडबीडी खंड में ब्रिज नंबर 16 (पीजी 8x24.4 एम + पीजी 4x18.3 एम + पीजी 2x6.1 एम) पर एच बीम स्लीपरों के प्रावधान के साथ स्टील गर्त का प्रतिस्थापन। जेएनएच–जेडबीडी खंड में ब्रिज नंबर –16 (पीजी 8x24.4 एम + पीजी 4x18.3 एम + पीजी 2x6.1 एम) पर साइड पाथवे और ट्रॉली रिफ्यूज का प्रावधान। एडीईएन/बीएसबी के तहत बीएसबी–डीडीयू खंड के बीच पुल संख्या 14 डीएन, 15 अप और 15 डीएन के गर्डर का प्रतिस्थापन। पीवाईजीएस स्टेशन पर स्टेशन भवन और प्लेटफार्म के बीच खुली जगह को कवर करने के लिए शेड का निर्माण और पीआरजी स्टेशन पर पीएफ नंबर 1 और 2/3 पर प्लेटफॉर्म शेड का निराकरण नए 12 मीटर चौड़े एफओबी के संरेखण को तोड़ना और प्लेटफार्मों पर इन शेडों को फिर से असेंबल करना और एफओबी नंबर 2 के सीढ़ी को हटाना और नए स्थान पर निर्माण और पीआरजी स्टेशन पर 3 लिफ्ट के प्रावधान के संबंध में स्टील संरचनाओं का निर्माण और बीएसबी स्टेशन पर एफओबी–2 के टॉप शेड के ऊर्ध्वाधर चैनल की मरम्मत/प्रतिस्थापन निर्माण और आकस्मिक मरम्मत/प्रतिस्थापन। |
| 2 | अनुमानित लागत | रू0 126234902.74 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रू0 781200.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 10.07.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 24.07.2024 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तें: |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | कोई भी स्टील निर्माण का कार्य अथवा एफ ओ बी अथवा पीपी शेल्टर अथवा औद्योगिक शेड अथवा स्टील/कम्प्रोजिट गर्डर ब्रिज अथवा चैनल स्लीपर के माइक्रोवेव/एचटी टावर का निर्माण और स्थापन का कार्य। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

नोट :- 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी। निविदा सू0सं0–07/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2024–25

दिनांक 27.06.2024 1907/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## रिश्वत लेते हुए लेखपाल हुआ गिरफ्तार मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** शुक्रवार को एंटी करप्शन की टीम ने लेखपाल को रिश्वत लेते हुए धर दबोचा है। कोतवाली में एंटी करप्शन की टीम की ओर से मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी ओर लेखपाल के गिरफ्तार होने की खबर मिलने के बाद राजस्व विभाग के तमाम कर्मचारी भी शहर कोतवाली पहुंचे हैं। इस पूरे मामले पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने बताया एंटी करप्शन की टीम ने कार्रवाई करते हुए लेखपाल को गिरफ्तार किया है।पूरा मामला सदर तहसील का बताया जा रहा है। जहां सदर तहसील में तैनात लेखपाल सौरव गंगवार एक किसान से रिश्वत मांग रहा था। लेखपाल की मांग से परेशान होकर पीड़ित ने इस पूरे मामले की शिकायत एंटी करप्शन की टीम से की थी। एंटी करप्शन की टीम लेखपाल को पकड़ने के लिए शुक्रवार को पीलीभीत पहुंची थी। जहां टीम ने लेखपाल की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया। लेखपाल जब किसान से 15000 रुपए की रिश्वत ले रहा था तभी एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथों लेखपाल को गिरफ्तार कर लिया एंटी करप्शन की टीम ने रिश्वत लेते लेखपाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। लेखपाल की गिरफ्तारी के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है।

# प्रशासनिक अधिकारियों की जांच में गलत निकला चर्च निर्माण का मामला, नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर हुई संयुक्त गश्त

जन एक्सप्रेस। हजारा (पूरनपुर)





**पीलीभीत।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव बैल्हा में चर्च बनाने की शिकायत ग्रामीणों के द्वारा किये जाने पर पूरनपुर सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं उप जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जिस जगह पर चर्च बनाने की बात को नकार दिया है। भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अधिकारियों ने सशस्त्र सीमा बल एवं पुलिस बल संयुक्त रूप से गश्त करते हुए ग्रामीणों को नये कानून के बारे में जागरूक किया तो वही झूठी सूचना ना फैलाने की हिदायत भी दी है।

हजारा थाना क्षेत्र के नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के बाजार घाट में चर्च बनाने और ग्रामीणों को जबरन धर्म परिवर्तन कराने और ईसाई धर्म अपनाने की ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की गई थी। जिस पर शुक्रवार को पूरनपुर तहसील के उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला पूरनपुर सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह राजस्व विभाग के कानून गो एवं हजारा थाना अध्यक्ष के साथ बाजार घाट में चर्च बनाने वाले स्थान पर पहुंचे। अधिकारियों जानकारी जुटाई। वहां कहीं भी चर्च जैसी कोई चीज नहीं दिखाई दी। और केवल मिट्टी की खुदाई की गई थी। पक्के निर्माण से संबंधित कोई भी सामग्री वहां नहीं मिली है। अधिकारियों ने बताया कि जिस ग्रामीण पर चर्च बनाने का आरोप था वह ईसाई धर्म को मानता तो है मगर किसी को जबरन धर्म बदलने की बात नहीं कही। अधिकारियों ने चर्च बनाने की बात को नकार दिया है। इसके बाद अधिकारी गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में पहुंच कर वहां भी पहुंच कर स्वेच्छा से ईसाई धर्म को मानने वाले ग्रामीणों से मिले और उनसे भी जानकारी करते हुए जांच पड़ताल की। अधिकारियों का कहना है कि कहीं भी किसी को जबरन धर्म परिवर्तन नहीं कराया गया है। कुछ लोग हैं जो स्वेच्छा से ईसाई धर्म को मान रहे हैं।

सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के गांव में कुछ अराजक तत्व है जो अधिकारियों को झूठी शिकायती पत्र देकर गुमराह करने और सीमा पर अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं।इस मौके पर पूरनपुर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार सशस्त्र सीमा बल कंबोज नगर बीओपी चौकी एवं पूरनपुर राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

### सीमा पर की गई संयुक्त गश्त

भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के स्तंभ संख्या 42 के पास पूरनपुर तहसील के उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला पूरनपुर सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह,हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार सशस्त्र सीमा बल के जवान राजस्व विभाग की टीम संयुक्त रूप से पैदल गश्त करते हुए सीमा का निरीक्षण भी किया। तो वहीं ग्रामीणों को 1 जुलाई से लागू हो रहे नए कानून के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। भारत नेपाल सीमा पर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी भी ली। साथ ही ग्रामीणों को झूठी अफवाह न फैलाने की सलाह दी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बारिश के पानी से झील में तब्दील हुआ कंपोजिट विद्यालय



**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** केराकत क्षेत्र के देवकली स्थित कंपोजिट विद्यालय के प्रांगण वर्षा के बाद हुए जल जमाव के चलते झील का रूप धारण कर लिया है। जल निकासी के अभाव में देवकली बाजार का बरसात का पानी विद्यालय की प्रांगण में भर जाता है। विगत कई वर्षों से स्कूली बच्चे-बच्चियों व शिक्षक-शिक्षिकाएं बरसात की मौसम में भारी जल जमा होने का दंस झेलते चले आ रहे हैं। बच्चे-बच्चियों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को बरसात की पानी में से ही होकर स्कूल में आना व जाना पड़ता है। ऐसा नहीं कि जनप्रतिनिधि व अधिकारी इस ज्वलंत समस्या से अनभिज्ञ हों। बल्कि यह कहना कत्तई गलत नहीं होगा की छोटे से लेकर बड़े अधिकारी वर्जन प्रतिनिधि भी खबर रखकर भी बेखबर बने हुए हैं। जहां ग्राम प्रधान देवकली आशा देवी पत्नी कमलेश यादव का कहना है की वीडियो मुफ्तीगंज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, व जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारियों को इस ज्वलंत समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया जा चुका है। वहीं छोटे से लेकर बड़े जनप्रतिनिधि भी इस समस्याओं से भली भांति अवगत हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कमलेश यादव का कहना है कि ग्राम पंचायत के पास धनाभाव है। ऐसी दशा में जिला पंचायत विभाग, जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि की इस ज्वलंत समस्या को लेकर इसके निदान हेतु अपनी कृपा दृष्टि डाल दे तो निश्चित ही इस ज्वलंत समस्या से निजात मिल सकती है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कमलेश यादव का कहना यह भी है कि देवकली-मई पसेवा-मई मार्ग पर नाली का निर्माण हुआ था। किंतु गेल कंपनी ने पाइपलाइन बिछाने में नाली को क्षतिग्रस्त गत वर्ष कर दिया। जिसके बाद से आज तक क्षतिग्रस्त नाली का निर्माण नहीं कराया जा सका। और साथ ही नाली का निर्माण हुआ होता तो विद्यालय में इतना जल जमाव नहीं होता।

### एसडीएम ने कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक, सुजानगंज द्वारा 25 जून 2024 को तहसील-मछलीशहर के वि0ख0-सुजानगंज स्थित ग्राम-कुरावां के उचित दर विक्रेता रामजनक पुत्र रामशिरोमणि की दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रेता की उचित दर दुकान में कुल 29.91 कुं0 चावल, 19.79 कुं0 गेहूँ एवं 0.09 कुं0 चीनी का स्टॉक कम पाया गया, जिसके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर विक्रेता द्वारा कोई समुचित उत्तर नहीं दिया गया। उक्त आशय की आख्या जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उक्त कोटेदार के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत अभियोग अभियोग पंजीकृत कराने का आदेश पारित किया गया। जिलाधिकारी के उक्त आदेश के अनुपालन में ग्राम-कुरावां के कोटेदार रामजनक के विरूद्ध 28 जून 2024 को थाना-सुजानगंज में प्रथम सूचना रिपोर्ट क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक द्वारा दर्ज करा दी गयी है एवं उसके दुकान का अनुबन्ध-पत्र निलम्बित करते हुए विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है।

### अपाचे सवार बदमाशों ने महिला के गले से चेन छीनकर फरार

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के कलिंजरा मोड़ के सामने से शुक्रवार की शाम अपाचे सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से चेन छीनकर भाग गये। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। सिंगरामऊ बाजार निवासी पियूष बरनवाल अपनी पत्नी ज्योति को दवा दिलाने बाइक से जौनपुर जा रहा था। कलिंजरा मोड़ पहुंचने के पहले ही अपाचे सवार दो बदमाशों ने गाड़ी रोक लिया। जब तक वह कुछ समझ पाता सोने की चेन व लाकेट छीनकर भाग निकले।

### परिषदीय विद्यालयों में सत्र के प्रथम दिवस बच्चों को तिलक लगाकर हुआ स्वागत

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी शीलम सांई तेजा के निर्देश पर जिले भरके बेसिक स्कूलों में पहले दो दिन समर कैंप लगाए जाने का आदेश था जिसके क्रम में 28 और 29 जून को विद्यालय स्तर पर ही दो घंटे का कैंप लगाकर छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने व अन्य गतिविधियां कराई जानी थी। 28 जून को सभी विद्यालयों में बच्चों का फूल व चंदन से तिलक कर स्वागत किया गया। विद्यालय को गुब्बारों व रंगोली से सजा कर इस दिवस को उत्सव के रूप में मनाया गया। पहले दिन यहां उत्सव जैसा माहौल रहा। रोली-टीका लगाकर छात्र-छात्राओं को स्कूल में प्रवेश दिया गया। इसके साथ ही खीर और हलवा से मुंह मीठा कराया गया। विद्यालय परिसर को फूल पत्तियों और रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने पूर्व से ही तैयारी कर ली थी। इन गतिविधियों के साथ ही साथ नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया था।

### सुईथाकला ब्लॉक में सत्र के पहले दिन 26 शिक्षक रहे नदारद

**जन एक्सप्रेस/सुईथाकला।** बेसिक स्कूलों में प्रस्तावित समर कैंप पहले दिन फ्लॉप रहा। सुईथाकलां में न तो अपेक्षानुरूप छात्र-छात्रा ही विद्यालय पहुंचे और न ही गुरुजन। 70 में से 20 विद्यालयों का निरीक्षण ही नहीं हो सका। जांच अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट बीएसए को भेज दी है। शासन के निर्देश पर बीएसए ने 28 व 29 जून को बेसिक स्कूलों में समर कैंप के आयोजन का आदेश दिया था। जिसमें पहले दिन विद्यालय आने वाले बच्चों को रोली-टीका लगाकर उनका स्वागत किया जाना था। विद्यालयों को रंगोली व गुब्बारों से सजाकर पहला दिन उत्सव के रूप में मनाने, पर्यावरण के प्रति जागरूकता सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का निर्देश था। किंतु अधिकारियों की जांच में सुइथाकलां के 70 बेसिक स्कूलों में 32 शिक्षक नदारद रहे। जिसमें से आधा दर्जन शिक्षकों ने पहले ही दिन सीएल ले रखा था। इतना ही नहीं जांच के लिए नियुक्त सात अधिकारियों में खंड शिक्षा अधिकारी शाहगंज तथा डीसी डायट स्वयं ही अनुपस्थित रहे। पांच एआरपी क्रमशः मनोज सिंह, त्रिवेणी बिंद, पंकज सिंह, संजय सिंह व एजाज अहमद द्वारा निरीक्षण किये गए 50 विद्यालयों में चिलबिली, सोनरा, सवायन, पूरा असालत, रहिमापुर में दो-दो, पिपरौल, सुइथाकलां, लालापुर में एक-एक व वाल्मीकीपुर में पांच शिक्षकों सहित कुल 26 शिक्षक अनुपस्थित रहे। मेरी ड्यूटी शाहगंज में लगी थी। सभी जांच अधिकारियों द्वारा समर कैंप की जांच रिपोर्ट बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंप दी गई है। जिस पर कार्यवाही का निर्णय उन्ही को लेना है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति एवं समीक्षा की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।



जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति एवं जिला स्तरीय पुनर्रीक्षा (समीक्षा) समिति की बैठक गाँधी सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद का ऋण जमा अनुपात 81.76 प्रतिशत होने पर बधाई दी एवं जिन बैंकों का ऋण जमानुपात आरबीआई के मानक से कम था, उनके जिला समन्वयकों को आरबीआई के मानक के अनुरूप ऋण जमानुपात लाने के निर्देश दिये। महोदय द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धि पर सभी बैंको को बधाई दी एवं निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनाऐं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, स्वतः रोजगार योजना, मत्स्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत समस्त लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाये। विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न बैंकों को प्रेषित की गयी ऋण पत्रावलियों की गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिये गए। सभी बैंक के जिला समन्वयकों को कड़े निर्देश दिये गये कि वे जनपद में कार्यरत अपने समस्त शाखा प्रबन्धकों को यह निर्देश आवश्यक रूप से उपलब्ध कराएं कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित प्रेषित की गई पत्रावलियों का 15 दिनों के अंदर निस्तारित किया जाये।

किसी भी ग्राहक/व्यक्ति को अनावश्यक परेशान न किया जाए। और यदि कोई व्यक्ति ऋण लेने की मंशा से शाखा में आता है तो यह पूरी तरह से सुनिश्चित कर लिया जाए कि वह व्यक्ति बैंक में संचालित किसी भी योजना हेतु पात्र है अथवा नहीं, उसके उपरांत ही उस व्यक्ति को वापस किया जाए, यदि वो व्यक्ति किसी भी योजना में पात्र है तो उसे ऋण उपलब्ध कराया जाए।

जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा के दौरान पाया गया कि SHG की पत्रावलियों अत्याधिक मात्र में लंबित है। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये हैं कि सभी बैंक 15 कार्यदिवस के अन्दर समस्त लंबित पत्रावलियों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अंत में जिलाधिकारी द्वारा जनपद की वार्षिक ऋण योजना 2024-25 की पुस्तिका का विमोचन भी किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डीसी, एनआरएलएम, भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, डी0डी0एम0नाबार्ड, उप जिला कृषि अधिकारी, समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष एवं समस्त बैक समन्वयक उपस्थित रहे।

# पंजाब से धान की गड़ाई करके अपने घर लौट रहे मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, दो दर्जन घायल


जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा

थाना क्षेत्र के गांव मसीत तथा अन्य गांव से मजदूर 11 जून को पंजाब राज्य के गांव सीमा मंडी में धान की गड़ाई करने के लिए ठेकेदार के द्वारा गए थे।वही धान की गड़ाई का काम पूरा होते ही मजदूर अपने वापसी करने लगे।जोकि वहा से पिकअप से आ रहे थे मजदूर।

सुबह 7:00 के आसपास जिला बरेली के नवाबगंज-बरखेड़ा मार्ग पर गांव मेथी चौराहे के पास अचानक 28 मजदूरों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई।जिस कारण सभी मजदूरों को चोटे आई है।तो वही कुछ लोग पिकअप के नीचे दबकर घायल हो गए।जिन्हे आनन-फानन नजदीक गांव के ग्रामीणों के द्वारा मजदूरों को पिकअप के नीचे से निकलकर स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा भिजवाया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा ह।और 9 लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों में सर्वेश कुमार, पुत्तू लाल, महेश कुमार, राकेश कुमार, आकाश, राजेंद्र कुमार आदि दो दर्जन लोग घायल हुए हैं। बड़ी बात तो यह है कि जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते पंजाब राज्य से माल वाहक वाहन पर जानवरों की तरह भरे 28 मजदूर भरकर पिकअप पीलीभीत की सीमा तक कैसे पहुंच गई। यह एक अपने-आप मे बड़ा सवाल है। किसी भी अधिकारी की नजर नही पड़ी। जिम्मेदारो की लापरवाही का नतीजा है कि माल वाहक वाहन अपने वाहन में सवारियां बैठाकर अपनी मनमानी पर उतारू होकर लगातार दुर्घटनाओं पर दुर्घटनाएं करते चले जा रहे हैं।और लोग मालवाहक वाहन मे भूसे की तरह यात्रा करके अपनी जान जोखिम मे डाल रहे है। जानकारी पर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लोकेश गंगवार द्वारा बताया गया कि घायलों का उपचार किया जा रहा है कुछ लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है किसी भी मजदूर की स्थिति गंभीर नहीं है।

## भाजपा विधायक को अमेरिका के विधान शिखर सम्मेलन का मिला आमंत्रण, समर्थकों में खुशी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के बदलापुर विधान सभा के भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र अपने क्षेत्र में कराये गये विकास कार्यों के बल पर जहां लगातार दूसरी बार विधायक चुने गए हैं। वहीं श्री मिश्र प्रदेश के ऐसे विधायक हैं कि अपने क्षेत्र में कराये गये विकास कार्यों का हर वर्ष ब्योरा बदलापुर महोत्सव के माध्यम से अपनी जनता को देते हुए एक बुकलेट जारी करते हैं साथ ही हर वर्ष उसी मौके पर हजारों गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह कर कन्या दान करते हैं जिसके चलते प्रदेश में तो चर्चा में बने ही रहते हैं वहीं अपने विधान सभा क्षेत्र के मतदाता जो देश के अन्य राज्यों में रहते हैं उनके यहां भी समय समय पर जाकर मिलने वाले श्री मिश्र को दूसरी बार किसी विदेशी धरती पर बुलाया जा रहा है। इस बार संयुक्त राज्य अमेरिका के लुईस बिल कैंटकी में आयोजित तीन दिवसीय एनएलसी विधान सभा शिखर सम्मेलन में 5 6 और 7 अगस्त को आयोजित इस शिखर सम्मेलन में विश्व भर के चुनिंदा विधायको को आमंत्रित किया गया है आमंत्रण मिलते ही जहां विधायक ने एनएलसी का धन्यवाद दिया वहीं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

## प्रधान पति को दी जाति सूचक शब्दो के और जान से मारने की धमकी

**जन एक्सप्रेस/बरखेड़ा।** पूर्व में न्यायालय में चल रहे विवाद को बापस कराने को दवंग ने प्रधान पति को गाँव मे सबके सामने जाति सूचक गाली देते हुये जान से मार देने की धमकी दी। वही ग्राम भोपतपुर निवासी अशोक कुमार (पासी)ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि मेरे ही गाँव का दवंग मुकुल शर्मा पुत्र सुरेंद्र देव शर्मा 27 जून को गाँव की गली में मुझे घेर कर पहले मुझसे न्यायालय में चल रहे मुकदमा को वापस लेने को धमकाने लगा ।तथा मना करने पर मुझे जाति सूचक शब्दो के साथ गन्दी- गन्दी गालियॉ देने लगा और ग्राम पंचायत में जाने से रोकने को कहकर जान से मार देने की धमकी देने लगा । दवंग अपने आप को हर प्रकार से सक्षम बता कर बुरी दशा करके बर्बाद करने की धमकी देकर चला गया। थाना प्रभारी से पीड़ित ने दबंग के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की गुहार लगाई हैं।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने मंदिर में की तोड़फोड़

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



मछलीशहर थाना क्षेत्र के शैलपुत्री पेट्रोल पंप के पास मिर्जवापुर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की मूर्ति को एक भी विक्षिप्त युवक के द्वारा तोड़ दिया गया सुबह इसकी जानकारी होते क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई।

गुरुवार की सुबह पेट्रोल पंप के कर्मचारी द्वारा मंदिर पर पूजा पाठ करने के लिए गया तो वहां पर हनुमानजी व ब्रह्म बाबा की टूटी मूर्ति को देखा तो पेट्रोल पंप संचालक काशी क्षेत्र किसान मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री अर्चना शुक्ला को जानकारी दिया?। जिसके बाद उन्होंने और हिंदू संगठन के लोगों को जानकारी दिया और पुलिस को सूचना दी। उक्त प्राचीन हनुमान मंदिर पर बजरंगबली व ब्रह्म बाबा बाबा की मूर्ति को किसी ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां से एक युवक को गिरफ्तार किया और अपने साथ ले आई। पूछताछ में वह अपना नाम संदीप बता रहा है और कोई पता आदि नहीं बता पा रहा है। पुलिस का करना है कि युवक मानसिक रुप से विक्षिप्त है।

बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर खंडित मूर्ति को कपड़े से ढका और अति अति शीघ्र जांच कर मंदिर में दूसरी मूर्ति लगाने की प्रशासन से मांग किया। वहीं काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय मंत्री अर्चना शुक्ला ने कहा कि पुलिस जांच करे कहीं इसके नीचे कोई साजिश तो नहीं हो रही है। वह विक्षिप्त होने का नाटक तो नहीं कर रहा है। इस दौरान राजेश, शिशिर, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवि पटवा सहित तमाम लोग मौजूद रहे। घटना के संबंध में कोतवाल सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि तहरीर मिलेगी को मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।

## संचारी रोग नियंत्रण को लेकर बैठक सम्पन्न, रोस्टर अनुसार होगी नियमित सफाई

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



करंजाकला संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारी को लेकर सिद्धिकपुर स्थित करंजाकला ब्लॉक सभागार में बुधवार को ग्राम प्रधानों व ग्राम विकास अधिकारियो की बैठक की गई। अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारियो से पुरा प्रतिभाग व सहयोग की अपील की गई।

खंड विकास अधिकारी रामदुलार चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद प्रकाश ने संचारी रोग अभियान पर प्रकाश डाला। ग्राम प्रधानों व सफाई कर्मचारियों से जल जमाव वाले क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर एंटी लारवा का नियमित छिड़काव, झाड़ियां की साफ सफाई, मच्छरों का प्रजनन रोकने का उपाय, लोगों को संचारी रोग रोकथाम तथा जलजमाव ना होने के लिए जागरुक करे। सहायक विकास अधिकारी पंचायत रमेश यादव ने कहा कि जल जमाव होने से अनेक प्रकार की बीमारियां पैदा होती हैं। इसलिए ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित साफ-सफाई हो, इसका ध्यान दें और लोगों को दिमागी बुखार, साफ-सफाई, टीकाकरण व बचाव के प्रति जागरूक करे। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अपने आसपास नियमित सफाई करते रहें तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सफाई कर्मचारियों को रोस्टर बनवाकर नियमित साफ-सफाई कराए।इस दौरान सहायक सांख्यिकी अधिकारी सुरेंद्र यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी नवनीत कुमार सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी अमित कुमार सोनकर, ग्राम पंचायत अधिकारी नागेंद्र कुमार यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी अवधेश कुमार यादव, ग्राम प्रधान मिथिलेश कुमार यादव ग्राम प्रधान महेश सोनकर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा विगत बैठक में विभिन्न विभागों को दिए गए निर्देशों की अनुपालन व्याख्या का बिंदुवार विवरण उपलब्ध कराया गया। जिसके अंतर्गत जनपद में चिन्हित 19 ब्लैक स्पॉट का बिंदुबार विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान डिग्री कालेज चौराहे से कचहरी तक मार्ग के दोनों तरफ गहरी रोड साइड पर समतलीकरण कार्य पूर्ण न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने अप्रसन्ता व्यक्त करते हुये राष्ट्रीय रार्जमार्ग लोक निर्माण विभाग बरेली के अवर अभियन्ता को चेतावनी देते हुये यह कार्य तीन दिवस के अन्दर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक द्वारा आने वाले समय में कांवड यात्रा के दृष्टिगत सभी मार्गो अपेक्षित सुधारत्मक कार्यों को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये। शहर में विभिन्न स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाही हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पीलीभीत को निर्देशित किया गया कि मार्गों पर अतिक्रमण पाए जाने पर जब्तीकरण एवं अर्थदण्ड की कार्यवाही सुनिश्चित करें। पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर आबादी वाले स्थानों पर रेलिंग, लाईटिंग एवं वैरियर का कार्य कराए जाने हेतु बरखेड़ा व बीसलपुर में नाले का पानी मुख्य मार्ग पर आने की समस्या का यथाशीघ्र निराकरण हेतु मार्थ के इंजीनियर को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपंजीकृत ई रिक्शा, ड्रकंन ड्राइविंग, काली फिल्म, सायरन, हूटर, उ0प्र0 शासन व भारत सरकार लिखे वाहनों, सवारी लेकर संचालित हो रहे ट्रेक्टर ट्राली एवं ओवर स्पीडिंग पर प्रभावी कार्यवाही हेतु यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जुलाई माह से खुल रहे विद्यालयों के बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत स्कूली मानक के अनुरूप ही वाहन विद्यालयों में संचालित हो तथा नाबालिग बच्चे दो पहिया वाहन लेकर आवगमन न करें। जहानाबाद मार्ग पर अप्सरा नदी के पुल के चौड़ीकरण की आवश्यकता के दृष्टिगत एनएचएआई को प्रस्ताव शासन को भेज कर पुल का चौड़ीकरण करने के निर्देश दिए गए ताकि उक्त मार्ग पर गुजरने वाले वाहनों को दुर्घटना एवं जाम की समस्या का सामना न करना पड़े, बीसलपुर मार्ग पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्रवाई के संबंध में अभियंता को निर्देशित किया गया कि मार्ग के चौड़ीकरण के साथ-साथ ब्लैक स्पॉट्स संबंधी सभी प्रावधान पूर्ण कराई जाएं ब्लैक स्पॉट्स वाले स्थान पर कैट्स आई, दुर्घटना बाहूल्य क्षेत्र का चेतावनी बोर्ड, गति नियंत्रक स्पीड टेबल सेवरोन बोर्ड इत्यादि लगाई जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी यातायात, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंता, एन एच ए आई के अभियंता, एआरटीओ, अधिशासी अधिकारी पीलीभीत/ पूरनपुर/ बीसलपुर ने प्रतिभाग किया।

# टेबलेट व मोबाइल पाकर खुशी से झूम उठे छात्र-छात्राएं

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील क्षेत्र में डिग्री कॉलेजों में टैबलेट/ मोबाइल का वितरण हो रहा है इसी कड़ी में अरौल स्थित शीतला देवी डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं को टैबलेट मोबाइल का वितरण किया गया।

इस मौके पर भारी संख्या में बच्चे और अभिभावक पहुंचे थे वहीं पर मोबाइल पाकर छात्र-छात्राएं और अभिभावक खुशी से झूम उठे उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप बच्चों को वितरित किए गए हैं जिससे बच्चे अपने शिक्षण कार्य में सरकार की इस मदद से बच्चे और आगे पढ़ सकते हैं दूसरा ऑनलाइन क्लासेस और विषय संबंधी जानकारियां भी हासिल करते रहते हैं

जिससे परीक्षा में भी उन्हें बड़ी ही सहोलियत मिलती है प्रबंध तंत्र के अशोक कटियार ने बताया कि चुनाव से पहले वितरित करने का आदेश आया था लेकिन मोबाइल उपलब्ध न होने के कारण चुनाव हो जाने के बाद में वितरित किए जा रहे हैं कुछ बच्चों को आज मोबाइल नहीं मिल सके क्योंकि वह बच्चे स्कूल नहीं पहुंच सके थे जब बच्चे पहुंचेंगे यह मोबाइल उन्हीं को ही दिया जाएगा।

# हदीसों का इंकार करने वालों की टूट गई कमर : मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) को अंतिम नबी माने बिना कोई व्यक्ति मुसलमान नहीं हो सकता। दुनिया में कई लोग हुए जिन्होंने आपके बाद पैगंबरी का दावा किया, लेकिन अल्लाह के चुने हुए बंदों ने ऐसे लोगों का पूरी तरह से मुकाबला करके आम मुसलमानों के ईमान की हिफाजत की। इसी सिलसिले की एक कड़ी मजलिसे तहफ्फुज़े खत्मे नबूवत है, जो दारुल उलूम देवबंद के अंतर्गत है। इन विचारों का इजहार मजलिसे तहफ्फुज़े खत्मे नबूवत कानपुर के अध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने जमीयत बिल्डिंग में आयोजित मजलिसे तहफ्फुज़े खत्मे नबूवत कानपुर की मीटिंग के दौरान किया।

मौलाना ने बताया कि मजलिसे तहफ्फुज़े खत्मे नबूवत के तहत, दारुल उलूम देवबंद द्वारा पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) की खत्म नबूवत, उनकी हदीसों की प्रामाणिकता और सहाबा (रज़ियल्लाहु अन्हुम) की महानता का संरक्षण किया जाता है और झूठे मसीह और महदी होने के दावेदारों का खात्मा किया जाता है। इसकी एक शाखा मजलिसे तहफ्फुज़े खत्मे नबूवत कानपुर है, जिसकी स्थापना लगभग तीस वर्ष पूर्व मौलाना मोहम्मद मतीनुल हक उसामा कासमी (रहमतुल्लाह अलैह) ने की थी। मौलाना ने बताया कि मौलाना उसामा (रहमतुल्लाह अलैह) ने शहर कानपुर और उसके आसपास के इलाकों में कई सुधारात्मक बैठकें, बड़े जलसे, कांफ्रेंसें, प्रचारकों के दौरे, साहित्य के वितरण का सिलसिला शुरू किया, जिससे इस पूरे क्षेत्र से क़ादियानियत का खात्मा हुआ, हदीसों का इंकार करने वालों की कमर टूट गई और झूठे मसीह और महदी के अनुयायियों का सामने आना मुश्किल हो गया। वर्ष 2020 में मौलाना की मृत्यु के बाद मुझे मजलिस का अध्यक्ष चुना गया। अल्लाह की कृपा से मौलाना ने जो टीम बनाई थी वह पहले से अधिक संकल्प और उत्साह के साथ मैदान में आई और मेरे साथ पूरा सहयोग किया, जिसकी बदौलत पिछले चार वर्षों में काम को आगे बढ़ाते हुए कई जिलों तक पहुँचाया गया।

मजलिस के उप-प्रभारी मौलाना अमीर हामजा कासमी ने पिछले चार वर्षों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि मौलाना उसामा (रहमतुल्लाह अलैह) के बाद हज़रत मौलाना अफज़ालुर्रहमान साहिब हरदोई की निगरानी में मजलिस काम कर रही है और मौलाना (रहमतुल्लाह अलैह) के उत्तराधिकारी मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी को भी सभी प्रमुखों का विश्वास प्राप्त हो रहा है, जो हमारे लिए एक शुभ संकेत है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से हर साल वार्षिक खत्मे नबूवत कांफ्रेंस आयोजित हो रही है, जिसमें कोरोना काल में भी कोई बाधा नहीं आई। 2020 में जामा मस्जिद अशरफाबाद, 2021 में मस्वानपुर और 2022 में परेड ग्राउंड में ऐतिहासिक कांफ्रेंस आयोजित की गईं। इसी तरह, पिछले वर्ष 2023 में पूरे देश में आस्थाओं पर काम करने वाले सभी व्यक्तियों का तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें भविष्य की कार्य योजना तय की गई। मौलाना ने बताया कि मजलिसे तहफ्फुज़े खत्मे नबूवत के तहत युवाओं की एक टीम जमीयत अहले सुन्नत वल जमात के नाम से सक्रिय है। इसके तहत साप्ताहिक बैठक, मासिक सभा, साहित्य का प्रकाशन, युवा बच्चों के सुधारात्मक कार्यक्रम और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा आसपास के जिलों में भी मासिक सभा शुरू की गई है, जिसके लाभदायक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आने वाली 22 जुलाई को देवबंद में एक बैठक बुलाई गई है, जिसमें मजलिसे तहफ्फुज़े खत्मे नबूवत कानपुर की टीम भी शामिल हो रही है।

मीटिंग में सभी प्रतिभागियों ने एक स्वर में मजलिसे तहफ्फुज़े खत्मे नबूवत कानपुर की कार्यक्षमता की प्रशंसा की और बधाई दी। सभी सदस्यों की आम सहमति से यह तय हुआ कि इस साल 3 नवंबर, रविवार को एक विशाल %तहफ्फुज़े खत्मे नबूवत व तहफ्फुज़े हदीस कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियाँ अभी से शुरू कर दी जाएंगी। इसके अलावा, धर्म के प्रचार-प्रसार में फुकहा कराम, विशेष रूप से इमाम अज़म और आइम्मा सलासा की सेवाओं को बयां करने के लिए 6 अक्टूबर, रविवार को फैथफुल गंज में इमाम अज़म और आइम्मा सलासा कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। मीटिंग की शुरुआत कारी मुजीबुल्लाह इरफानी की तिलावत-ए-कलामुल्लाह से हुई।

मीटिंग में जमीयत उलमा वुस्त ज़ोन के अध्यक्ष मौलाना इस्लामुल हक असजद कासमी मुहम्मदी लखीमपुर बतौर मेहमान शरीक हुए। उपस्थित प्रतिभागियों में मजलिस के अध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी, उप-प्रभारी मौलाना अमीर हामजा कासमी के अलावा, काजी शहर हाफिज ममूर अहमद जामी, मुफ्ती अब्दुर्रशीद कासमी, मौलाना खलील अहमद मजाहिरी, मौलाना नूरुद्दीन अहमद कासमी, मौलाना मुहम्मद अकरम जामी, मौलाना अनीस खान कासमी, मौलाना मुहम्मद इनामुल्लाह कासमी, कारी मुजीबुल्लाह इरफानी, कारी अब्दुल मोईद चौधरी, मुफ्ती अजीजुर्रहमान कासमी, मौलाना ताहिर कासमी, मौलाना कलीम अहमद जामी, मौलाना अब्दुल्लाह कासमी, हाफिज मुहम्मद अलमास, हाफिज मुहम्मद शारिक, मौलाना हुजैफा कासमी, मौलाना मुहम्मद जकवान कासमी, मौलाना शुऐब मोबीन मजाहिरी और कारी बदरुज्जमा कुरैशी सहित मजलिसे तहफ्फुज़े खत्मे नबूवत कानपुर के पचास से अधिक सदस्य उपस्थित थे।

# युवती की गला रेतकर नृशंस हत्या, घर के पास अहाते में मिला रक्तरंजित शव



## अहाते में पड़ा था रक्तरंजित शव

शुक्रवार भोर पहर करीब पांच बजे पिता सरदार घर से करीब 30 मीटर दूर अपने अहाते (गोड़े) में बने शौचालय में गए, तो वहां बेटी का रक्तरंजित शव देख बेहाल हो गए। परिजनों को घटना की जानकारी दी, तो मौके पर भीड़ लग गई। परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए।

## पिता ने अज्ञात पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया

हत्या की सूचना पर एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद, सीओ ऋषिकांत शुक्ला और माखी थाने की पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ पहुंच जांच की। मृतका के पिता ने अभी अज्ञात पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। पिता के मुताबिक बेटी अपने पास मोबाइल भी नहीं रखती थी।

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

माखी थाना क्षेत्र में युवती की गला रेतकर हत्या कर दी गई। सुबह पिता शौचालय के लिए गए, तो आहते में रक्तरंजित शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

उन्नाव जिले में माखी थाना क्षेत्र के अमलोना गांव में युवती की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका शव घर से 30 मीटर दूर बने अहाते (गोड़े) में मिला है। सुबह करीब पांच बजे पिता अहाते में बने निजी शौचालय गया, तो बेटी का शव देखा।

पिता ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। बताया कि बेटी की शादी के लिए आज रिश्ते की बात पक्की करने जाना था। माखी थाना क्षेत्र के अमलोना गांव निवासी मोहिनी (22) पुत्री सरदार यादव कॉम्पीटिशन की तैयारी कर रही थी। पुलिस की परीक्षा दे चुकी थी। इसमें सफलता न मिलने पर दोबारा फिर तैयारी कर रही थी।

गुरुवार रात करीब 11 बजे तक वह परिजनों के साथ रही। उसके बाद सभी ने खाना खाया और अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। रात में मोहिनी की गला रेतकर हत्या कर दी गई।

## भाई के मोबाइल से पढ़ाई करती थी मोहिनी

वह अपने भाई के मोबाइल से पढ़ाई करती थी। सात भाई बहनों में सबसे छोटी थी। दो भाइयों में अजय और विजय हैं। चार बेटियों की शादी हो चुकी है। अब इसी का नंबर था। उसके लिए शुक्रवार को लड़के की बातचीत करने जाना था। बेटी की हत्या से मां जनक दुलारी और अन्य परिजन बेहाल है।

## शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि अभी हत्या की स्पष्ट वजह पता नहीं चल पा रही है। हर बिंदु पर जांच चल रही है। जिस मोबाइल से वह पढ़ाई करती थी, उसकी कॉल डिटेल भी निकलवाई जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## आखिर किसके बुलाने पर रात में गई युवती

परिजनों के मुताबिक बेटी की किसी से बात भी नहीं होती थी, वह मोबाइल भी नहीं रखती थी। फिर रात में 11 बजे जब वहां परिजनों के साथ रही, तो बाद में किसके बुलाने पर वह अहाते में गई थी। इस बिंदु पर भी जांच चल रही है। जिस दिन शादी की बातचीत करने जाना था उससे पहले ही युवती की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग के बिंदु पर भी पुलिस जांच कर रही है।

# दूसरे से नजदीकी के शक में दबाया था पत्नी का गला

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव। तकी नगर में महिला की हत्या उसके पति ने दूसरे युवक से नजदीकी के शक में की थी। एक साल पहले दोनों एक फैक्टरी में साथ काम करते थे। छह महीने से पति मुंबई में था और पत्नी ने यहां फैक्टरी में काम छोड़ दिया था।

किला चौकी क्षेत्र के मोहल्ला तकी नगर (कंजी) में मोहसिन मुस्ताक के मकान में किराये पर रह रही मुस्कान (32) ने एक साल पहले साथ में ही फैक्टरी में काम करने वाले रायबरेली के ईश्वरीगंज खजूर निवासी जान अहमद से निकाह किया था। छह महीने पहले जान अहमद काम करने मुंबई चला गया था। इधर, उसकी पत्नी ने भी कुछ दिनों बाद फैक्टरी में काम छोड़ दिया था। जान अहमद बुधवार को मुंबई से आया तो इसकी जानकारी हुई। मोहल्ले में ही रहने वाले एक युवक से नजदीकी के शक को लेकर दोनों में मंगलवार को काफी विवाद हुआ।

इसी दौरान उसने मुस्कान का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को बेड के नीचे रखने के बाद कमरे में ताला बंद करके भाग गया था। वह शव को ठिकाने लगाने की फिराक में था लेकिन मौका नहीं मिला। बुधवार को दुर्गंध होने पर चर्चा शुरू हुई तो वह खुद पुलिस के पास पहुंचा और अपना गुनाह कबूल कर लिया। कोतवाली पुलिस ने दोनों के परिजनों से संपर्क किया लेकिन कोई नहीं आया। इस पर मकान मालिक मोहसिन की तहरीर पर जान अहमद के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया और हत्यारोपी पति की मौजूदगी में शव कब्रिस्तान में दफन कराया। कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि महिला के हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सात घंटे गुल रही सीएचसी की बिजली, परेशान हुए मरीज

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

पुरवा। सीएचसी परिसर में पौधरोपण के लिए हाईड्रा मशीन से गड्ढा खोदाई के दौरान भूमिगत केबल कट गई। इससे अस्पताल की बिजली सात घंटे गुल हो गई। गर्मी से अस्पताल में भर्ती प्रसूताएं परेशान हो गईं।

अगले महीने सीएचसी परिसर में पौधरोपण होना है। इससे सीएचसी परिसर में पौध रोपण कराने के लिए हाईड्रा मशीन से गड्ढा खोदाई का काम चल रहा है। गुरुवार सुबह 10 बजे को खोदाई के दौरान परिसर में पड़ी भूमिगत बिजली केबल कट गई। इससे अस्पताल की बिजली गुल हो गई। अस्पताल में भर्ती प्रसूताएं व मरीज परेशान हो गए।

सभी वार्ड से निकलकर गैलरी और बाहर बैठे गए। गर्मी से राहत के लिए प्रसूताएं व मरीज हाथ पंखा झलते नजर आए।

एक्सरे मशीन न चलने से 15 मरीजों को लौटना पड़ा। काफी प्रयास के बाद बिजली कर्मियों ने केबल को जोड़ा। शाम 4:55 बजे शाम बिजली आपूर्ति बहाल हुई।

सीएचसी चिकित्सक डॉ. आदर्श सचान ने बताया कि भूमिगत केबल कट जाने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। लेकिन मरम्मत के बाद शाम को आपूर्ति बहाल हो गई।

# छह दिन से लापता लखनऊ के युवक का शव नहर में मिला

जन एक्सप्रेस | उन्नाव



**हसनगंज।** छह दिन से लापता लखनऊ के युवक का शव नहर में मिला। पानी काफी कम होने से शव बहकर आने की संभावना नहीं है। मृतक के पास से पुलिस को एक मोबाइल मिला। उसका सिम दूसरे में लगाया और भतीजे का फोन आने पर देर शाम मृतक की पहचान हुई।

लखनऊ के काकोरी थानाक्षेत्र के पालेंदा गांव निवासी वेदप्रकाश (32) की ससुराल बंथरा थानाक्षेत्र के हाजीपुर गांव में है। पत्नी लक्ष्मी करीब 15 दिन से मायके में है। भतीजे सिद्धार्थ के मुताबिक, चाचा 22 जून को ससुराल जाने की बात कहकर निकले थे। लेकिन वह ससुराल नहीं पहुंचे। उनकी तलाश की जा रही थी। मोबाइल भी नहीं लग रहा था। गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे हसनगंज कोतवाली के शारदा नहर के मोहान रजबहा में शंकरपुर गांव के पास शव मिला। शव चार-पांच दिन पुराना है। मृतक की पैंट की जेब में मोबाइल मिला है। पुलिस ने उसका सिम दूसरे मोबाइल में लगाया तो शाम करीब पांच बजे मृतक के भतीजे सिद्धार्थ का फोन आया। पुलिस ने घटना की जानकारी दी। भतीजे व अन्य परिजनों ने बताया कि मृतक वेद प्रकाश मजदूरी करता था। एक बेटा और एक बेटी है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीन अवैध पैथोलॉजी और एक नर्सिंग होम बंद कराया

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

उन्नाव/बांगरमऊ। एसीएमओ ने नगर के निजी नर्सिंग होम और पैथोलॉजी की जांच की। इसमें पैथोलॉजी व नर्सिंग होम समेत चार के रजिस्ट्रेशन न मिलने पर उन्हें बंद करा दिया गया। दोबारा संचालन पर एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी है। गुरुवार दोपहर एसीएमओ नरेंद्र सिंह ने नगर के हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित लखनऊ पैथोलॉजी, मैक्स पैथोलॉजी और आरके पैथोलॉजी का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने संचालक से पंजीकरण दिखाने को कहा। इस पर संचालक कोई भी पंजीकरण नहीं दिखा सके। इस पर एसीएमओ ने उन्हें बंद करा दिया गया।

# अवैध रूप से संचालित स्वीमिंग पूलों को नोटिस जारी

जन एक्सप्रेस | कन्नौज



कन्नौज। जिले में अवैध रूप से संचालित स्वीमिंग पूलों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। छिबरामऊ एसडीएम ने कई स्वीमिंग पूल संचालकों को नोटिस जारी किया है तो वहीं तिर्वा एसडीएम ने गुरुवार को चार स्वीमिंग पूल बंद कराए गए थे।

एडीएम आशीष सिंह ने बताया कि जिले में मानक विहीन संचालित स्वीमिंग पूलों को बंद कराने की कार्रवाई की जा रही है। जिला क्रीड़ाधिकारी नूर हसन, जिला युवा कल्याण अधिकारी संतोष कुमार ने जिले में संचालित स्वीमिंग पूलों की जांच की। जिसमें पाया गया कि इंदुईयागंज रोड पर अकबरपुर में स्वीमिंग पूल अनविया के नाम से संचालित है।

इसी प्रकार समधन लिलहा के नाम से स्वीमिंग पूल खेत में बना है। जिसके मालिक मोहम्मद युसुफ है। इसका संचालन अब्दुल रहमान करते हैं। आजाद नगर गुरसहायगंज में नवनिर्मित स्वीमिंग पूल को कामरान बनवा रहे हैं। इस जांच आख्या के आधार पर एसडीएम छिबरामऊ ने सभी को नोटिस जारी करते हुए बंद कराने के निर्देश जारी किए हैं।

एसडीएम तिर्वा ने अपना वाटर पार्क चंदियापुर, जिनि वाटर पार्क चंदियापुर, द्वारिका वाटर पार्क दौलीखाती, ब्लू स्काई वाटर पार्क बरुआहार को बंद कराए हैं। इन सभी स्विमिंग पूल मानक के अनुरूप नहीं बने पाए गए और न ही इनके पास कोई विशेषज्ञ कोच व लाइफ सेवर और सेफ्टी उपकरण मिले हैं।

# साथी के पकड़े जाने पर सफाई कर्मियों ने कोतवाली घेरी

जन एक्सप्रेस | कन्नौज

**गुरसहायगंज।** अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर गए सफाई कर्मियों का नेतृत्व करने वाले को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इससे नाराज सफाई कर्मियों ने कोतवाली पहुंचकर घेराव किया। कुछ ही देर बाद हिरासत में लिए गए युवक को पुलिस ने छोड़ दिया।

आर्यन ग्रुप के अधीन सफाई कार्य में लगे हुए करीब 100 कर्मचारियों ने 10 सूत्री मांगों को पूरा न होने पर गुरुवार से हड़ताल शुरू की थी। वार्ता में कोई नतीजा न निकलने पर सफाई कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी थी। शुक्रवार सुबह से ही तमाम सफाई कर्मचारी चौराहे पर एकत्र हो गए।

इस दौरान कुछ कर्मचारियों ने जब सफाई का काम शुरू किया तो हड़ताल करने वालों ने उनकी झाडू छीनकर उन्हें वापस कर दिया। जानकारी होने पर कस्बा चौकी प्रभारी रोबिन सिंह पुलिस बल के साथ चौराहे पर पहुंचे और हड़ताल कर रहे कर्मचारियों की अगुवाई कर रहे शिव वाल्मीकि को हिरासत में लेते हुए कोतवाली ले गए।

इससे नाराज सफाई कर्मियों ने कोतवाली का घेराव कर नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने उन्हें सिर्फ नगर पालिका में प्रदर्शन करने की चेतावनी देकर पकड़े गए युवक को छोड़ दिया।

ईओ ने बताया कि सफाई कर्मचारियों के बीच वार्ता हुई और उनकी जायज मांगे मान ली गईं।

इसके बाद उन्होंने हड़ताल समाप्त कर दी है।

# सरिया लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, एक की मौत, दो ने कूद कर बचाई जान

जन एक्सप्रेस | कन्नौज

छिबरामऊ। सरिया लादकर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली नेशनल हाईवे पर कांशीराम कालोनी के सामने पलट गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि ट्रॉली में बैठे लोगों ने कूदकर जान बचाई।

छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र ग्राम चिलमिलैया निवासी उपेंद्र राजपूत (40) पुत्र विश्राम सिंह के घर पर निर्माण चल रहा है। वह अपने भांजे दीपक व गांव के सुशील के साथ कांशराम कालोनी के पास से 28 कुंतल सरिया खरीदकर टॉली में लदवाकर लौट रहा था। ट्रैक्टर को गांव का ही सचिन पुत्र राकेश चला रहा था।

गांव लौटते समय कांशीराम कालोनी के सामने नेशनल हाईवे पर बने स्पीड ब्रेकर पर ओवरलोड ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। दीपक और सुशील ट्रॉली को पलटने से पहले ही कूद गए, जिससे उनके मामूली चोटें आईं। जबकि उपेंद्र ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दब गया।

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपेंद्र को ट्रॉली के नीचे से निकलवाकर इलाज के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने उपेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

जबकि घायल सुशील व दीपक प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पत्नी राजकुमारी, पुत्र आशू, आशीष व बेटी लाली का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल सचिन सिंह ने बताया कि शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

## सड़क हादसे का मुकदमा दर्ज

थाना क्षेत्र के भौराजपुर गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र भारत सिंह ने बताया कि 22 जून को भाई सत्यनारायन गंगा स्नान कर घर लौट रहा था। रास्ते में मलपुरा गांव के सामने ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। सिर में चोट लगने से सत्यनारायन गंभीर रूप से घायल हो गया। सौ शैया अस्पताल से उसे कानपुर के लिए रेफर किया गया था। वहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा दर्ज किया है।

# जहरीले कीड़े के काटने से छात्र की मौत

जन एक्सप्रेस | कन्नौज

**तालग्राम।** तालग्राम थाना क्षेत्र के अतरौली गांव निवासी राजेश कुमार शाक्य खेती किसानी करते हैं। उनका पुत्र आर्यन (13) गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र था। गुरुवार को को शाम अपने स्कूल जाने की तैयारियों में लगा रहा। पिता ने बताया रात में सोते समय किसी समय जहरीले कीड़े ने आर्यन को काट लिया। हालत बिगड़ी पर रात में ही तालग्राम एक निजी चिकित्सक के पास लेकर गए। जहां आराम न होने पर शुक्रवार सुबह को सौ शैय्या अस्पताल छिबरामऊ भर्ती कराया। इलाज से फायदा न होने और हालात गंभीर हो जाने पर डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। फर्रुखाबाद लेकर जा रहा था रास्ते में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी एक पुत्री की बीमारी से मौत हो चुकी है।

## बारिश के बाद फिर बढ़ने लगा तापमान का ग्राफ

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। इसी हफ्ते लगातार हुई बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया था। लगातार तीन दिनों तक अलग-अलग समय पर हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई थी, लेकिन अब फिर से मौसम अपने तेवर दिखाने लगा है। शुक्रवार को फिर से तापमान का का ग्राफ बढ़ गया। पूरे दिन उमस भरी गर्मी से लोग बेचैन रहे। दिन में कई बार बादल छाए पर बारिश नहीं हुई। मानसून की फुहार का सभी को इंतजार हैं। ऐसे समय में बारिश की बूंदों की जगह आसमान से सूरज के तेवर से लोग परेशान हैं। पिछले दो दिनों से सूरज के तेवरों के साथ उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। आसमान की ओर हर कोई निगाह लगाए है। दोपहर से पहले ही तपिश से लोग बेहाल रहे हैं। बारिश की उम्मीद लगाए लोगों को रिमझिम बूंदों के बजाए धूप से जूझना पड़ रहा है। शुक्रवार को जहां अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.2 दर्ज किया गया। उमस में लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। मानसून के साथ लोग अब झमाझम बारिश की राह ताक रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र यादव ने बताया कि अगले 48 घंटे में बारिश होने के आसार हैं। किसान अपनी मक्का और मूंगफली की फसल को सुरक्षित कर लें। बिजली कटौती से मुसीबत एक तो उमस भरी गर्मी ऊपर से बिजली की कटौती ने लोगों को परेशान कर रखा है। गर्मी के मौसम में पॉवर कॉरपोरेशन बिजली सप्लाई को बेहतर बनाने में बेहाल है। रोजाना हो रही कटौती और ट्रिपिंग से सप्लाई बाधित हो रही है।

## दुष्कर्म की आशंका के चलते स्लाइड की गई सुरक्षित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। यशोदा नगर में बुधवार दोपहर जेठ ने बहू की रस्सी से गला घोंटकर हत्या की थी। इसके बाद उसने खुदकुशी की थी। इस बात का खुलासा गुरुवार को पोस्टमार्टम में हुआ है। दुष्कर्म की आशंका के चलते बहू की स्लाइड भी सुरक्षित की गई है। शाम को पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शवों का भैंरोघाट पर अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान छोटा भाई बड़े की चिता के सामने रोता रहा। सेन पश्चिम पारा के यशोदानगर निवासी ऑटो चालक अशोक कुमार गुप्ता की पत्नी मीनू (25) की हत्या बुधवार सुबह उसके बड़े भाई (जेठ) कुलदीप (45) ने की थी। हत्या के बाद कुलदीप ने भी फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। वारदात के वक्त मकान में जेठ व बहू के अलावा कोई नहीं था। दोपहर में जब अशोक वैष्णो देवी से लौटा, तो पुलिस को घटना की जानकारी हुई। घटना के पीछे पारिवारिक कलह की बात सामने आई है।

# मानसून की पहली ही बारिश से तबाही
# पहली बरसात ने ही खोल दी प्रशासन की पोल

## * भूस्खलन से मलबे में दबे आठ वाहनो को नुकसान

जन एक्सप्रेस । शिमला

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में बारिश का कहर देखने को मिला। शिमला के चमियाणा में मलबे में वाहन दब गए। पहली बरसात ने ही प्रशासन की पोल खोलकर रख दी है। वहीं भट्टाकुफर में भूस्खलन से सड़क किनारे पार्क एक कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मिनी कुफ्टाधार का रास्ता मलबा आने से नाले में तब्दील हो गया।

हिमाचल प्रदेश में दक्षिण पश्चिम मानसून ने प्रवेश करते ही तबाही मचाई है। इस बार पिछले साल के मुकाबले देरी से पहुंचे मानसून की पहली ही बारिश से शिमला में जगह-जगह भूस्खलन, मलबा आने से व्यापक नुकसान हुआ है। करीब आठ गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है। शहर के मल्याणा, चमियाना, भट्टाकुफर, मिनी कुफ्टाधार सहित अन्य स्थानों पर भारी नुकसान हुआ है। चमियाना में नाले के पास खड़ी तीन गाड़ियां मलबे में दब गईं। वहीं मल्याणा में पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टानें सड़क किनारे पार्क चार गाड़ियों पर गिर गईं। इससे दो गाड़ियां चकनाचूर हो गईं। भट्टाकुफर में भूस्खलन से सड़क किनारे पार्क एक कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मिनी कुफ्ताधार का रास्ता मलबा आने से नाले में तब्दील हो गया।

शहर की ईदगाह कॉलोनी में भी नुकसान हुआ है। डंगा गिरने से रास्ता बंद हो गया है। पगोग सड़क पर आए पत्थर और मलबा आने से आवाजाही प्रभावित रही। वहीं, जुन्गा रोड पर बारिश का पानी घरों में घुस गया। खलीनी में भी भूस्खलन हुआ है। विभाग के अनुसार बीती रात को शिमला में भारी बारिश व जुब्बड़हट्टी में बहुत भारी बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार दोपहर बाद फिर झमाझम बारिश शुरू हुई।





### बीती रात झमाझम बरसे बादल

गुरुवार रात को जुब्बड़हट्टी में 136.0, शिमला 84.0, गोहर 42.0, मशोबरा 38.0, सलापड़ 34.6, कुफरी 24.2, बिलासपुर 22.0, घागस 18.8, करसोग 18.2, काहू 16.0 और 12.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। देर रात हुई बारिश से गिरि में भी गाद आने से आपूर्ति घटी है। हालांकि ग्रामीण इलाकों में सूखे से बंद पड़ी पेयजल योजनाओं में फिर आपूर्ति शुरू होने से राहत मिली है। कुनिहार-नालागढ़ मार्ग गुरुवार देर रात हुई भारी बारिश से बंद हो गया । एक बार फिर से गंबर पुल के पास काफी मात्रा में मलबा आया है। वहीं पुल को भी खतरा हो गया है। तीन दिन पहले यहीं पर बादल फटने से काफी नुकसान हुआ था। फिलहाल लोक निर्माण विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। सड़क को खोलने का काम जारी है।

### 24 फीसदी सामान्य से अधिक बारिश हुई थी वर्ष 2023 में

वर्ष 2023 के दौरान मानसून सीजन ने कहर बरपाया था। प्रदेश के इतिहास में बीते वर्ष पहली बार सामान्य से 24 फीसदी अधिक बारिश होने से बाढ़ और बादल फटने की घटनाएं हुई। करीब 500 लोगों की मौत हुई थी। 15 हजार लोग बेघर हुए थे। इस दौरान प्रदेश में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ था।

### मानूसन कब आया और कब गया

| | | |
|---|---|---|
| 2012 | 27 जून | 29 सितंबर |
| 2013 | 15 जून | 19 सितंबर |
| 2014 | 1 जुलाई | 5 अक्तूबर |
| 2015 | 24 जून | 29 सितंबर |
| 2016 | 21 जून | 5 अक्तूबर |
| 2017 | 1 जुलाइ | 30 सितंबर |
| 2018 | 27 जून | 1 अक्तूबर |
| 2019 | 2 जुलाई | 11अक्तूबर |
| 2020 | 24 जून | 30 सितंबर |
| 2021 | 13 जून | 10अक्तूबर |
| 2022 | 29 जून | 3 अक्तूबर |
| 2023 | 24 जून | 6 अक्तूबर |

### शिमला के इन जिलों में नहीं हुआ ज्यादा नुकसान

राजधानी शिमला के कृष्णानगर और रुलदूभट्टा में कोई ज्यादा नुकसान पहली बारिश में नहीं हुआ। हालांकि शहर के अन्य हिस्सों में सड़कों पर मलबा आने के कारण लोगों को पहली बरसात ही डराने लगी रही। शहर में मानसून की पहली बारिश में ही कैथू, छोटा शिमला में नाले हुए ब्लॉक आने जाने वाले लोगों के लिए परेशानी बन रही थी। बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन होने से रेलिंग भी गिरने की कगार पर पहुंच गई हैं।

### रेलिंग्स टूटने से स्कूली बच्चों पर मंडराया खतरा

रेलिंग्स टूटने के कारण स्कूली बच्चों के भी गिरने की आशंका बनी रहेगी। इसके कारण स्कूल आने में आई बाढ़ के कारण दबी लोगों की गाड़ियां। जागरण जाने वाले बच्चों को चोट लगने का खतरा उनके अभिभावकों को भी सताएगा। रात के समय आने वाले लोगों को गिरने का खतरा सता रहा है। ऐसी जगह को ठीक करने की मांग भी स्थानीय लोगों के समक्ष मांग उठाने लगे हैं। जिला प्रशासन ने आम लोगों से वाहन सुरक्षित तरीके से चलाने व चलाने वाले लोग फोन का उपयोग चलते समय न करें । ऐसा करने पर कोई भी घटना घटने की संभावना है । साथ ही सैलानियों से भी पहाडि़यों पर न जाने का आग्रह किया है।

### मल्याणा, चमियाणा भट्टाकुफर में मलबे से भारी नुकसान

शहर के मल्याणा, चमियाना, भट्टाकुफर, मिनी कुफ्टाधार सहित अन्य स्थानों पर भारी नुकसान हुआ है। चमियाना में नाले के पास खड़ी तीन गाड़ियां मलबे में दब गईं। मल्याणा में पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टानें सड़क किनारे पार्क चार गाड़ियों पर गिर गईं। इससे दो गाड़ियां चकनाचूर हो गईं। भट्टाकुफर में भूस्खलन से सड़क किनारे पार्क एक कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मिनी कुफ्टाधार का रास्ता मलबा आने से नाले में तब्दील हो गया। शहर की ईदगाह कालोनी में भी नुकसान हुआ है। डंगा गिरने से रास्ता बंद हो गया है। पगोग सड़क पर आए पत्थर और मलबा आने से आवाजाही प्रभावित रही। जुन्गा रोड पर बारिश का पानी घरों में घुस गया। खलीनी में भी भूस्खलन हुआ है।

### बरसात में नदी-नालों के नजदीक न जाएं: सीएम सुक्खू

वहीं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि बरसात के मौसम में नदी-नालों के नजदीक न जाएं। क्योंकि बादल फटने या भारी बारिश से अचानक जलस्तर बढ़ जाता है और बड़ा नुकसान होता है। इस संबंध में एहतियात बरतें। सरकार ने बरसात से निपटने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### सात दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से प्रदेश के कई भागों में आज से लगातार सात दिनों तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही अंधड़ चलने का अलर्ट है। विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान हिमाचल प्रदेश के शेष भागों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। 4 जुलाई तक बारिश का सिलसिला लगातार जारी रहने का पूर्वानुमान है। 28 जून से 1 जुलाई के बीच भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। विभाग के अनुसार अगले 72 घंटों में बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन में भारी बारिश की संभावना है। इस साल मानसून सामान्य रहने के आसार हैं। जिला प्रशासन ने नदी-नालों के समीप न जाने की दी हिदायत जारी की है। एचआरटीसी चालकों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। खड़ामुख-होली मार्ग पर सुहागा नामक स्थान के समीप सुबह करीब सात बजे भूस्खलन हो गया। इसके चलते वाहनों की आवाजाही थम गई। इस दौरान एक ट्रक गुजर रहा था। गनीमत यह रही कि ज्यादा मलबा ना गिरा अन्यथा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो सकता था।

### रिज पर फैल रहा है मलबा

रिज मैदान पर भी मलबा फैलने से निगम की तैयारियों पर पूरा पानी फेर दिया, हालांकि निगम लंबे समय से शहर में बरसात की तैयारियां कर रहा है। कुछ संवेदनशील स्थानों पर निगम के काम के बेहतर परिणाम मिले, लेकिन शहर के अन्य स्थानों पर मलबे ने लोगों को परेशान कर दिया। अब आने वाले दिनों में निगम को मलबा नालों में न फेंका जाए, इस दिशा में ध्यान देना होगा।

# ग्लोबल साउथ पर चीन की नजर: शी जिनपिंग



जन एक्सप्रेस । बीजिंग

ग्लोबल साउथ में अपना प्रभाव मजबूत करने के लिए चीन, भारत और अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। अब राष्ट्रपति जिनपिंग ने ग्लोबल साउथ के लिए अपनी पंचवर्षीय योजना के बारे में बताया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मौजूदा दौर के विवादों को खत्म करने के लिए पंचशील (शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांत) की महत्ता पर जोर दिया। दरअसल चीन इस समय अपने पड़ोसियों और दुनियाभर में अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ विवादों से जूझ रहा है। इसके अलावा चीन, पश्चिम के साथ तनातनी के बीच ग्लोबल साउथ देशों में अपने प्रभाव का विस्तार करने की कोशिश कर रहा है।

### बीआरआई परियोजना पर चीन का ध्यान

शी जिनपिंग ने पिछले वर्ष लगातार तीसरी बार चीन की सत्ता संभाली थी। इसके बाद उन्होंने अपनी बहुप्रतीक्षित बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) परियोजना की शुरुआत की। जिनपिंग का मानना है कि बीआरआई से वैश्विक मंच पर चीन का प्रभाव दिखेगा। बीआरआई के अंतर्गत चीन ने छोटे देशों में कई परियोजनाओं की शुरुआत की और बड़ी मात्रा में निवेश किया। हालांकि इसके बाद आरोप लगाए गए हैं कि चीन 'उधार की कूटनीति' पर काम कर रहा है क्योंकि कई देश बीजिंग से लिए हुए कर्ज को चुका नहीं पा रहे हैं। इसके अलावा चीन अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का भी सामना कर रहा है। शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों (पंचशील) की 70 वर्षगांठ पर आयोजित एक सम्मेलन में जिनपिंग कहा कि इन सिद्धातों के साथ ही चीन वैश्विक सुरक्षा पर नई सोच के साथ काम करेगा। आपको बता दें कि पंचशील समझौता चीन के तिब्बत वाले क्षेत्र और भारत के बीच आपसी संबंधों और व्यापार को लेकर हुआ था।

### ग्लोबल साउथ में प्रभाव मजबूत करने की कोशिश


बीते कुछ वर्षों से देखा जा रहा है कि एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के कुछ देशों (ग्लोबल साउथ) में अपना प्रभाव मजबूत करने के लिए चीन, भारत और अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। शी जिनपिंग का कहना है कि चीन वैश्विक दक्षिण अनुसंधान केंद्र (Global South Research Centre) की स्थापना करेगा। इसके साथ ही एक हजार लोगों को 'शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांत छात्रवृत्ति' प्रदान की जाएगी।

### रईसी की मौत के बाद खाली पड़े राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव

जन एक्सप्रेस। तेहरान। ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के लिए आज मतदान शुरू हो गया है। यहां अभी इसलिए चुनाव कराए जा रहे हैं क्योंकि पिछले महीने की 19 तारीख को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में देश के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत हो गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह ध्यान रखना उचित है कि तेहरान में शुक्रवार के चुनाव में 18 या उससे अधिक उम्र का कोई भी ईरानी मतदान कर सकता है। देश भर में मस्जिदों और स्कूलों सहित सार्वजनिक स्थानों पर 58,640 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदाताओं को मतदान केंद्र पर वोट डालने में सक्षम होने के लिए पहले एक आवेदन पूरा करना होगा और अपना राष्ट्रीय आईडी कार्ड प्रस्तुत करना होगा।

# पहली लड़ाई में बाइडन पर भारी पड़े ट्रंप





## * राष्ट्रपति की सेहत को लेकर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस । वॉशिंगटन

गुरुवार को लगभग 90 मिनट तक चली बहस के दौरान, राष्ट्रपति बाइडन और ट्रंप ने अर्थव्यवस्था, आव्रजन, विदेश नीति, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर बहस की।

नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की पहली बहस का गुरुवार को आयोजन किया गया। इस दौरान डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक दूसरे पर जमकर निशाना साधा। अब मीडिया चैनल के पोल में दावा किया गया है कि बहस देखने वाले अधिकतर लोगों ने माना है कि इस बहस में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति जो बाइडन पर भारी पड़े।

### सर्वेक्षण में बाइडन पर भारी पड़े ट्रंप

गुरुवार को लगभग 90 मिनट तक चली बहस के दौरान, राष्ट्रपति बाइडन और ट्रंप ने अर्थव्यवस्था, आव्रजन, विदेश नीति, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर बहस की। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को झूठा और अमेरिका के इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति कहा। पोल में कहा गया है कि बहस टीवी पर देखने वाले पंजीकृत 33 प्रतिशत लोगों में से 67 प्रतिशत ने माना कि पहली बहस में ट्रंप, बाइडन पर भारी पड़े। गौरतलब है कि बहस से पहले हुए सर्वेक्षण में भी ट्रंप को ही बाइडन से आगे बताया गया था। गुरुवार बहस देखने वालों में से 57 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें बाइडन की देश का नेतृत्व करने की क्षमता पर भरोसा नहीं है, वहीं 44 प्रतिशत ने ट्रंप की क्षमताओं पर शक जाहिर किया।

### यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप ने बाइडन को घेरा

अफगानिस्तान से सेना को वापस बुलाने के फैसले पर भी ट्रंप ने हमला बोला और कहा कि जिस दिन अफगानिस्तान से सेना को वापस बुलाया गया, वह हमारे इतिहास का सबसे शर्मनाक दिन था। ट्रंप ने कहा कि अगर मैं सेना को वापस बुलाता तो पूरे सम्मान, ताकत और शुचिता के साथ ही वहां से सैनिकों की वापसी होती। बहस के दौरान जो बाइडन ने कैपिटल हिल दंगे के लिए ट्रंप पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह व्यक्ति (ट्रंप) दोषी है। कैपिटल हिल हिंसा को रोकने के लिए इन्होंने कुछ नहीं किया। जिन लोगों ने कैपिटल हिल पर हमला किया, क्या ये उनकी निंदा करेंगे? इसके जवाब में ट्रंप ने कहा कि आपका बेटा एक दोषी है।

### बाइडन के स्वास्थ्य को लेकर उठे सवाल

बहस के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन की सेहत को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल पूरी बहस के दौरान जो बाइडन बोलने में लड़खड़ाते और संघर्ष करते नजर आए। वहीं ट्रंप पूरे जोश में दिखे। यही वजह है कि बहस के बाद बाइडन की उम्र संबंधी चिंताओं को लेकर चर्चा फिर से गर्म हो गई है। बाइडन बोलने के दौरान बार-बार लड़खड़ा रहे थे, बार-बार लाइनें दोहरा रहे थे।

# राहुल गांधी बोले, नीट पर चर्चा करवाएं प्रधानमंत्री

## * संसद में बेहोश हुईं कांग्रेस सांसद: स्ट्रेचर से बाहर लाई गईं, आरएमएल में भर्ती

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली

संसद सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार (28 जून) को नीट मुद्दे के चलते दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही। इस बीच नीट मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहीं कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम को चक्कर आ गया। उन्हें संसद से आरएमएल हॉस्पिटल ले जाया गया। उधर, लोकसभा में जाने से पहले राहुल गांधी ने कहा, मैं पीएम से रिक्वेस्ट करता हूं कि नीट मामले पर रिस्पेक्टफुली चर्चा करें। देश के युवा घबराए हुए हैं। उन्हें नहीं पता क्या होने वाला है। संसद से यह मैसेज जाना चाहिए कि सरकार और विपक्ष उनकी चिंताओं को लेकर एक साथ हैं। 24 जून से शुरू हुआ संसद का यह सत्र 3 जुलाई तक चलेगा। राज्य सभा में पीएम मोदी 3 जुलाई को चर्चा का जवाब दे सकते हैं।



### किरेन रिजिजू बोले- सदन न चलने देने की कांग्रेस की प्रवृत्ति ठीक नहीं

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा स्थगित होने पर कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने कहा, 卐सरकार की ओर से हमने साफ कर दिया है जो भी मुद्दा उठाया जाएगा, हम उस पर पूरी जानकारी देंगे। हम भरोसा दिलाते हैं कि सरकार हमेशा चर्चा के लिए तैयार है। लेकिन सदन की कार्यवाही को रोककर, सदन को चलने नहीं देने की कांग्रेस पार्टी की प्रवृत्ति ठीक नहीं है।मैं इसकी निंदा करता हूं। मैं अपील करता हूं कि ऐसा दोबारा न हो।卐

### विपक्ष ने राज्यसभा में वी वॉन्ट जस्टिस के नारे लगाए

सुधांशु त्रिवेदी के वक्तव्य के बीच विपक्ष ने वी वॉन्ट जस्टिस के नारे लगाना शुरू कर दिया है। इस बीच सुधांशु ने कहा कि यह चुनाव इस देश के लिए एक ऐतिहासिक चुनाव था। वे अपने तीसरी कोशिश में तीन अंकों का आंकड़ा पार नहीं कर सके। चुनाव के बाद, उनके चेहरों पर चमक देखें, उनकी आवाज की धमक देखें। ऐसा लगता है कि उन्होंने कोई बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। इसके पीछे का कारण वैसा ही है जैसे एक बच्चा जो टॉपर होता है, वह डिस्टिंक्शन मार्क्स की उम्मीद करता है लेकिन उसे फर्स्ट डिवीजन मार्क्स मिलते हैं। एक बच्चा जो बार-बार फेल होता है और ग्रेस मार्क्स पाकर पास हो जाता है, उसके चेहरे पर खुशी बेमिसाल होती है। हमारा विपक्ष दो बॉडीगार्ड के साथ फर्स्ट डिवीज़न हासिल करने की खुशी मना रहा है।

### धर्मेंद्र प्रधान बोले- सरकार हर तरह की चर्चा के लिए तैयार

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, सरकार हर तरह की चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन सब कुछ परंपरा और मर्यादा के भीतर होना चाहिए। जब कल राष्ट्रपति ने खुद अपने भाषण में परीक्षा के बारे में बात की, तो इससे सरकार की मंशा का पता चलता है कि हम किसी भी मुद्दे का सामना करने के लिए तैयार हैं। सरकार की जिम्मेदारी देश के युवाओं के प्रति है, देश के छात्रों के प्रति है। सरकार अपना पक्ष रखने के लिए तैयार है, फिर भ्रम क्या है? हम सख्त से सख्त कार्रवाई करने जा रहे हैं और सीबीआई सबको पकड़ने जा रही है, हम किसी को नहीं छोड़ेंगे। सुधार के लिए एक हाई लेवल कमेटी भी बनाई गई है, जल्द ही उन सभी परीक्षाओं की तारीख भी घोषित की जाएगी। मैं विपक्ष से भी अनुरोध करता हूं कि वे राजनीति से बाहर आएं और चर्चा में शामिल हों।

### खड़गे बोले- मैं चेयरमैन का ध्यान खींचने वेल में गया था

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह राज्यसभा के चेयरमैन जगदीप धनखड़ की गलती है। मैं उनका ध्यान खींचने के लिए अंदर गया था। लेकिन तब भी वे नहीं देख रहे थे। वे केवल सत्ता पक्ष को देख रहे थे। नियमानुसार उन्हें मेरी तरफ देखना चाहिए, लेकिन उन्होंने जानबूझकर मुझे अनदेखा करके मेरा अपमान किया। तो मेरे लिए क्या बचा था? मुझे या तो अंदर जाना होगा या बहुत जोर से चिल्लाना होगा। इतने बड़े घोटाले हुए हैं, नीट परीक्षा हुई है, पेपर लीक हुआ है, लाखों बच्चे परेशान हैं। इसलिए हमने एक चर्चा की मांग की। लेकिन उन्होंने इसे मौका ही नहीं दिया, इस पर ध्यान ही नहीं दिया और इसलिए हमें यह करना पड़ा। राज्यसभा में जेपी नड्डा की स्पीच के बीच लगातार नारेबाजी होती रही। उधर, सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह दिन भारतीय संसद के इतिहास में एक धब्बा बन गया है कि विपक्षी नेता खुद वेल में आ गए, जो पहले कभी नहीं हुआ। मैं व्यथित हूं, मैं हैरान हूं कि संसदीय परंपराएं इस हद तक गिर सकती हैं।

### राज्यसभा में बोले सुधांशु- जब भी वे (कांग्रेस) सत्ता में आए संविधान खतरे में था

राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- बात सिर्फ आपातकाल की नहीं है। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि जब भी वे सत्ता में आए, संविधान खतरे में था। जब राजीव गांधी सत्ता में आए, तो सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला दिया और वो फैसला शरिया के खिलाफ लग रहा था, तब इस देश की संसद ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रोक दिया और शरिया को संविधान से ऊपर रख दिया था राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा, सरकार का बचाव करने आए। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक पर जांच चल रही है। इसलिए संसद में इस पर बहस नहीं करनी चाहिए।

### कांग्रेस का आरोप-राहुल का माइक बंद किया गया

लोकसभा की कार्यवाही की शुरुआत तो हुई, लेकिन महज 15 मिनट बाद ही इसे 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जब राहुल गांधी सदन में अपनी बात रख रहे थे तो उनका माइक बंद कर दिया गया। इसके बाद कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर विपक्ष ने हंगामा कर दिया। जिसके बाद लोकसभा को सोमवार 1 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष नीट पर चर्चा की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया था। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि नियमों के मुताबिक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद के बीच स्थगन प्रस्ताव नहीं लाया जाता।

### रेणुका चौधरी बोलीं- एक महिला सांसद की जान की कोई कीमत नहीं

फूलो देवी के बेहोश होने के बाद भी सदन चलते रहने पर रेणुका चौधरी ने आरोप लगाया कि एक महिला सांसद की जान की कोई कीमत नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज राज्यसभा में ऐसी घटना हुई। एक महिला सांसद बेहोश हो गई और उनका बीपी लगभग स्ट्रोक के लेवल पर था। हमारे 12 सांसद उन्हे अस्पताल ले जा रहे हैं। सत्र अभी भी चल रहा है, क्या एक महिला सांसद की जान की कोई कीमत नहीं है? मैं इस व्यवहार से हैरान हूं।

### सीपीआई सांसद बोले- सरकार निर्दयी है

सीपीआई सांसद पी संतोष कुमार ने राज्यसभा की कार्यवाही जारी रहने की निंदा करते हुए कहा, हमारी एक सांसद फूलो देवी नेताम जो सुबह से ही नीट मुद्दे पर विरोध कर रही थीं, बेहोश हो गईं और उसके बाद भी कार्यवाही स्थगित नहीं की गई। यह दिखाता है कि यह सरकार कितनी निर्दयी है।

### धनखड़ बोले- नेता प्रतिपक्ष का व्यवहार मेरे लिए दुखदायी

कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर राज्यसभा के चेयरमैन धनखड़ बोले कि नेता प्रतिपक्ष ने सदन से बाहर जाकर विरोधाभासी बयान दिया। वे वेल में आए थे। धनखड़ ने कहा कि इस तरह का घटिया व्यवहार हर भारतीय को दुख पहुंचाता है और हमारी संस्था को शर्मसार करता है। पांच दशक से ज्यादा का अनुभव रखने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे को सदन में घुसते, अनियंत्रित व्यवहार करते और गलत सूचना फैलाते देखना मेरे लिए बहुत दुखद था। नेताओं को अनुकरणीय आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। यह हमारे लोकतंत्र को कलंकित और अपमानित करता है। व्यवस्था के रखवालों का ऐसा व्यवहार बहुत गंभीर है और मेरे लिए और भी अधिक दुखदायी है। इस बीच सांसद कविता पाटीदार ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी रखी।

### शारीरिक गतिविधि के अभाव में 1.8 अरब लोगों पर मंडरा रहा बीमारियों का खतरा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। WHO महानिदेशक डॉ. टैड्रॉस ऐडहेनॉम घेब्रेयेसस ने कहा कि ये निष्कर्ष, कैंसर और हृदय रोग में कमी लाने और शारीरिक गतिविधि में वृद्धि के जरिए मानसिक स्वास्थ्य व कल्याण को बेहतर बनाने के एक खोए हुए अवसर को रेखांकित विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि वयस्कों को प्रति सप्ताह 150 मिनट मध्यम-तीव्रता या 75 मिनट उच्च-तीव्रता वाली शारीरिक गतिविधि या इसके समान शारीरिक रूप से सक्रिय रहना होगा। शारीरिक सक्रियता न होने की वजह से वयस्कों के लिए गैर-संचारी बीमारियों, जैसे कि दिल का दौरा और स्ट्रोक, टाइप 2 मधुमेह, मनोभ्रंश, और स्तन व मलाशय कैंसर समेत अन्य बीमारियों की चपेट में आने का जोखिम बढ़ जाता है। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2010 और 2022 के दौरान, वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता के मामलों में करीब 5 प्रतिशत अंकों की वृद्धि हुई है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2030 तक निष्क्रियता का स्तर बढ़कर 35 प्रतिशत तक पहुंच जाने की संभावना है। मौजूदा रुझान बताते हैं कि फिलहाल 2030 तक शारीरिक निष्क्रियता को कम करने का वैश्विक लक्ष्य पहुंच से दूर है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)